Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 45
लखनऊ, सोमवार, 2 दिसम्बर 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

Established 1865

# पायनियर

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय 9

इतिहास की पुस्तकों के साथ छेड़छाड़ की गयी



# ब्रिक्स देशों को ट्रंप की धमकी

**वेस्ट पाम बीच। एजेंसी**



**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को ब्रिक्स देशों धमकी भरे लहजे में चेतावनी दी है कि अगर वे संयुक्त राज्य अमेरिका के डॉलर को कमजोर करने के लिए काम करते हैं तो वे समूह के सभी नौ देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे। उनकी यह चेतावनी तथाकथित ब्रिक्स के देशों को लेकर है, जिसमें भारत के साथ ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। तुर्की, अजरबैजान और मलेशिया ने सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है और कई अन्य देशों ने इसमें शामिल होने में रुचि दिखाई है। वैश्विक व्यापार में सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली मुद्रा अमेरिकी डॉलर ने पिछली चुनौतियों को पार करते हुए अपनी श्रेष्ठता को अभी तक कायम रखा है। गठबंधन के सदस्य और अन्य विकासशील देश वैश्विक वित्तीय प्रणाली पर अमेरिका के प्रभुत्व से आजिज आ चुके हैं।

आईएमएफ के अनुसार, डॉलर विश्व के विदेशी मुद्रा भंडार का लगभग 58 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है और तेल जैसी प्रमुख वस्तुओं की खरीद-बिक्री अभी भी मुख्य रूप से डॉलर में ही होती है। हालांकि, सकल घरेलू उत्पाद में ब्रिक्स गठबंधन की बढ़ती हिस्सेदारी और गैर-डॉलर मुद्राओं में व्यापार करने की मंशा रखते हैं। इस प्रक्रिया में डी-डॉलराइजेशन (डॉलर के कम उपयोग) किया जाना है जिसके चलते डॉलर का प्रभुत्व खतरे में है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पोस्ट में कहा, इन देशों को वादा करना होगा कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा लाएंगे और न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर को बदलने के लिए किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें 100 फीसदी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। उन्हें अमेरिकी अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी से अलविदा कहने से बचना चाहिए।

अक्टूबर में हुए ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका पर डॉलर को हथियार बनाने का आरोप लगाते हुए इसे बड़ी गलती बताया था। पुतिन ने उस समय कहा था, वह डॉलर का उपयोग करने से इनकार करते हैं। लेकिन अगर अमेरिका हमें काम नहीं करने देता हैं, तो वह क्या कर सकते हैं। उन्हें विकल्प खोजने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। रूस ने विशेष रूप से एक नई भुगतान प्रणाली के निर्माण पर जोर दिया है जो वैश्विक बैंक संदेश नेटवर्क, स्विफ्ट का विकल्प प्रदान करेगी और मास्को को पश्चिमी प्रतिबंधों से बचने और भागीदारों के साथ व्यापार करने की अनुमति देगी। ट्रंप ने कहा कि ब्रिक्स द्वारा वैश्विक व्यापार में अमेरिकी डॉलर की जगह लेने की कोई संभावना नहीं है और कोई भी देश जो ऐसा करने की कोशिश करता है, उसे अमेरिका से अपने संबंध समाप्ति के लिए कह देना चाहिए। शोध से पता चलता है कि प्राथमिक वैश्विक आरक्षित मुद्रा के रूप में अमेरिकी डॉलर की भूमिका निकट भविष्य में खतरे में नहीं है। अटलांटिक काउंसिल मॉडल जो प्राथमिक वैश्विक आरक्षित मुद्रा के रूप में डॉलर की जगह का आकलन करता है। उसका कहना है कि डॉलर कम और मध्यम अवधि में सुरक्षित है और अन्य मुद्राओं पर अपना प्रभाव बनाए रखेगा।

ट्रंप की नवीनतम टैरिफ संबंधी चेतावनी तब आई है जब उन्होंने मैक्सिको और कनाडा से आयातित सभी चीजों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी, और चीन से आने वाले सामानों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत कर लगाया था, ताकि देशों को अमेरिका में अवैध आव्रजन और ड्रग्स के प्रवाह को रोकने के लिए और अधिक करने के लिए मजबूर किया जा सके। उसके बाद उन्होंने मैक्सिको के राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम से बात की, जिन्होंने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि अमेरिका के साथ टैरिफ युद्ध को टाला जा सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो शनिवार को ट्रंप से मुलाकात के बाद स्वदेश लौट आए, लेकिन उन्हें इस बात का आश्वासन नहीं मिला कि राष्ट्रपति-चुनाव कनाडा पर टैरिफ लगाने की धमकी से पीछे हटेंगे।

दूसरी ओर शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव यानी जीटीआरआई ने कहाकि ट्रंप की ब्रिक्स देशों को यह चेतावनी अवास्तविक है कि यदि ब्रिक्स समूह अमेरिकी डॉलर का स्थान लेगा तो वे 100 प्रतिशत सीमा शुल्क लगा देंगे। संस्थान ने कहा कि भारत को एक व्यावहारिक स्थानीय मुद्रा व्यापार प्रणाली विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहाकि भारत के लिए, विवेकपूर्ण दृष्टिकोण एक पारदर्शी और खुले मुद्रा विनिमय की स्थापना करके स्थानीय मुद्रा व्यापार को व्यावहारिक बनाने पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने कहा कि भारत का सर्वोत्तम हित न तो अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व में है और न ही इस समय ब्रिक्स मुद्रा को पूरी तरह अपनाने में है।

# महाराष्ट्र में महाभारत शुरू

**पायनियर समाचार सेवा। मुंबई**





**महाराष्ट्र के** निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी नए सीएम का फैसला करेगी। उन्होंने सरकार गठन को लेकर महायुति सहयोगियों के बीच मतभेदों को खारिज करते हुए अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। ऐसी अटकले हैं कि शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे को उपमुख्यमंत्री का पद मिल सकता है और शिवसेना गृह विभाग चाहती है, शिंदे ने कहा कि महायुति सहयोगी, भाजपा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना आम सहमति से सरकार बनाने का फैसला करेंगे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति द्वारा भारी जीत हासिल करने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद, जिसमें भाजपा 132 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, नई सरकार को अभी तक शपथ नहीं दिलाई गई है। भाजपा सावधानी से आगे बढ़ रही है क्योंकि उसके सहयोगियों, खासकर शिवसेना की महत्वाकांक्षाएं चुनाव में जीत के बाद बहुत अधिक हैं।

दिलचस्प बात यह है कि भाजपा विधायक दल की बैठक अभी तक नहीं हुई है, जिसमें पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का चुनाव किया जाएगा, जबकि शिवसेना और एनसीपी के सहयोगी दलों ने अपने-अपने नेता चुन लिए हैं। भाजपा ने घोषणा की है कि नई महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर की शाम को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शपथ ग्रहण में शामिल होंगे। भाजपा सूत्रों के अनुसार, दो बार मुख्यमंत्री रह चुके और पिछली एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विधायक दल की बैठक 3 या 4 दिसंबर को हो सकती है। गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि महायुति के घटक दल मिलकर तय करेंगे कि 5 दिसंबर को केवल मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ही शपथ लेंगे या मंत्रियों को भी शपथ दिलाई जाएगी। शिंदे शुक्रवार को सतारा जिले में अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो गए थे, ऐसी अटकलें थीं कि वे नई सरकार के कामकाज से खुश नहीं हैं। उन्हें अपने गांव में तेज बुखार हो गया था। मुंबई रवाना होने से पहले रविवार को अपने गांव में मीडिया से बातचीत में शिंदे ने कहा कि उन्होंने पहले ही भाजपा नेतृत्व द्वारा लिए गए सीएम पद के फैसले के बारे में बात की है जो उन्हें और शिवसेना को स्वीकार्य होगा और मेरा पूरा समर्थन होगा।

इस अटकल पर कि उनके बेटे और लोकसभा सदस्य श्रीकांत शिंदे को नई सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा और क्या शिवसेना ने गृह विभाग के लिए दावा पेश किया है, शिंदे ने जवाब दिया, बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा, पिछले हफ्ते दिल्ली में (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह के साथ एक बैठक हुई थी और अब हम तीनों गठबंधन सहयोगी सरकार गठन की बारीकियों पर चर्चा करेंगे। शिंदे के स्वास्थ्य के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने शिवसेना नेता ने कहा कि वह अब ठीक हैं और थोड़ा आराम करने के लिए अपने पैतृक गांव आए हैं। वह हमेशा अपने गांव आते हैं। जब मैंने पिछले हफ्ते अपना रुख स्पष्ट कर दिया है तो कोई भ्रम क्यों होना चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता रावसाहेब दानवे ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री का नाम तय हो गया है और पार्टी नेतृत्व की ओर से पुष्टि का इंतजार है। एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री भाजपा से होगा, जबकि शिंदे की अगुआई में एनसीपी और शिवसेना से उपमुख्यमंत्री होंगे। इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के एक सप्ताह से अधिक समय बाद भी महायुति द्वारा मुख्यमंत्री पर फैसला नहीं ले पाना और सरकार न बना पाना महाराष्ट्र का अपमान है। ठाकरे ने यह भी जानना चाहा कि राज्य में अभी तक राष्ट्रपति शासन क्यों नहीं लगाया गया है। महायुति के सबसे बड़े घटक दल भाजपा पर निशाना साधते हुए ठाकरे ने दावा किया कि सरकार बनाने का दावा किए बिना ही शपथ ग्रहण की तारीख एक तरफा घोषित करना पूरी तरह अराजकता है।

# दिल्ली में आप और कांग्रेस बने धुर प्रतिद्वंद्वी

**राजेश कुमार। नई दिल्ली**





**दिल्ली कांग्रेस के** अध्यक्ष देवेंद्र यादव के पार्टी के अकेले विधानसभा चुनाव लड़ने के संकेत दिए जाने के एक दिन बाद, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को ऐलान किया कि उनकी पार्टी फरवरी में होने वाले आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करेगी। आप प्रमुख का यह बयान ऐसे समय है जब दोनों पार्टियां विपक्षी दल इंडिया गुट का हिस्सा हैं और इस साल की शुरुआत में दिल्ली में एक साथ लोकसभा चुनाव लड़ चुकी हैं। हालांकि, उनके गठबंधन का कोई प्रभाव भाजपा पर नहीं पड़ा था। भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी की सभी सातों लोकसभा सीटों पर जीत का परचम लहराया था। संवाददाता सम्मेलन में मीडिया के एक सवाल के जवाब में केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि दिल्ली में कोई गठबंधन नहीं होगा। केजरीवाल के ऐलान कि बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। जिसमें आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भाजपा सत्ता में वापसी के लिए जोर आजमाइश करेंगी। केजरीवाल का यह फैसला इस महीने महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी की करारी हार के बाद आया है, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है, जिसकी उसके सहयोगी दलों ने आलोचना की है। इंडिया गुट ने लचीला रुख अपनाया है, कुछ राज्यों में मिलकर चुनाव लड़ रहा है जबकि अन्य में अकेले चुनाव लड़ रहा है।

आम आदमी पार्टी के सूत्रों का कहना है कि मुस्लिम आप के पक्ष में मतदान करेंगे क्योंकि उनके पास कोई विकल्प नहीं है। इसी तरह अनुसूचित जाति के मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा आप को वोट देगा। अपने वोट बैंक को और मजबूत करने के लिए आप ने कांग्रेस के दिग्गजों को हालफिलहाल में पार्टी में शामिल किया है। इसके अलावा, आप की रणनीति यहां कांग्रेस के वोट बैंक पर केंद्रित है। आप और कांग्रेस ने अक्टूबर में हरियाणा विधानसभा चुनावों से पहले गठबंधन बनाने का भी प्रयास किया था, लेकिन कई दौर की बातचीत के बावजूद सीट बंटवारे पर सहमति नहीं बन पाई थी। कांग्रेस और आप ने इस साल दिल्ली में इंडिया गुट के तहत एक-दूसरे के साथ गठबंधन करके लोकसभा चुनाव लड़ा था। दोनों पार्टियों ने एक-दूसरे के लिए प्रचार भी किया था। उस समय चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत पर बाहर आए केजरीवाल ने कांग्रेस के लिए भी प्रचार किया था और विपक्षी पार्टी के लिए वोट मांगे थे।

आप ने दिल्ली की सातों संसदीय सीटों में से चार सीटों पर चुनाव लड़ा था, जबकि कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा था। हालांकि, दोनों में से कोई भी पार्टी अपना खाता नहीं खोल पाई, क्योंकि भाजपा ने शहर की सभी सात सीटों पर जीत हासिल की। हालांकि, दिल्ली के विपरीत, आप ने पंजाब में कांग्रेस को पिछे छोड़ते हुए सभी 13 लोकसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ा था। आप पंजाब में भारी बहुमत के साथ सत्ता में है। पंजाब में वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों में, केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करते हुए 117 में से 92 सीटें जीतकर राज्य में जीत हासिल की थी। केजरीवाल की बड़ी घोषणा के बाद, भाजपा ने आप और कांग्रेस पर तंज कसा और राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता पर सवाल खड़े किए। लोकसभा चुनावों में, उनका रिश्ता हम साथ-साथ हैं था। आज, वह रिश्ता बदलकर हम आपके हैं कौन हो गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि इंडिया गुट में कोई मिशन या विजन नहीं है, उन्हें केवल पद की भूख है। वे राज्यों में लड़ते हैं और दिल्ली में एकजुटता दिखाते हैं। इंडिया गुट की यही स्थिति हर जगह है, लेकिन वे दिल्ली में दोस्ती दिखाते हैं। कांग्रेस के आंतरिक आकलन से पता चलता है कि इसके वोट शेयर में संभावित तीन गुना वृद्धि हुई है। पिछले विधानसभा चुनाव में आप ने 63 सीटें जीती थीं, जिनमें से 49 सीटें 50 फीसदी से ज्यादा वोटों के साथ जीती थीं, जबकि सिर्फ 14 सीटें ऐसी थीं, जहां जीत का अंतर 50 प्रतिशत से कम था। इन 14 सीटों में से भी पार्टी ने 9 सीटें 49 फीसदी से ज्यादा वोटों के साथ जीतीं। दिल्ली की 11 विधानसभा सीटों के लिए आम आदमी पार्टी द्वारा उम्मीदवारों के शुरुआती चयन के बाद, पार्टी प्रमुख अरविंद (शेष पृष्ठ 9)

# बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास की जमानत पर सुनवाई 3 को



**एजेंसी। ढाका**

**बांग्लादेश की** एक अदालत ने पिछले सप्ताह राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की जमानत पर सुनवाई के लिए तीन दिसंबर की तारीख तय की है। मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त मोफिज-उर-रहमान के अनुसार, मंगलवार की सुनवाई मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश मोहम्मद सैफ-उल-इस्लाम द्वारा की जाएगी। चटगांव की अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि सुनवाई की तारीख पहले ही तय कर दी गई थी, लेकिन बुधवार और बृहस्पतिवार को वकीलों की हड़ताल के कारण घोषणा में देरी हुई। बीडीन्यूज24 डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई तीन दिसंबर को होगी। बांग्लादेश सम्मिलित सनातनी जागरण जोत के प्रवक्ता दास को सोमवार को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मंगलवार को चटगांव की एक अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया और जेल भेज दिया, जिसके बाद उनके समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव में एक वकील की गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा में मौत हो गई। दास सहित 19 लोगों के खिलाफ चटगांव के कोतवाली थाने में 30 अक्टूबर को राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया था, जिसमें उन पर हिंदू समुदाय की एक रैली के दौरान चटगांव के न्यू मार्केट क्षेत्र में बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप लगाया गया था। बांग्लादेश के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) से जुड़े 17 लोगों के बैंक खातों से लेन-देन पर 30 दिनों के लिए रोक लगाने का आदेश दिया, जिनमें इसके पूर्व सदस्य दास भी शामिल हैं। वहीं वैध यात्रा दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे अंतरराष्ट्रीय कृष्ण (शेष पृष्ठ 9)



# वक्फ से मांगा संपत्ति का ब्यौरा

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**वक्फ (संशोधन)** विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति ने विभिन्न राज्य सरकारों से उन वक्फ संपत्तियों की सत्यता और अद्यतन विवरण के बारे में जानकारी मांगी है, जिन पर सच्चर समिति के अनुसार उन्होंने अनधिकृत तरीके से कब्जा कर रखा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। संसदीय समिति जिसका कार्यकाल लोकसभा द्वारा अगले बजट सत्र के अंतिम दिन तक बढ़ा दिया गया है। समिति ने राज्यों से वक्फ अधिनियम की धारा 40 का इस्तेमाल करते हुए वक्फ बोर्डों द्वारा दावा की गई संपत्तियों का विवरण भी मांगा है। धारा 40, जो 2013 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल के दौरान किया गया संशोधन है, मौजूदा कानून के सबसे विवादित तथ्यों में से एक है क्योंकि इसने वक्फ बोर्डों को यह निर्णय लेने की शक्ति दी है कि कोई संपत्ति वक्फ की है या नहीं।

प्रस्तावित कानून, जिसे धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने के अपने कथित प्रयासों के लिए विपक्षी दलों और विभिन्न मुस्लिम समूहों से आलोचना का सामना करना पड़ा है, ने मौजूदा अधिनियम में कई अन्य बदलाव करते हुए इस शक्ति को रोकने की मांग की है। सूत्रों ने बताया कि संसदीय समिति ने सच्चर समिति द्वारा उन वक्फ संपत्तियों के बारे में उठाए गए बिंदुओं पर अपडेट प्राप्त करने का निर्णय लिया है, जिन पर कथित रूप से राज्य सरकारों या उनकी आधिकारिक एजेंसियों का अनाधिकृत कब्जा है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (शेष पृष्ठ 9)

# एलजी का वादा, दिल्ली बनेगी नशामुक्त, निर्देशों का कठोरता से पालन करने के निर्देश

**सौम्या शुक्ला। नई दिल्ली**



**राष्ट्रीय राजधानी** में अवैध ड्रग्स के चलन में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसकी बानगी 2024 में दिल्ली में अब तक कोकीन की जब्ती में 6,000 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी के रूप में देखी गई है, जबकि 2023 की तुलना में चरस में 7,000 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी देखने को मिली, जो शहर में ड्रग तस्करों की बढ़ती गतिशीलता को दर्शाता है। चालू वर्ष के दौरान 15 नवंबर तक, दिल्ली पुलिस ने 1,121 एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985,) मामलों में 1,520 नार्को-अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस अवधि में पुलिस ने करीब 1293.3 किलोग्राम कोकीन बरामद की है, जिसमें हाल ही में अक्टूबर में 7,000 करोड़ रुपये की कोकीन की बड़ी जब्ती भी शामिल है। जबकि 2023 में 21.14 किलोग्राम ड्रग्स बरामद की गई थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 2023 में केवल 0.684 किलोग्राम चरस बरामद की गई थी, जबकि इस साल 15 नवंबर तक पुलिस ने 50.5 किलोग्राम चरस जब्त की है। इसके अलावा 73.3 किलोग्राम हेरोइन, 4257.3 किलोग्राम गांजा, 103.7 किलोग्राम अफीम और 80.5 किलोग्राम पोस्ता भी बरामद किया गया है। दिल्ली में ड्रग्स की बढ़ती मांग को देखते हुए और लोगों को इस जाल में फंसने से बचाने के लिए दिल्ली पुलिस ने रविवार को शहर से तीन साल के भीतर ड्रग्स को खत्म करने के उद्देश्य से 'पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर एक महीने का व्यापक अभियान' शुरू किया। अभियान के तहत, दिल्ली पुलिस ने रविवार को 3 करोड़ रुपये की चरस बरामद करने और डार्क वेब, क्रिप्टोकरेंसी और फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर देश में करोड़ों रुपये की ड्रग्स की तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट को उसके मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी के साथ ध्वस्त करने का दावा किया। शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों के पहले मामले में, दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने चरस की आपूर्ति करने वाले एक नार्को-सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया और नेपाल के तीन नागरिकों सहित पांच प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया। यह सिंडिकेट नेपाल और हिमाचल प्रदेश के कसोल से दिल्ली-एनसीआर में ड्रग्स की आपूर्ति करने में लिप्त था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि 20 नवंबर को मजनू का टीला इलाके में एक नेपाली नागरिक द्वारा स्थानीय ड्रग तस्कर मोहम्मद जमील को चरस की आपूर्ति के बारे में सूचना मिली थी। तदनुसार, एक छापा मारा गया और 32 वर्षीय प्रेम थापा और 35 वर्षीय मोहम्मद जमील नामक दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि वे एक होटल में चरस का कारोबार कर रहे थे और उनके पास से एनडीपीएस अधिनियम के तहत वाणिज्यिक मात्रा के रूप में वर्गीकृत 1192 ग्राम चरस बरामद की गई। जांच में गंगा सहित तीन और तस्करों की गिरफ्तारी हुई, जो संगम विहार, वजीराबाद में चरस की आपूर्ति में लिप्त थी। उसे 712 ग्राम चरस के साथ पकड़ा गया और बाद में उसके घर के बेडरूम से 13.766 किलोग्राम चरस बरामद की गई। अंकित बुद्ध उर्फ ठाकरे को भी गिरफ्तार किया गया, जिसे हिमाचल प्रदेश के कसोल से गिरफ्तार किया गया और वह मुख्य स्रोत है जो प्रेम थापा को चरस उपलब्ध कराता था। पुलिस ने प्रदीप कुमार को भी गिरफ्तार किया, जो प्रेम थापा से चरस खरीदता था और इसे फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के नशेड़ियों को सप्लाई करता था। दूसरे मामले में पुलिस ने शुक्रवार को मास्टरमाइंड लोकेश ढींगरा को गिरफ्तार किया, जिसके गिरोह ने तीन महीने में 20-25 करोड़ रुपये की कीमत का 48 किलो मारिजुआना आयात किया, ताकि तस्करी की वाणिज्यिक मात्रा का पता न चल सके। पुलिस के अनुसार, अवैध रूप से अर्जित 1.5 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की गई। 18 अक्टूबर को आरके पुरम डाकघर (शेष पृष्ठ 9)

# जीएसटी संग्रह से बढ़ा सरकार का खजाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**घरेलू** लेनदेन से अधिक राजस्व मिलने से नवंबर में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, केंद्रीय जीएसटी संग्रह 34,141 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी 43,047 करोड़ रुपए, एकीकृत आईजीएसटी 91,828 करोड़ रुपए और उपकर 13,253 करोड़ रुपए रहा। नवंबर में कुल सकल जीएसटी राजस्व 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1.68 लाख करोड़ रुपए था। अक्टूबर में 1.87 लाख करोड़ रुपए का (शेष पृष्ठ 9)

# नहीं होने देंगे किसी के भी साथ अन्यायः मुख्यमंत्री

● हर पीड़ित की समस्या का समाधान करने को तत्पर और प्रतिबद्ध है सरकारः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर



गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। सबकी समस्या सुनकर सीएम ने कहा कि वह किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देंगे। हर पीड़ित की समस्या का निराकरण किया जाएगा, सबको न्याय मिलेगा। इसे लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी की समस्या का शीघ्रता से गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।

जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। लोगों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए तत्पर और प्रतिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाएं और उनकी समस्याओं का समाधान कर उसे संतुष्ट करें। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जमीनी विवाद की शिकायतों पर सीएम योगी ने कहा कि यदि विवाद पारिवारिक हो तो संबंधित पक्षों के बीच वार्ता कराई जाए और बात न बनने पर विधिक कार्यवाही की जाए। यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे।

सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण कराकर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों के साथ मंदिर आए बच्चों को प्यार, दुलार और आशीर्वाद दिया। बच्चों को अपने पास बुलाकर उनसे बातचीत की। नाम पूछने के साथ हंसी ठिठोली की। उनसे पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को सीएम ने चॉकलेट गिफ्ट कर विदा किया।

# सामाजिक समता का प्रतीक है सामूहिक विवाहः मुख्यमंत्री

● अब तक सात 3 लाख 84 हजार शादियां करा चुकी सरकारः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग की तरफ से होने वाला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक तरफ सामाजिक समता का प्रतीक हैं तो वहीं दूसरी तरफ यह समाज की बड़ी विकृति दहेज प्रथा पर प्रहार भी है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा का कोई बंधन नहीं है। हिंदू, मुस्लिम या अन्य मतावलंबी, सभी अपनी-अपनी परंपरा के अनुरूप विवाह के पवित्र बंधन में जुड़ रहे हैं। साथ ही यह कार्यक्रम दहेज, बाल विवाह और अशपृश्यता के खिलाफ सरकार द्वारा शुरू की गई एक लड़ाई और अभियान भी है। सीएम योगी रविवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के परिसर में 1200 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कई बार दहेज के कारण योग्य कन्याएं विवाह बंधन से नहीं जुड़ पाती थीं, ऐसे में सामूहिक विवाह कार्यक्रम से जुड़ने वाले सभी युवक-युवतियों ने दहेज न ले-दे कर समाज में आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक सात साल में 3 लाख 84 हजार शादियां करा चुकी है। यह सत्र संपन्न होने पर यह संख्या 4 लाख से अधिक हो चुकी होगी। सीएम योगी ने कहा कि गरीब बेटियों को दहेज के भेड़ियों से बचाने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के कार्यक्रम हर जिले में हो रहे हैं। सरकार की मंशा है कि कोई बेटी दहेज के कारण अनव्याही न रहे। इसके लिए ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम को अभियान रूप में चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो अच्छे कार्य होते हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अच्छे कार्यों की श्रृंखला खड़ी कर दी। महिलाओं के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजना चलाई, नारी गरिमा की रक्षा के लिए गांव-गांव, घर-घर व्यक्तिगत शौचालय बनवाए। मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिए, मुफ्त राशन और जिनके पास आवास नहीं तेज़ उन्हें आवास दिए।

बीमारी के उपचार के लिए पांच लाख रुपये तक के इलाज लिए आयुष्मान कार्ड दिए। जबकि पहले घरों में शौचालय न होने से नारी गरिमा पर आंच आती थी। लकड़ी और कोयले के धुएं से निकलने वाली खतरनाक गैस से महिलाओं की आंख और फेफड़े खराब होते थे। आज हर घर सिलेंडर होने से यह दिक्कत दूर हो ही गई है, साथ ही सरकार दिवाली और होली में मुफ्त सिलेंडर दे रही है। सीएम ने कहा कि सरकार हर तबके को लाभान्वित कर रही है। श्रमिकों के बच्चों की मुफ्त शिक्षा के लिए अटल आवासीय विद्यालय चल रहे हैं, निराश्रित, दिव्यांगजन आदि 1 करोड़ लोगों को 12 हजार रुपये सालाना पेंशन दिया जा रहा है। कन्या सुमंगला योजना के तहत 20 लाख बेटियों के स्वावलंबन के लिए 25 हजार रुपये का पैकेज दिया गया है।

सीएम योगी ने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को एक ऐसा उत्सव बताया जिसमें मुख्यमंत्री खुद आए और साथ में कई जनप्रतिनिधि भी। उन्होंने कहा कि किसी एक शादी में उनके लिए समय निकाल पाना मुश्किल होता है लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व उत्सवी है जहां मुख्यमंत्री और कई जनप्रतिनिधि आए हैं। उन्होंने कहा कि आज विवाह बंधन में जुड़ने वाले युवा और उनके अभिभावक इसलिए भी भाग्यशाली हैं कि उनके विवाह का निमंत्रण स्वयं प्रशासन दे रहा है।

समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में 1200 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिंदू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके सुखमय और मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को उपहार-शगुन किट भेंट किया। उपहार देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया। मंच पर जोड़ों को आशीर्वाद देने के अलावा मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल के मुख्य मंडप में भी गए। मंडप की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ उन्होंने नवयुगलों और उनके अभिभावकों को विवाह की शुभकामनाएं दीं। मंडप में मुख्यमंत्री की नजर जब वहां बराती बनकर आए कुछ बच्चों पर पड़ी तो वह मुस्कुरा उठे। उन्होंने उन्हें आशीर्वाद के साथ चॉकलेट दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी और पिपराइच के विधायक महेंद्रपाल सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि भी उपस्थित रहे।

## यूपी के गौरव का सम्मान करेगी योगी सरकार

● तीन दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस पर होगा राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह

● सीएम के हाथों 19 लोगों को किया जाएगा सम्मानित

**लखनऊ।** योगी सरकार की तरफ से विश्व दिव्यांग दिवस (3 दिसंबर) को लोकभवन सभागार में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उद्देश्य दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका को प्रोत्साहित करना है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप की भी उपस्थिति रहेगी। 19 लोगों को सम्मानित किया जाएगा। उत्कृष्ट दिव्यांग व्यक्तियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों, स्वैच्छिक संगठनों और दिव्यांग खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस वर्ष वाराणसी जिले को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में सर्वश्रेष्ठ जिला चुना गया है। डीएम को सम्मानित किया जाएगा। सीडीओ मुरादाबाद सुमित यादव को बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। गैर-व्यावसायिक श्रेणी में डॉ. कौशिकी सिंह (लखनऊ) और व्यावसायिक श्रेणी में राम किशन गुप्ता (कानपुर नगर) को दिव्यांगजन के हित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी के रूप में संतबली चौधरी (गोरखपुर), अरुण कुमार अग्रवाल (लखनऊ) और गोपाल कृष्ण त्रिपाठी (कानपुर नगर) को सम्मानित किया जाएगा। पुनर्वास सेवाओं में योगदान के लिए नई सुबह संस्था (वाराणसी) और सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान के लिए जन विकास समिति (वाराणसी) को पुरस्कृत किया जाएगा। मानवेन्द्र प्रताप सिंह (लखनऊ), मुकेश मिश्रा (लखनऊ) और स्वामी प्रताप सिंह (आगरा) को सम्मानित किया जाएगा। सृजनशील दिव्यांग बालिका के रूप में कु. दिव्यांशी कसौधन (गोरखपुर) और सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी के रूप में महिला श्रेणी में कु. प्रगति केसरवानी (लखनऊ) व पुरुष श्रेणी में दीपेन्द्र सिंह (संभल) को पुरस्कृत किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ अधिकारी के रूप में लक्ष्मीशंकर जायसवाल, प्रधानाचार्य, स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इंटर कालेज (गोरखपुर) व सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी के रूप में प्रशांत कुमार, वरिष्ठ सहा., कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी (कानपुर नगर) को सम्मानित किया जाएगा।

# योगी सरकार ने साढ़े सात वर्ष में बीमारू प्रदेश को बनाया स्वस्थ्य प्रदेश

● 352 सीएचसी को एफआरयू सुविधा से किया गया लैस

● 800 से अधिक स्वास्थ्य इकाइयों को सौंपा गया एनक्यूएएस सर्टिफिकेट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार के पिछले साढ़े सात वर्षों के कार्यकल में प्रदेश में हेल्थ सेक्टर के इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर वर्क फोर्स समेत अन्य सुविधाओं में काफी इजाफा हुआ है। साथ ही वर्तमान में प्रदेशवासियों को सुगम, सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। सीएम योगी की मॉनीटरिंग का ही नतीजा है उत्तर प्रदेश, जो कभी %बीमारू प्रदेश% के नाम से जाना जाता था, आज स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वर्ष 2017 में सत्ता संभालने के बाद से, योगी सरकार ने प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लगातारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में 352 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) से अधिक को फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) की सुविधाओं से लैस किया गया है। इसके अलावा 72 स्वास्थ्य इकाइयों को पहली बार सौर ऊर्जा से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। यह कदम पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। वहीं पिछले एक वर्ष में 10,000 से अधिक स्वास्थ्य उपकेंद्रों को बिजली की सुविधा से जोड़ा गया है, जिससे राज्य के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है। इतना ही नहीं सभी जिलों में डायलिसिस सेवाएं शुरू की गई हैं, जिससे किडनी रोगियों को बड़ी राहत मिली है। साथ ही 74 जिलों में सीटी स्कैन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे रोगियों को सस्ती और सुलभ जांच सेवाएं प्राप्त हो रही हैं।

प्रदेश भर में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को मान्यता दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अब तक 800 से अधिक स्वास्थ्य इकाइयों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। यह प्रमाण पत्र प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार का प्रमाण है। इसके साथ ही ऑन-कॉल निजी विशेषज्ञों और स्त्री रोग विशेषज्ञों की व्यवस्था ने ग्रामीण के साथ शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया है। प्रदेश में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत 4,892 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाया गया है। इनमें 515 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, 75 जिला स्तर पर इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब और 74 क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक का निर्माण शामिल है। अब तक 2,334 परियोजनाओं में से 2,100 पर काम शुरू हो चुका है और 1,321 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

भवन निर्माण के तहत 1,670 परियोजनाएं शुरू हुईं, जिनमें से 1,173 पूरी हो चुकी हैं। योगी सरकार के इन प्रयासों से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, बल्कि आम जनता को बेहतर और किफायती इलाज का लाभ भी मिल रहा है। मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं सुगम तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं। योगी सरकार के इन सुधारात्मक कदमों ने उत्तर प्रदेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में %बीमारू प्रदेश% की छवि से उबारकर %स्वस्थ प्रदेश% बना दिया है। प्रदेशवासियों को अब सुगम, सस्ता और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जो न केवल प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित हो रही हैं बल्कि देश के अन्य राज्यों के लिए मॉडल बनकर उभरी हैं।

# भाजपा ने जनता के हित में कोई काम नहीं कियाः अखिलेश



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि जिनकी मंशा अमन-चैन बिगाड़ना है, उनका मकसद विकास नहीं हो सकता है। भाजपा की सोच विकास विरोधी है। भाजपा समाज को आपस में लड़ाकर सामाजिक सद्भाव को खराब कर रही है। उप्र में लोकसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा प्रदेश को दंगों और झगड़ों की आग में झोंक रही है। देश और प्रदेश में दस वर्षों से सत्ता पर काबिज भाजपा ने जनता के हित में कोई काम नहीं किया। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रदेश में झूठ और लूट चल रही है। जनता भाजपा के खिलाफ है। बढ़ते जनाक्रोश से घबराई भाजपा संविधान और लोकतंत्र विरोधी कार्य कर रही है।

सत्ता के शीर्ष पदों पर बैठे लोग अराजक तत्वों को बढ़ावा दे रहे है। संविधान की शपथ लेने के बाद भी भेदभाव पूर्ण और द्वेषभावना से कार्य कर रहे हैं। अपनी कुर्सी को बचाने के लिए उप्र और देश की जनता को धोखा दे रहे है। प्रदेश में विकास कार्य ठप्प है। नौजवानों को नौकरी, रोजगार नहीं मिल रहा है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है। किसानों को खाद और बीज नहीं मिल रहा है। गन्ना किसानों को सही कीमत नहीं मिल रही है। धान खरीद की व्यवस्था नहीं है। किसान, नौजवान, गरीब मध्यम वर्ग समस्याओं में उलझा है। भाजपा सरकार समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए हर दिन नए-नए साजिश और षड्यंत्र कर रही है। 2027 के विस चुनाव में जनता भाजपा को हराकर उसके षड्यंत्रों का करारा जवाब देगी।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय असुरक्षितः तिवारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्यसभा** में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बांग्लादेश में ताजा घटना क्रम के तहत हिन्दू मंदिरों में तोड़फोड़ तथा हिंसा की घटना पर केन्द्र की मोदी सरकार की लगातार कायराना चुप्पी की तल्ख आलोचना की है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के साथ अन्य अल्पसंख्यक भारतीय पूरी तरह से असुरक्षित है।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बांग्लादेश के साथ इन घटनाओं पर मोदी सरकार द्विपक्षीय कूटनय में कड़ा प्रतिरोध नहीं जता पा रही है। वहीं उन्होंने मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा की केन्द्र सरकार बांग्लादेश समेत हाल ही में कनाडा, ब्रिटेन तथा अमेरिका में भी हिंदू मंदिरों पर हमले के मामले में प्रतिरोध को लेकर कमजोर प्रदर्शन से विदेशों में रह रहे भारतीयों की रक्षा करने मं अक्षम साबित हो रही है।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां तोड़ी जा रही है फिर भी मौजूदा केन्द्र सरकार भारतीयों की चिन्ता दूर करने को लेकर कोई भी ठोस प्रयास नहीं कर पा रही है। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसा कि वह बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदूओं समेत भारतीयों को अपमान के कड़वे घूंट पीने की विवशता से बाहर निकालने के लिए इन्दिरा गांधी की समाधि पर जायें और उन्नीस सौ इकहत्तर के शौर्य से प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि इस काम के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास की अनुचित गिरफ्तारी को लेकर भी मोदी सरकार की कमजोर विदेशनीति के चलते वैश्विक समर्थन की प्रक्रिया मंद पड़ी हुयी है।

वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कार्मिशयल गैस सिलेण्डर के दामों में फिर बढ़ोत्तरी को लेकर भी मोदी सरकार की तगड़ी घेराबंदी की है। उन्होंने कहा है कि पिछले कई माह से लगातार कार्मिशयल गैस सिलेण्डर के दामों में सरकार महंगाई में वृद्धि पर आमादा है। उन्होंने कहा कि कार्मिशयल गैस के दामों में ऊँची मूल्य बढ़ोत्तरी आम उपभोक्ताओं के समूह पर महंगाई का हमला है। उन्होंने कहा कि इससे व्यापार के क्षेत्र में भी महंगाई और बढ़ेगी तथा इसकी कीमत देश के आम वर्ग को चुकानी पड़ेगी।

# शिक्षा समय और समाज को बदलने में सक्षमः धनखड़

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देश** के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल, कानपुर के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व, इसके व्यापक प्रभाव और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन को बेहतर बनाती है और सही रास्ते पर ले जाती है। प्रतिभा केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है; यह ग्रामीण और गरीब इलाकों में भी विद्यमान है। ऐसे क्षेत्रों तक जयपुरिया जैसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थानों की पहुंच आवश्यक है। उन्होंने कॉर्पोरेट जगत से आग्रह किया कि वे अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व फंड का उपयोग करके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दें और सभी वर्गों तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करें।

उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि शिक्षा अब केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समग्र विकास का माध्यम बन चुकी है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप उम्र के साथ ऐसा व्यवहार विकसित करें, जो आपके ज्ञान और चरित्र को प्रदर्शित करे। माता-पिता के प्रति समर्पण और गुरुजनों के प्रति अनुशासन का भाव रखें। उपराष्ट्रपति ने अपने संबोधन में शिक्षा को समाज में व्याप्त विकारों को दूर करने का सबसे प्रभावी साधन बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा समय और समाज को बदलने में सक्षम है। यह हर व्यक्ति का अधिकार है और यह असफलता को सीखने की पूंजी में बदल देती है। उन्होंने छात्रों को नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

धनखड़ ने भारत की अद्वितीय संस्कृति और परंपराओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत जैसा देश दुनिया में कोई और नहीं है। यह भावना सभी बच्चों में होनी चाहिए। नई संसद भवन में जाकर देखें, जहां 5000 वर्षों की समृद्ध विरासत की झलक मिलती है। आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है और हमारा लक्ष्य तय है। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, कानपुर के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर विद्यालय की स्थापना के पीछे के उद्देश्यों और शिक्षा क्षेत्र में इसके योगदान की सराहना की।

# सर्वसम्मति और निष्पक्ष भाव से चुनाव सम्पन्न करेंः नवीन जैन

● भाजपा में संगठन के दायित्वों का बदलाव करना एक सतत प्रक्रिया हैः नीरज सिंह

**लखनऊ।** महानगर संगठन चुनाव कार्यशाला का आयोजन महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में आज मानस मंदिर डालीगंज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला चुनाव अधिकारी नवीन जैन, प्रदेश महामंत्री संजय राय, भाजपा अवध क्षेत्र सदस्यता सह प्रमुख नीरज सिंह, एमएलसी मुकेश शर्मा ने संबोधित किया। चुनाव अधिकारी नवीन जैन ने कहा कि संगठन पर्व के प्रथम चरण में बूथ समिति गठन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है और दूसरे चरण में 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों और समितियां का उसके बाद 16 से 31 दिसंबर तक जिलों के चुनाव की प्रक्रिया होनी है। आप सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी सभी चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करते हुए चुनाव जीतती आ रही है। अन्य किसी दलों के संगठन में कोई लोकतंत्र नहीं है कोई चुनाव नहीं होता है भारतीय जनता पार्टी एकमात्र संगठन ऐसा है जिसमें बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का निर्वाचन होता है। भाजपा का बूथ अध्यक्ष कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रधानमंत्री बन सकता है यह भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। चुनाव अधिकारी नवीन जैन ने मंडल अध्यक्ष और पदाधिकारीयों के चुनाव में पार्टी द्वारा निर्धारित योग्यताओं की जानकारी देते हुए बताया कि मंडल अध्यक्ष कम से कम दो बार के सक्रिय सदस्य ही बनेंगे। 45 वर्ष से कम आयु के मंडल अध्यक्ष बनाए जाएंगे। लगातार दो बार मंडल अध्यक्ष रह चुके इस बार मंडल अध्यक्ष नहीं बनेंगे। सर्व सम्मति और निष्पक्ष भाव से चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत चुनाव करना है और यह प्रयास करना है कि एक नाम पर सहमति बने। एक से अधिक नाम की



स्थिति में निष्पक्ष मतदान कराए। सभी वर्गों के समावेश के साथ महिलाओं को भी प्राथमिकता दी जाए। नीरज सिंह ने कहा कि सदस्यता के अभियान में बड़े कीर्तिमान स्थापित करके लखनऊ महानगर ने जो कार्य किया है उसकी चर्चा चारों तरफ है। प्राथमिक सदस्यों में सर्वाधिक सदस्य बनाने का कीर्तिमान बनाया है उसी प्रकार सक्रिय सदस्यता भी प्रदेश में सर्वाधिक होगी। सदस्यता अभियान के बाद इस माह आप सभी पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ मंडल अध्यक्ष का चुनाव कराएं। भाजपा में संगठन के दायित्वों का बदलाव करना एक सतत प्रक्रिया है। संगठन में परिवर्तन से प्रत्येक कार्यकर्ता को अवसर मिलता है। प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में भारतीय जनता पार्टी की तरह अभियान और इस प्रकार से संगठनात्मक कार्यशालाएं नहीं होती हैं। विपक्षी पार्टियों में पारिवारिक सदस्य ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं को अवसर दिया जाता है कब कौन राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा इसका पूर्व आकलन कोई नहीं कर सकता। लखनउ में विकास का पूरा श्रेय लखनऊ के सांसद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जाता है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि बूथ स्तर पर समितियों का गठन लगभग पूरा हो चुका है और 15 दिसंबर तक चुनावी प्रक्रिया के तहत मंडलों में संगठनात्मक अनुभवशाली, क्षमतावान और सक्रिय कार्यकर्ताओं को मंडल समिति में स्थान दिया जाएगा। कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से लखनऊ महानगर ने सदस्यता अभियान में प्राथमिक और सक्रिय सदस्यता में भी पहला स्थान प्राप्त किया है उसके लिए सभी बधाई के पात्र है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यशाला में राज्यसभा सांसद बृजलाल, सत्यापन अधिकारी श्रीकृष्ण शास्त्री, रमेश तुफानी, उपविजेता अंजनी कुमार श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, मान सिंह, रामवतार कन्नौजिया, घनश्याम अग्रवाल, राकेश गुप्ता, हर शरण लाल गुप्ता, सहित प्रदेश व अवध क्षेत्र के लखनऊ से पदाधिकारी, महानगर पदाधिकारी, मोर्चों के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, मंडल चुनाव अधिकारी, शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं श्रीमती उमा देवी (श्रीमती–UMA DEVI) पत्नी तुलसी राम (TULSI RAM) अर्मी नं. 6292587 नायक (NK) ग्राम–महमदापुर (मटियरा)पो. महमदापुर जिला–प्रतापगढ़ (उप्र) का जन्म तिथि 06 अप्रैल 1948 के स्थान पर जन्म तिथि 01 जुलाई 1951 संशोधन सिंगल रिकार्ड जबलपुर के दिशा निर्देश के क्रम में होना है, ताकि परिवारिक पेंशन का लाभ मिल सके। मेरा आधार कार्ड न0–477755162595 व पैन कार्ड नं0–ETYPD4420A है।

HDFC BANK
We understand your world

एचडीएफसी, दूसरी मंजिल, एक्सपीरियो बिल्डिंग, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226010

कब्जा सूचना परिशिष्ट IV [नियम 8(1)]

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के **एचडीएफसी बैंक लि.** का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत कर्जदार(रों) **1. मेसर्स एनएम एम्ब्रायडरी इसके प्रोपराईटर द्वारा श्री गुल मेहंदी हसन रिजवी (उधारकर्ता) 2. श्री गुल मेहंदी हसन रिजवी पुत्र श्री इब्ने हसन रिजवी (गारंटर) 3. श्रीमती नाज हसन पत्नी श्री इब्ने हसन (गारंटर एवं बंधककर्ता) को** मांग सूचना दिनांक 24-08-2024 को जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि **रु. 18,81,327.00 (रु. अट्ठारह लाख इक्यासी हजार तीन सौ सत्ताईस मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार(रों) राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतदद्वारा कर्जदार(रों) तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियम 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत दिनांक **26.11.2024** को ले लिया है।

कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

विशेष रूप से कर्जदार तथा जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **एचडीएफसी बैंक लि.**, के प्रभार वास्ते **रु. 18,81,327.00 (रु. अट्ठारह लाख इक्यासी हजार तीन सौ सत्ताईस मात्र) और भविष्य का ब्याज साथ में खर्चे एवं प्रभार इत्यादि सहित वसूली घटाकर, यदि कोई हो,** के अधीन होगा।

**अचल संपत्ति का विवरण**

भवन सं. 395/86जीए का भाग, क्षेत्रफल 172.676 वर्ग मी., जोकि रुस्तम नगर, वार्ड– मौलाना केबल आबिद, शहर एवं जिला लखनऊ (संपत्ति श्रीमती नाज हसन के स्वामित्व में है।) निम्नानुसार चौहद्दीः – पूरब में – सड़क 8 फीट चौड़ी, पश्चिम में – श्रीमती यादगार हुसैन की दीवार, उत्तर में – श्रीमती सबीरा बेगम का मकान, दक्षिण में – विक्रेता संपत्ति की भूमि का भाग।

दिनांकः 26.11.2024, स्थानः लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

# हेरिटेज कॉन्क्लेव का सात दिसम्बर को आयोजन करेगी योगी सरकार

- किले और हवेलियों को उपयोगी बनाने के लिए 60 से अधिक राजा-महाराजा के साथ होगा विचार मंथन
- 250 प्रसिद्ध होटल मालिक, इन्वेस्टर्स, रियल एस्टेट व्यवसायी और कंसल्टेंट भी लेंगे हिस्सा



## यूपी पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य बनकर उभरा: जयवीर सिंह

**लखनऊ।** अपने समृद्ध अतीत की कहानी बयां कर रहे उत्तर प्रदेश के किले, कोठी और पैलेस विकास की नई गाथा लिखेंगे। उप्र पर्यटन विभाग इसकी नींव रखने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री योगी के कुशल मार्गदर्शन में सात दिसंबर को लखनऊ स्थित होटल ताज में हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। 60 से अधिक राजा-महाराजा के साथ संवाद के लिए देश भर से लगभग 250 प्रसिद्ध होटल मालिक, इन्वेस्टर्स, रियल स्टेट व्यवसायी और कंसल्टेंट आएंगे। सहमति बनी तो उप्र विरासत पर्यटन में भी देश-दुनिया को आकर्षित करने वाला प्रमुख गंतव्य स्थल बनेगा।

योगी सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश हाल के वर्षों में पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य बनकर उभरा है। बीते वर्ष 2023 में यहां 48 करोड़ से अधिक पर्यटक आए थे। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज सहित अन्य तीर्थ स्थल सर्वाधिक पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। उप्र में हेरिटेज टूरिज्म की असीम संभावनाएं हैं। यहां बड़ी संख्या में किले, पैलेस और कोठियां हैं, जिन्हें उपयोगी बनाकर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। विरासत पर्यटन में अग्रिम पंक्ति में खड़े राजस्थान, गुजरात आदि राज्यों की तर्ज पर पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश में भी तैयारी कर रहा है।

प्रदेश में स्थित किले, पैलेस और कोठियों को उनके वास्तविक स्वरूप, वास्तुकला और जो उनकी अन्य विशेषताएं हैं, उन्हें बरकरार रखते हुए यहां हेरिटेज होटल, वेडिंग डेस्टिनेशन, वेलनेस सेंटर, रिजार्ट, कल्चरल सेंटर आदि बनाने की योजना है। पर्यटन विभाग अपनी छह प्रापर्टीज चुनार का किला मीरजापुर, बरुआसागर का किला झांसी, छत्तर मंजिल लखनऊ, बरसाना महल मथुरा, शुक्ल तालाब कानपुर देहात और रोशन-उद-दौला लखनऊ को हाल ही में पीपीपी पर दिया है। कॉन्क्लेव में इनका एमओयू भी होगा। विभाग की ऐसी अन्य प्रापर्टी को पीपीपी पर विकसित करने की तैयारी है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य में अनेक संपत्तियां जो राजा-महाराजा के पास है, इनका विकास कर उपयोगी बनाने की मंशा है। कॉन्क्लेव में 60 से अधिक राजा-महाराजा और देश भर से लगभग 250 प्रसिद्ध होटल मालिक, इन्वेस्टर्स, रियल एस्टेट व्यवसायी और कंसल्टेंट को आमंत्रित किया गया। इनके बीच सीधा संवाद होने से सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि हेरिटेज कॉन्क्लेव प्रदेश में हेरिटेज टूरिज्म को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। गंतव्य स्थलों पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में आगंतुक आएंगे। यह प्रयास स्थानीय लोगों के सामने रोजगार का बड़ा अवसर लेकर आएगा।

# निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही उखड़ने लगी क्षेत्र पंचायत से बन रही सड़क

- बीडीओ की फटकार भी रही बेअसर, सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद मचा हड़कंप



**मोहनलालगंज।** सिसेंडी में क्षेत्र पंचायत से बन रही सड़क निर्माण पूर्ण होने से पूर्व ही उखड़ने लगी। शिकायत पर बीडीओ की जांच के बाद भी सड़क की खामियां दुरुस्त नही की गई। रविवार को तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया। नाराज अफसरों ने रातों रात सड़क की खामियां दुरुस्त करने का अल्टीमेटम दिया है। मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत सिसेंडी में क्षेत्र पंचायत से लगभग 15 लाख की लागत से 260 मीटर इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य की सुस्त रफ्तार से लगभग एक माह बीतने के बाद भी सड़क बनकर तैयार नहीं हो सकी है। उधर सड़क निर्माण पूर्ण होने से पूर्व ही जगह जगह से उखड़ने लगी है। कुछ जागरूक ग्रामीणों की शिकायत पर बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव ने स्वयं निरीक्षण कर सड़क की खामियां दुरुस्त कराने की हिदायत दी। लेकिन सप्ताह भर बाद भी सड़क को दुरुस्त नही किया जा सका। रविवार को कुछ जागरूक लोगों ने उखड़ रही सड़क की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। जिसके बाद हड़कंप मच गया। जेई रवीन्द्र कुमार ने बताया सड़क का निर्माण अभी अपूर्ण है। किसी तरह का कोई भुगतान नही किया गया है। ठेकेदार को सड़क की खामियां दूर कराने और निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने की चेतावनी दी गई है। बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया ग्रामीणों की शिकायत पर सड़क का निरीक्षण कर खामियां दुरुस्त कराने के लिए कहा गया है। सड़क से लोगों का आवागमन अधिक है इसलिए ठेकेदार को रात में भी आवश्यक कार्य पूर्ण करने के लिए कहा गया है। किसी भी तरह की लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।

# राजस्व निरीक्षक संघ ने भत्ता बढ़ाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजस्व** निरीक्षकों का यात्रा भत्ता वर्तमान में सिर्फ 25 रुपए है जबकि अन्य विभाग के कर्मचारियों को यह भत्ता 200 से 2000 रुपये तक दिया जा रहा है। इसके अलावा भी कई अन्य सुविधाओं से उन्हें वंचित रखा गया है। राजस्व निरीक्षक संघ ने अपनी इन मांगों को पूरा करने के लिए फिर से राजस्व परिषद के अध्यक्ष को ज्ञापन दिया है।

राजस्व निरीक्षकों का यात्रा भत्ता वर्तमान में बहुत कम होने से कर्मियों में काफी नाराजगी है। राजस्व विभाग के निरीक्षकों का यात्रा भत्ता मात्र 25 रुपए है, जब कि अन्य विभागों में 200 से 2 हजार रुपए तक दिया जा रहा है। ऐसे में राजस्व निरीक्षक संघ ने राजस्व परिषद को भत्ता संबंधी ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में उन्होंने स्टेशनरी भत्ता बढ़ाने, खाली पदों पर नियुक्ति करने, लैपटाप देने और राजस्व निरीक्षकों की ट्रेनिंग का परीक्षा परिणाम जल्दी घोषित करने की मांग भी की गई है। राजस्व निरीक्षक संघ के महामंत्री संजीव कुमार सिंह ने मांग की है कि चेनमैन पदों की स्थायी व्यवस्था न होने तक आउटसोर्सिंग के जरिए इनकी भर्ती कर ली जाए। वर्तमान में क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षकों के स्वीकृत 3152 पदों के सापेक्ष चेनमैन के सिर्फ 1326 पद ही हैं। इसमें भी 750 चेनमैन ही नियुक्त हैं। इनकी कमी से पैमाइश और पत्रावलियों के रखरखाव में काफी समस्या हो रही है। यह भी कहा गया है कि तहसीलों में राजस्व निरीक्षकों के लिए कार्यालय भी नहीं है। इनके बैठने के लिए कार्यालय कक्ष, फर्नीचर और आलमारी की व्यवस्था कराने को भी कहा गया है। संघ ने यह भी मांग की है कि नायब तहसीलदार के पदों की संख्या भी बढ़ाई जाए। कार्य की अधिकता को देखते हुये राजस्व निरीक्षकों के पदों की संख्या बढ़ाकर 4281 की जा चुकी है पर नायव तहसीलदार के पदों में कोई वृद्धि नही की गयी है। इसी तरह सहायक भूलेख अधिकारियों के पद भी बढ़ाये जायें।

# योगी का निवेशकों को भरोसा, आप निवेश करें, सुरक्षा, सुशासन की गारंटी मेरी

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में जगदीप धनखड़ ने योगी सरकार की औद्योगिक नीतियों की सराहना की थी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा था, 'राज्य सरकार के निरंतर प्रयास से उत्तर प्रदेश तेजी से उद्यम प्रदेश बन रहा है। प्रदेश में सुशासन की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फ्रंट फुट पर खेल रहे हैं। उनके इन प्रयासों से प्रदेश में 360 डिग्री का बदलाव दिख रहा है। उत्तर प्रदेश दुनिया के निवेशकों का पसंदीदा राज्य बन चुका है। प्रदेश में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट, एक्सप्रेसवे और हाइवे को लेकर हुए और हो रहे काम काबिले तारीफ हैं। मुख्यमंत्री योगी भी अक्सर निवेशकों से यह अपील करते हैं कि आप यूपी में निवेश करें, सुरक्षा और सुशासन की गारंटी मेरी है। जगदीप धनखड़ की बात और योगी की सुरक्षा और सुशासन की गारंटी से पिछले सात साल में किस तरह यूपी के औद्योगिक इको सिस्टम में आमूलचूल बदलाव आया है, यह आंकड़ों में भी सच साबित हो रहा है।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास में नए प्रतिमान रच रहे हैं। अब तो इसमें यमुना विकास प्राधिकरण भी शामिल है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के चालू होने के बाद इस के क्षेत्र के विकास को पंख लग जाएंगे। जिस तरह कई देश इस क्षेत्र में निवेश और कॉरपोरेट ऑफिस को लेकर इंटरेस्टेड हैं उसके मद्देनजर संभव है आने वाले कुछ वर्षों में जेवर के आस पास का इलाका देश-दुनिया के सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्यों में शुमार हो जाय।

बुंदेलखंड और पूर्वांचल भी कनेक्टिविटी बेहतर होने से उसी नक्शेकदम पर हैं। बुंदेलखंड सोलर एनर्जी का हब बन रहा है। डिफेंस कॉरिडोर यहां के माहौल को और बूस्टअप कर रहा है। सरकार की योजना कानपुर और झांसी के बीच 36 हजार एकड़ में झांसी के 33 गांवों को मिलाकर नोएडा से भी बड़ा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, बीडा (बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण) बनाने की है। इस पर काम भी शुरू हो गया है।

लखनऊ के पास के पांच जिलों को मिलाकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) का गठन हो चुका है। लखनऊ और हरदोई की सीमा पर 1162 एकड़ में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना और लखनऊ अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया के 40 एकड़ क्षेत्र में आईटी पार्क, एसटीपी पार्क, इनक्यूबेशन सेंटर, स्टेट डेटा सेंटर के निर्माण से प्रदेश की राजधानी भी इंडस्ट्री का एक हब बन जाएगी। आने वाले कुछ वर्षों में राज्य राजधानी क्षेत्र, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से विकास के मामले में बराबरी करेगा। योगी सरकार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से लिंक एक्सप्रेसवे के जरिए जोड़ रही है। इसके लिए अपने दो दिवसीय चित्रकूट दौरे के दौरान सीएम ने 13 अरब रुपए की भी मंजूरी भी दे दी है। बुंदेलखंड और पूर्वांचल का विकास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खास प्राथमिकताओं में से एक है। डिफेंस कॉरिडोर सहित विकास की अन्य योजनाओं के जरिए शौर्य और संस्कार की ये धरती विकास का भी स्वर्णिम इतिहास लिखेगी। इसी तरह मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में करीब दो दशकों से बंद खाद कारखाना फिर से चालू हो चुका है। वह भी पहले से अधिक उत्पादन क्षमता के साथ। गीडा भी अपनी स्थापना के करीब 35 वर्षों में निवेश का पसंदीदा स्थल बनकर उभरा है। इससे उत्साहित होकर सरकार गोरखपुर को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाली गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर करीब 800 एकड़ में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित कर रही है। गोरखपुर के दक्षिणांचल में धुरियापार के आसपास उसर जमीन का एक बड़ा पैच है। यहां खेतीबाड़ी बहुत मुश्किल है। इस इलाके में करीब 5500 एकड़ में एक नई इंडस्ट्रियल सिटी बना रही है। ऐसा होने पर गोरखपुर पटना और काठमांडू के बीच निवेश का सबसे बड़ा हब बनकर उभरेगा। योगी सरकार ने अपेक्षाकृत पिछड़े बुंदेलखंड और पूर्वांचल के औद्योगिक विकास के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना लागू की है। सरकार प्रदेश के एक्सप्रेसवे के किनारे करीब 5500 एकड़ इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का विकास करने जा रही है। बुंदेलखंड और चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एवं गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के नाते इसका भी लाभ बुंदेलखंड और पूर्वांचल को ही सर्वाधिक मिलेगा।

# एड्स के प्रति गलत धारणाओं को दूर करने के लिए सामाजिक एकता की जरूरत:जिलाधिकारी



**लखनऊ।** एड्स एक बड़ी चुनौती है जिसको समुदाय में जागरुकता के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है । एड्स के बारे में समाज में कई गलत धारणाएं हैं, जिन्हें तोड़ने के लिए सामाजिक एकता ज़रूरी है। यह बातें जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने रविवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कहीं । वह उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नित्रंयण सोसाइटी द्वारा जनेश्वर मिश्रा पार्क में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एड्स की गंभीरता को समझते हुए सरकार कई तरह के कार्यक्रम चला रही है । इस वर्ष की थीम 'टेक द राइट पाथ' रखी गई है। इस अवसर पर हमें यह याद रखना होगा कि एड्स से पीड़ित लोगों के प्रति हमारा व्यवहार सहानुभूतिपूर्ण हो । इसके साथ ही उच्च जोखिम वाले समूहों जैसे ट्रांसजेंडर, सेक्सवर्कर के लिए ज़्यादा से ज़्यादा काम करने की ज़रूरत है। उन्होंने सभी को सामूहिक प्रयास के लिए आगे आने का आह्वान किया। परिसर में लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। एक-एक स्टाल पर जाकर पार्टनर एनजीओ के सदस्यों से बात की और जरूरी सुझाव भी दिए। कार्यक्रम का आयोजन अमृता सोनी, परियोजना निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी व रवींद्र कुमार, अपर परियोजना निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य एड्स सोसाइटी के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, गाने, डांस एवं फैशन शो के जरिए एचआईवी/एड्स के प्रति लोगों को जगारूक किया गया। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और सोशल इन्फ्लुयेंसर्स ने एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई। मुख्य आकर्षण रहा एचआईवी संक्रमित महिलाओं द्वारा की गई रैंप वाक जिसने दर्शकों में जोश भर दिया। आत्मविश्वास से भरपूर इन महिलाओं ने एड्स के प्रति सामाजिक भेदभाव को दूर करने के सन्देश दिए जिन्हें दर्शकों ने तालियों से सराहा। एड्स पीड़ित नौनिहाल बच्चों ने डांस परफार्मेंस दी तो दर्शकों ने उनकी खूब तारीफ की। एमिटी स्कूल की छात्राओं ने भी एड्स से बचाव के टिप्स देकर इस बीमारी के प्रति जागरुकता बढ़ाने में भागीदारी निभाई। एचआईवी/एड्स से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम जागरूकता प्रदर्शनी में एसटीआई, एआरटी, टीआई व ओएसटी समेत कई स्टॉल के माध्यम से टीबी एचआईवी/ एड्स संबंधित स्वास्थ्य सेंवाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सोसाइटी की संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव, डॉ. चित्रा सुरेश, डॉ. गीता अग्रवाल, डॉ. एके सिंघल, पवन चंदेल, अनुज दीक्षित सहित सहयोगी संस्थाओं सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर), हिंदुस्तान लेटेक्स फॅमिली प्लानिंग प्रमोशन ट्रस्ट, हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया , हेल्पिंग यूथ फाउंडेशन के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## सभी जनपदों में हुए जागरूकता कार्यक्रम

जनपदों में आयोजित हुए कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के आईईसी विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि यूपी के विभिन्न जनपदों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा एचआईवी/एड्स जागरूकता रैली, संगोष्ठी, सेमिनार, शिविर, नुक्कड़ नाटक, पोस्ट /स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेजों में रेड रिबन क्लबों के माध्यम से युवाओं में एचआईवी/एड्स जागरूकता बढ़ाने के लिए सेमिनार, पोस्ट व स्लोगन मैकिंग प्रतियोगिता, एड्स जागरूकता कैंप और समूह संवाद किया गया।

# अलीगंज में चला अभियान, जब्त किया एक ट्रक सामान

**लखनऊ।** अलीगंज में नगर आयुक्त के निर्देशन में नगर में अनाधिकृत अपशिष्ट ठेला एवं ठेलियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। अभियान में प्रवर्तन टीम द्वारा ठेले ठेलिया का जब्त किया गया। अभियान के दौरान प्रवर्तन द्वारा एक दर्जन सामान जब्त किया गया। रविवार को नगर के जिस जिस ज़ोन में अनाधिकृत अपशिष्ट ठेला व ठेलियों के विरुद्ध अभियान चला कर ठेलों को जब्त किया। अलीगंज ज़ोन 3 क्षेत्रान्तर्गत रविवार को प्रात: जोनल अधिकारी ने अभियान चलाकर कुल 5 अनाधिकृत अपशिष्ट ठेला एवं ठेलियों जब्त कराया। 296 टीम जोन 3 ने आर आर विभाग में एक ट्रक सामान जमा कराया। इंदिरानगर ज़ोन. 7.क्षेत्रान्तर्गत में जोनल अधिकारी ने अभियान चलाया। कर कुल 4 अनाधिकृत अपशिष्ट ठेला व ठेलियों जब्त करवा कर 296 टीम जोन.7 ने आर आर विभाग में जमा कराया गया।

# छोटे बकाएदारों के कनेक्शन काट रहा विभाग लाखों के बकाएदारों पर मेहरबानी

**मोहनलालगंज।** छोटे बकाएदारों के बिजली कनेक्शन काट रहे अफसरों ने लाखों के बकाएदारों पर मेहरबानी कर रखी है। अकेले मोहनलालगंज खण्ड में ही ऐसे सैकड़ों कनेक्शन बस कागजों में ही काटे जा रहे हैं। जिसे लेकर शिकायत मिलने के बाद बड़े अफसरों ने मातहतों से जवाब तलब किया है। मोहनलालगंज में लाखों रुपए का बिजली बिल बकाया होने के बावजूद भी एक रिसॉर्ट और एक होटल का बिजली कनेक्शन रसूख के सहारे चल रहा है। स्थानीय अधिकारी भी इन दोनों कनेक्शन का नाम आते ही सहम जाते हैं। लिहाजा बकाएदारों ने विभाग का लाखों रुपए दबा रखा है। ये दो मामले तो बानगी मात्र है समूचे मोहनलालगंज खण्ड में एक लाख से अधिक बकाएदारों की तादात सैकड़ों में बताई जा रही है। विभागीय सूत्रों की मानें तो कागजों पर भले ही अफसर सभी बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटे जा चुके होने का दावा कर रहे हों लेकिन हकीकत में कई बकाएदारों के बिजली कनेक्शन अभी भी बेरोंकटोंक चल रहे हैं। मोहनलालगंज खण्ड में सर्वाधिक लखपति बकाएदार गोसाईंगंज और समेसी में बताए जा रहे हैं। मोहनलालगंज उपखण्ड लखपति बकाएदारों के मामले में तीसरे नंबर पर बताया जा रहा है। हालांकि लखपति बकाएदारों के कनेक्शन काटने में स्थानीय अधिकारियों को पसीना आ जाता है। एक्सईएन श्रवण कुमार सिंह ने बताया बकाएदारों के कनेक्शन काटने का अभियान लगातार चल रहा है। सभी जेई और एसडीओ को फील्ड में निकलकर एक तरफ से बकाएदारों के कनेक्शन काटकर हर हाल में राजस्व वसूली बढ़ाने का अल्टीमेटम दिया गया है। जबकि सभी एसएसओ को प्रतिदिन बकाएदारों को फोन कर बिल जमा करने के लिए कहने के लिए जुटाया गया है।

# तनाव में रहने से शरीर में क्रोध पैदा करने वाले हार्मोन्स बढ़ जाते हैं

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन, इंडियन योग फेडरेशन तथा यू. पी. नेचुरोपैथी एंड योग टीचर्स एंड फिजिशियन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में द्वितीय परिसर स्थित विश्वकर्मा सभागार में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का मांसपेशियों पर प्रभाव, विषयक 20वें राष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन काशी हिंदू विश्वविद्यालय से आए वितुर्व त्रिपाठी ने कहा कि तनाव में रहने से शरीर के अंदर क्रोध पैदा करने वाले हार्मोन्स का प्रतिशत शरीर में बढ़ जाता है। शरीर की मांसपेशियों का तनाव बढ़ जाता है और मांसपेशियों के बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है। वृक्षासन, मर्जरी आसन, हलासन तथा ध्यान के अभ्यास से तनाव को काम किया जाता है। अन्नामलाई विश्वविद्यालय से आए योग विशेषज्ञ अमित गौरैइया ने बताया कि बुढ़ापा सर्वप्रथम पैरों से प्रारंभ होता है और पैरों की मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। एजिंग प्रोसेस की धीमी गति होने से उत्तानपाद आसन, अर्ध हलासन, ताड़ासन तथा प्राणायाम में अनुलोम विलोम भूचरी मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए।



महर्षि यूनिवर्सिटी आफ इन्फोटेनमेंट ऑफ टेक्नोलॉजी के क्षिक्षान्त भट्ट ने अपने शोध पत्र में बताया कि गर्दन की मांसपेशियों को स्वस्थ रखने के लिए गर्दन विकासक क्रिया कंधों को घूमने वाली क्रियाएं व हस्तोत्तानासन हस्त पादासन तथा उज्जायी प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। राजेश कुमार द्विवेदी ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि वाष्प स्नान, कटि स्नान ,तथा प्रात: काल सूर्य की किरणें शरीर की मांसपेशियों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। योगाचार्य के .के. शुक्ला ने कहा की मांसपेशियां शरीर को आकार प्रदान करती हैं। हाथ और पैरों की मांसपेशियों को स्वस्थ रखने के लिए स्कंध चालन क्रिया, कोहनी शक्ति विकासक क्रिया, भुजबल्ली शक्ति विकासक क्रिया तथा घुटना चालन व भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए।

# सुरक्षित भविष्य के लिए स्वस्थ जीवनशैली महत्वपूर्ण: डॉ. राजेश्वर सिंह

**लखनऊ।** सरोजिनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्यष्ठ के वार्षिक खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत की। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'ऐसा प्रयास युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की दिशा में महत्वपूर्ण है।' डॉ. सिंह ने कार्यक्रम के दौरान एसकेडी के निदेशक मनीष सिंह जी की दूरदृष्टि और नेतृत्व की सराहना की, जिनकी प्रतिबद्धता के कारण स्यष्ठ को 2024 में प्रतिष्ठित ह्रष्ट रैंकिंग प्राप्त हुई। डॉ. सिंह ने कहा कि यह संस्थान शिक्षा की गुणवत्ता में शीर्षस्थ है और हमारे देश के भविष्य के नेताओं को तैयार करने में अहम भूमिका निभा रहा है।



इस कार्यक्रम में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह (जल शक्ति मंत्री), मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी (राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण), पूर्व कैबिनेट मंत्री और महेंद्र प्रताप सिंह और बीजेपी अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने युवा पीढ़ी को और अधिक उत्साहित किया और उन्हें सफलता की ओर प्रेरित किया।

डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि हमें उन चुनौतियों को समझना चाहिए जो इन अवसरों के साथ आती हैं। जैसे-जैसे हम डिजिटल दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं, स्क्रीन समय और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के कारण मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं सामने आ रही हैं। भारत में 1.25 करोड़ बच्चे मोटापे से जूझ रहे हैं, जो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं। इसलिए, हमें बच्चों की भलाई को प्राथमिकता देनी चाहिए और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने सतत विकास की आवश्यकता पर भी जोर दिया। हाल ही में मनाया गया 2024 का वर्ल्ड ओवरशूट डे हमें यह याद दिलाता है कि हम पृथ्वी के संसाधनों का अत्यधिक उपयोग कर रहे हैं। हमें आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराना होगा और उन्हें सतत जीवन जीने के लिए प्रेरित करना होगा। डॉ. सिंह ने श्री स्यष्ठ सिंह, संस्थान के संस्थापक, का भी उल्लेख किया, जिनके योगदान से आज स्यष्ठ इतने बड़े मुकाम तक पहुंचा है।

इस संस्थान के समर्पित और योग्य छात्र देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। अंत में, डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्यष्ठ के समर्पित शिक्षकों और कर्मचारियों को बधाई दी, जिन्होंने इस भव्य और शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया। उनकी मेहनत और जुनून छात्रों की सफलता में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। डॉ. सिंह ने कहा कि हम भविष्य की ओर देख रहे हैं, और यह स्पष्ट है कि भारत के सबसे उज्जवल दिन हमारे सामने हैं। स्यष्ठ के छात्रों की ऊर्जा और उत्साह के साथ हम आश्वस्त हैं कि देश सक्षम हाथों में है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारा युवा एक ऐसे भविष्य के लिए तैयार हो, जहां नौकरी के अवसर निरंतर बदल रहे हैं, सतत विकास आवश्यक है, और बच्चों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है।

# मेधावियों को साइकिल प्रदान कर किया गया सम्मानित

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा प्रारंभ की गई संवाद से समाधान तक की अनुपम पहल 'आपका विधायक आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर एक महाभियान बन गया है। ईडी की नौकरी छोड़ जनसेवा का संकल्प लेकर राजनीति में आए डॉ. राजेश्वर सिंह ने जनता के लिए उपलब्धा, संवाद और समस्याओं का निराकरण के लिए माता तारा सिंह की स्मृति में जनसुनवाई शिविर का अयोजन नियमित तोर पर कर रहे हैं।

रविवार को ग्रामसभा जैतीखेड़ा (सोहावा) में आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान जनसमस्याओं के निदान के लिए गांव में पहुंची विधायक की टीम ने ग्रामीणों से सहजतापूर्वक संवाद किया, और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान सड़क, बिजली और पेंशन समेत 26 समस्याएं आई।



साथ ही 'गांव की शान' पहल के अंतर्गत इंटरमीडिएट और हाई स्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले गांव के 4 मेधावियों आशा (90.2 प्रतिशत), साक्षी तिवारी (82.4 प्रतिशत), नीतिका (78.5 प्रतिशत) और शिवकांत तिवारी (69.17 प्रतिशत) को साईकिल, घड़ी तथा प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक डॉ राजेश्वर सिंह की ओर से ग्रामसभा के वरिष्ठ नागरिकों एवं 50 से अधिक महिलाओं को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। साथ ही सरोजनीनगर की विशिष्ट पहचान तारा शक्ति रसोई के माध्यम से उपस्थित क्षेत्रवासियों को पौष्टिक भोजन भी उपलब्ध कराया गया। शिविर के दौरान टीम राजेश्वर के एलावा सेक्टर संयोजक अरविन्द त्रिवेदी, सोहावा बूथ अध्यक्ष अखिलेश बाजपेई, समूह सखी रानी कुमारी, मीनाक्षी देवी, सलमा, नगीना, मधु गुप्ता, रामावती एवं रविन्द्र नाथ तिवारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस सम्बन्ध में विधायक राजेश्वर सिंह का कहना है कि एक जनप्रतिनिधि सरकार व जनता के बीच एक सूत्र के रूप में कार्य करता है जिसका दायित्व जनता की हर समस्या को शासन तक पहुंचाना है। जनता के लिए उपलब्धता, संवाद और जन समस्याओं के समाधान के लिए 'आपका विधायक - आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर अनवरत जारी रहेगा।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण

**लखनऊ।** जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित हुआ। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र औरंगाबाद और किला मोहम्मदी का भ्रमण कर वहां पर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से वहां दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जाना और वहां आए लाभार्थियों से बात की। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के हर तबके को इलाज के लिए कहीं दूर न जाना पड़े बल्कि घर के पास ही उसे सारी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिल जाएं। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मातृ, बाल, नवजात, किशोर तथा प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं दी जाती है। इसके साथ ही संचारी एवं गैर संचारी रोगों का इलाज और संदर्भन होता है। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में गर्भवती और बच्चों का टीकाकरण भी किया जाता है।

# नरेश बाल्यान दो दिन की पुलिस रिमांड पर

● राउज एवेन्यू कोर्ट ने जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार नेता से पूछताछ के लिए दिया आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राउज एवेन्यू कोर्ट में जबरन वसूली मामले में पेश हुए आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बाल्यान को अदालत ने रविवार को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

अदालत ने मामले को सुनने के बाद यह आदेश दिया है। ज्ञात रहे कि शनिवार देर शाम को उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बालियान को पूछताछ के लिए आरके पुरम स्थित दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच में बुलाया गया था, जहां उन्हें बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं जबरन वसूली के मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बालियान की गिरफ्तारी को लेकर के डीसीपी संजय सेन ने बयान जारी कर बताया कि वर्तमान मामले में गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू और आम आदमी पार्टी के एमएलए नरेश बालियान के गठजोड़ का साक्ष्य दोनों के बीच बातचीत का ऑडियो पब्लिक डोमेन में मौजूद है।

उन्होंने कहा कि विदेश में बैठे गैंगस्टरों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। हमें देश में मौजूद उनके मददगारों का पता लगाना और उन पर कार्रवाई करना है। इसी कड़ी में नरेश बालियान प्रथम दृष्टि में एक अहम किरदार दिखते हैं। ऑडियो में जो आवाज है इसकी पुष्टि की जा रही है और दोनों के बीच के संबंधों की जांच की जा रही है।

बाल्यान को गिरफ्तार किए जाने के कुछ घंटे पहले भाजपा ने आरोप लगाया था कि बालियान जबरन वसूली की गतिविधियों में संलिप्त हैं और पार्टी ने प्रश्न किया था कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की है। आम आदमी पार्टी ने बालियान का बचाव करते हुए दावा किया कि उनकी गिरफ़्तारी अवैध है। वहीं बाल्यान ने भाजपा के आरोपों का खंडन किया और कहा कि वह उन लोगों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराएंगे जो उनके (बालियान) बारे में झूठ फैलाते हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बाल्यान और विदेश में रह रहे गैंगस्टर कपिल सांगवान के बीच कथित बातचीत का एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुआ है। उन्होंने बताया कि बातचीत में व्यापारियों से जबरन वसूली का जिक्र है। उन्होंने बताया कि पूछताछ जारी है। आप सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि जब से केजरीवाल ने दिल्ली में कानून-व्यवस्था और बढ़ते अपराध का मुद्दा उठाना शुरू किया है तब से भाजपा और केंद्र सरकार उनकी पार्टी के नेताओं को परेशान करने और उनके खिलाफ साजिश रचने की कोशिश कर रही है। सिंह ने दावा किया, 'बाल्यान को इसी साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया है और उनके खिलाफ आरोप निराधार हैं।'

### कैलाश गहलोत ने आप पर साधा निशाना

*आप विधायक नरेश बालियान की गिरफ्तारी पर बीजेपी नेता कैलाश गहलोत ने कहा, आप के वरिष्ठ नेतृत्व और राष्ट्रीय संयोजक को निश्चित रूप से इसके (ऑडियो क्लिप) बारे में जानकारी होगी क्योंकि वे जानते हैं कि उनके नेता और कार्यकर्ता क्या कर रहे हैं। यह अधिक चौंकाने वाला और परेशान करने वाला है क्योंकि आप एक भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से विकसित हुई है।*

# राजधानी में बढ़ते अपराध पर आवाज उठाई तो भाजपा ने कराया हमला: केजरीवाल

● आप प्रमुख की गृह मंत्री को चुनौती, अपराध रोक कर दिखाएं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के विधायक नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी पर रविवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर तीखे हमले किए। केजरीवाल कहा कि नरेश बाल्यान को गिरफ्तार कराकर अमित शाह ने दिल्ली वालों को संदेश दिया है कि अगर गैंगस्टर के खिलाफ आवाज उठाओगे तो जेल जाओगे। साथ ही गैंगस्टर को संदेश दिया है कि हम तुम्हारी सुरक्षा करेंगे।

उन्होंने कहा कि नरेश बाल्यान ने कपिल सांगवान के खिलाफ दर्जनों शिकायत दिल्ली पुलिस से कर रखी है। इसी कारण अमित शाह ने उन्हें गिरफ्तार कराया। जबकि मैंने बढ़ते अपराध पर आवाज उठाई तो अमित शाह और भाजपा ने मुझ पर हमला करा दिया। उन्होंने कहा कि अगर अमित शाह में हिम्मत है तो गैंगस्टर्स को गिरफ्तार करके दिखाएं और दिल्ली में अपराध रोककर दिखाएं। पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता में केजरीवाल ने कहा, पिछले कई दिनों से राजधानी में कानून व्यवस्था का मुद्दा उठा रहा हूं। खासकर दो-तीन साल से दिल्ली की कानून व्यवस्था लगातार बद से से बदतर होती जा रही है। दिल्ली के लोग कानून व्यवस्था को लेकर बेहद चिंतित हैं और लोग दहशत के माहौल में जी रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि शनिवार को ही मेरे एक विधायक नरेश बाल्यान को गिरफ्तार कर लिया गया। उस विधायक का कसूर यह था क वह विधायक भी गैंगस्टर का पीड़ित था।

उसके पास भी फिरौती की अलग-अलग तरह से गैंगस्टर की कॉल आ रही थीं। केजरीवाल ने कहा, दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर में शनिवार को केजरीवाल की पदयात्रा के दौरान एक व्यक्ति ने उन पर कोई तरल पदार्थ फेंक दिया था। आप नेता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा बेईमानी का सहारा ले रही है, क्योंकि उसे आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार हार का डर है।

# भाजपा 8 से निकालेगी परिवर्तन यात्रा

● रोजाना 7 लोकसभा क्षेत्रों में निकलेगी, हर विधानसभा में 20 हजार परिवारों से वन टू वन सम्पर्क : करने का लक्ष्य : सचदेवा

● आरडब्ल्यूए, मार्केट एसोसिएशनों और विभिन्न इलाकों के युवा से सुझाव लिए जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली भाजपा ने अपनी चुनावी मुहिम को धार देने के लिए 8 दिसंबर से परिवर्तन यात्रा निकालने का ऐलान किया है।

इस यात्रा के के तहत पार्टी राष्ट्रीय राजधानी की सभी 70 विधानसभा सीटों पर पदयात्रा करेगी। अलग-अलग टीमें 7 लोकसभा क्षेत्रों में एक साथ यात्रा का शुरू करेंगी। यात्रा का संचालन भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय की देखरेख में होगा। इस महायात्रा में पार्टी के सभी सांसद, विधायक और पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस यात्रा की खास बात यह है कि यात्रा किसी रथ पर नहीं, बल्कि पैदल होगी, जिससे जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ने का प्रयास रहेगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय और प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर की मौजूदगी में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में इस पहल की जानकारी देते हुए बताया कि परिवर्तन यात्रा में केंद्रीय मंत्री भी हिस्सा लेंगे। यात्रा का उद्देश्य दिल्ली की जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है।

इसके तहत पार्टी आरडब्ल्यूए, मार्केट एसोसिएशनों और विभिन्न इलाकों के युवा खिलाड़ियों और कर्मचारियों से मिलेंगे और उनकी समस्याओं और सुझावों को जानेंगे। यह परिवार्तन यात्रा पदयात्रा प्रतिदिन 7 विधानसभा क्षेत्रों में निकलेगी और लक्ष्य है हर विधानसभा में 20 हजार परिवारों से वन टू वन सम्पर्क करना है।

हर दिन यात्रा सुबह प्रारंभ होकर एक विधानसभा स्तरीय जनसभा के रुप में समाप्त होगी। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए यात्राएं निकालती रही हैं और उन्हीं यात्राओं का यह भी एक भाग होगा जिसमें लोगों से हम बहुत बड़े स्तर पर वन टू वन संपर्क करेंगे। सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिक में भय पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है जिसके बाद दिल्ली अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है इसलिए इस देश विरोधी मानसिकता वाली केजरीवाल सरकार को इस बार विधानसभा से बाहर उखाड़ने का मन जनता बना चुकी है। जनता की आवाज बनने के लिए दिल्ली भाजपा इस बार परिवर्तन यात्रा के माध्यम से जनता के बीच अपना संदेश पहुंचाएगी जिसकी शुरुआत 8 दिसम्बर से होगी और समापन 20 दिसम्बर को होगा। यात्रा का प्रारंभ विधानसभा के प्रमुख पूजा स्थल से होगा और इसमें समय समय पर भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### क्रिप्टो करेंसी और फर्जी दस्तावेज से करते थे तस्करी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने डार्क वेब, क्रिप्टोकरेंसी और फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके देश में करोड़ों रुपए की मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए इसके मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। गिरोह ने तीन महीनों में 20-25 करोड़ रुपए की कीमत के मादक पदार्थ की तस्करी की। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने अवैध रूप से अर्जित 1.5 करोड़ रुपए की संपत्ति भी जब्त की है। गिरोह के मुख्य सरगना लोकेश ढींगरा को गिरफ्तार किया गया। आरके पुरम डाकघर में विशेष किस्म के 1.5 किलोग्राम गांजे से भरा पार्सल जब्त किए जाने के बाद ये गिरफ्तारी हुई।

# बस मार्शलों पर आतिशी ने उपराज्यपाल को पत्र लिखा

● सीएम ने सार्वजनिक परिवहन को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने पर प्रकाश डाला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना को पत्र लिखकर आग्रह किया कि महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजधानी की बसों में मार्शल की पुन: नियुक्ति की जाए। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने में मार्शलों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

आतिशी ने पत्र में लिखा, जब तक मार्शल तैनात नहीं हुए थे तो बसों में यात्रा के दौरान महिलाओं को हर दिन परेशानी झेलनी पड़ती थी। कई महिलाओं को सुरक्षा का डर था और कई महिलाओं को उत्पीड़न या छेड़छाड़ का सामना करना पड़ा। बसों में 10,000 से अधिक मार्शल की तैनाती ने इस माहौल को बदला।

पत्र में दावा किया गया कि दिल्ली सरकार द्वारा तैनात मार्शल बदमाशों को पकड़ने और छेड़छाड़ तथा उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे, लेकिन 31 अक्टूबर 2023 को उन्हें अचानक हटा दिया गया और उनका वेतन रोक दिया गया। मुख्यमंत्री कहा कि यह साजिश का हिस्सा है। आतिशी ने दिल्ली सरकार के कुछ अधिकारियों पर सुरक्षा उपायों को खोखला करने के लिए केंद्र के इशारे पर काम करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की जगह उन्हें उच्च पदों पर तैनात किया गया।

मुख्यमंत्री ने मार्शलों को बहाल करने के प्रस्ताव को मंजूरी देने में देरी पर अफसोस जताया और कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा मार्शलों की पुन: नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजे हुए दो सप्ताह से अधिक समय हो चुका है। आतिशी ने कहा, सरकार, इन मार्शलों के परिवार और दिल्ली की महिलाएं आपकी मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। पत्र में कहा गया कि 12 नवंबर को दिल्ली के मंत्रियों द्वारा सर्वसम्मति से पारित पुन: नियुक्ति के प्रस्ताव का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बसों में मार्शलों को उनकी महत्वपूर्ण भूमिका में वापस लाना है। इसमें कहा गया, इन मार्शलों को हटाकर, आपने न केवल उनकी आजीविका छीन ली है बल्कि आपने महिलाओं की सुरक्षा की ढाल को भी कमजोर कर दिया है। पत्र में यह भी कहा गया कि इस फैसले से महिलाओं का सार्वजनिक परिवहन में सफर करने के प्रति विश्वास खत्म हो गया है।

# कांग्रेस दिल्ली की सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ेगी : देवेंद्र यादव

● बोले, आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करने से लोस में हुआ नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने केजरीवाल के गठबंधन पर बयान पर पलवार करते हुए कहा कि कांग्रेस में लोकतंत्र है, हर चीज की समीक्षा की जाती है। कांग्रेस में अधिनायकवाद या तानाशाही नहीं है, कोई हुक्म नहीं दिया जाता, हर मुद्दे पर सलाह और विचार करके निर्णय लिए जाते है। यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस आश्वस्त है कि अब कोई गठबंधन या कोई समझौता नहीं होगा।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस 2025 में होने वाले विधानसभा चुनावों में सभी 70 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों मैदान में उतारेगी। लोकसभा चुनाव में हमें यह अहसास था कि हमें आम आदमी पार्टी के जनता द्वारा विरोध का खामियाजा भुगतना पड़ेगा और हुआ भी वही।

# दिल्ली का वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में

● शाम 7 बजे सूचकांक 284 रहा

पायनियर समाचार। नई दिल्ली



शराष्ट्रीय राजधानी में जहरीली हवा का प्रकोप जारी है और रविवार को लगातार आठवें दिन वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शाम 7 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 284 रहा, जो शनिवार के 24 घंटे के औसत 346 से थोड़ा कम है। हर घंटे आंकड़े प्रदान करने वाले समीर ऐप के अनुसार, शहर के 38 निगरानी स्टेशन में से 23 स्टेशन में एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा सुबह 8:30 बजे आर्द्रता का स्तर 93 प्रतिशत दर्ज किया गया।

# गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास मृत युवक मिला



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली में एक फ्लाईओवर के पास रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति मृत पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी के बताया कि सुबह छह बजकर 35 मिनट पर पीसीआर कॉल मिली थी, जिसमें गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास एक व्यक्ति का शव होने की सूचना दी गई।

उन्होंने बताया कि जांच करने पर पता चला कि शव के चेहरे, सिर और गर्दन पर किसी नुकीली चीज से चोट के कई निशान हैं। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य के लिए इलाके की जांच की।

अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान करने और उसकी मौत के कारणों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और हत्या का एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

### वाहन चोर गिरफ्तार तीन मामले सुलझे

**नई दिल्ली।** शाहदरा एएटीएस ने वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चुराए हुए तीन दोपहिया वाहन बरामद कर पुलिस ने चोरी के तीन मामले सुलझाने का दावा किया है।

शाहदरा डिस्ट्रिक के डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार इलाके मे वाहन चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिए एएटीएस स्टाफ के एएसआई राजीव कुमार, एचसी उमेश, एचसी कुलदीप, कांस्टेबल शुभम, कांस्टेबल तनुज, कांस्टेबल अजय की टीम बनाई गयी थी द्य स्थानीय खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए टीम को इलाकों में सिविल कपड़ों में तैनात किया गया था।

# सकारात्मक संकल्प से बनेगा श्रेष्ठ समाज : शिवानी

● कहा, हर चीज का शुक्रिया करने से जीवन में परिवर्तन होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



हमारे संकल्पों का प्रभाव हमारे परिवार तथा समाज पर पड़ता है। अगर सभी लोग सकारात्मक संकल्प लें तो श्रेष्ठ समाज का निर्माण होगा।

यह कहना है आध्यात्मिक प्रेरक वक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी का, राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने लोगों को खुशियों से भरपूर जीवन जीने के मंत्र दिए। दिल्ली के भारती पब्लिक स्कूल मैदान में ब्रह्माकुमारीज द्वारा हर पल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिवानी ने कहा कि हमें समाज में मानसिक ऊर्जा की स्थिति को निम्न से उच्च बनाने के लिए श्रेष्ठ संकल्पों की रचना करनी है। कोई कैसा भी है उसे स्वीकार करना है। किसी के निम्न मानसिक ऊर्जा के प्रभाव में ना आकर, ऊंचे संकल्पों द्वारा उच्च ऊर्जा का प्रवाह उन्हें भी परिवर्तित कर देगा। कार्यक्रम का शुभारंभ बीके दामिनी (राजयोग प्रशिक्षक एवं गायिका, अहमदाबाद) के प्रेरणादायक गीतों से हुआ। इस अवसर पर बीके शिवानी, बीके उर्मिला (संचालिका, स्वास्थ्य विहार), बीके जगरूप, राजेश बत्रा, सविता बत्रा , रमेश गर्ग, महेंद्र लड्डा (वरिष्ठ भाजपा नेता), साक्षी गोयल, भावना गोयल (व्यवसायी), और शिखा गर्ग (सामाजिक कार्यकर्ता) समेत दो हजार लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आजादी के नायकों को नहीं मिला सम्मान : उपराष्ट्रपति



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को भारत मंडपम में राजा महेंद्र प्रताप सिंह की 138वीं जयंती समारोह को संबोधित करते हुए हुए कहा कि हमारे नायकों को वह सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार थे। इस अवसर पर राजा महेंद्र प्रताप सिंह पर सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता डॉ. विवेक सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'द लास्ट किंग' का हिंदी और अंग्रेजी में विमोचन उपराष्ट्रपति ने किया। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह को एक स्वाभाविक राजनयिक, राजनेता, दूरदर्शी और राष्ट्रवादी बताया। स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों को मान्यता न मिलने पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए, धनखड़ ने कहा, यह न्याय का कैसा उपहास है, कितनी त्रासदी है। अपनी स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में, हम राजा महेंद्र प्रताप सिंह जैसे महान पुरुषों के वीरतापूर्ण कार्यों को स्वीकार करने में विफल रहे हैं।

### ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस की बैठक आयोजित



**नई दिल्ली।** राजधानी में रविवार को ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भारत सरकार के बोर्ड ऑफ एथिक्स एंड रजिस्ट्रेशन, एनसीआईएसएम के सदस्य प्रोफेसर मुहम्मद मुजाहिर आलम ने यूनानी चिकित्सा से जुड़े लोगों को उपयोगी सलाह दी। उन्होंने यूनानी चिकित्सा को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगो तक युनानी चिकित्सा पहुँचाने पर जोर दिया। इस अवसर पर ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ. संजय ढींगरा ने एनसीआईएसएम में यूनानी चिकित्सा को संतुलित प्रतिनिधित्व मिलने की मांग की बैठक में ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने बैठक में भाग लेने वालों का शुक्रिया अदा किया।

# आरआरटीएस: जल्द न्यू अशोक विहार से चलेगी नमो भारत ट्रेन

● सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने लिया तैयारियों का जायजा

● गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन की सौर ऊर्जा संयंत्र का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/गाजियाबाद



आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ को जोड़ने वाले भारत के पहले रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर का दौरा किया।

इस दौरे की शुरुआत न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन से हुई, जहां एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने एनसीआरटीसी के निदेशकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया।

इस दौरे के दौरान कटिकिथला ने आरआरटीएस कॉरिडोर के दिल्ली खंड के परिचालन की शुरुआत के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। फिलहाल यात्री परिचालन के लिए इस खंड पर नमो भारत ट्रेनों के ट्रायल रन किए जा रहे हैं।

उन्होंने एनसीआरटीसी द्वारा मौजूदा परिवहन साधनों के पास बनाए जा रहे आरआरटीएस स्टेशनों के निर्माण कार्य का जायजा लिया। एनसीआरटीसी के एमडी ने उन्हें बताया कि किस तरह से फुट-ओवर ब्रिज (एफओबी), लिफ्ट और एस्केलेटर के व्यापक प्रयोग से परिवहन के विभिन्न साधनों को सहजता से एकीकृत किया जा रहा है, जिससे यात्री सड़कों पर उतरे बिना ही उनके बीच आसानी से आवागमन कर सकते हैं। उन्होंने एनसीआरटीसी द्वारा कई निर्माण चुनौतियों का सामना करते हुए एक व्यापक पारगमन केंद्र का निर्माण करने के लिए अपनाए जा रहे रणनीतिक और भविष्यवादी दृष्टिकोण की सराहना की। न्यू अशोक नगर और आनंद विहार आरआरटीएस स्टेशन दोनों ही इस मल्टीमॉडल एकीकरण का उदाहरण हैं, जो प्रभावी रूप से दिल्ली मेट्रो और उनके आसपास के अन्य परिवहन माध्यमों से निर्बाध रूप से जोड़ने जा रहे हैं।

कटिकिथला ने गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन भी किया जो एनसीआरटीसी की सस्टेनबिलिटी हासिल करने की प्रतिबद्धता में एक प्रमुख मील का पत्थर है। आरआरटीएस कॉरिडोर में एनसीआरटीसी द्वारा स्थापित यह सौर ऊर्जा छत संयंत्र, अब तक का सबसे बड़ा संयंत्र है, जिसमें लगभग 1 मेगावाट की सोलर ऊर्जा उत्पादन करने की क्षमता है।

यह पहल एनसीआरटीसी के स्टेशनों, डिपो और सबस्टेशनों को सौर ऊर्जा उत्पादन के केंद्रों में बदलने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो इसके कार्बन फुटप्रिंट्स को काफी कम करता है। वर्तमान में एनसीआरटीसी 4 मेगावाट पीक की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता के साथ अनुमानित वार्षिक 4,100 टन कॉर्बन उत्सर्जन में कमी ला रहा है। इसके साथ ही कटिकिथला ने परिचालित खंड में नमो भारत ट्रेन में यात्रा की, जहां उन्होंने नमो भारत ट्रेनों की यात्री-केंद्रित विशेषताओं का अनुभव किया। इस बीच उन्हें ट्रेन संचालकों और स्टेशन नियंत्रकों से भी परिचित कराया गया, जो मुख्य रूप से महिलाएं हैं।

# चिन्मय कृष्ण दास

## अनुचित गिरफ्तारी

**बांग्लादेश** में चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी धार्मिक अल्पसंख्यकों के समक्ष उपस्थित चुनौतियां उजागर करती है। एक लोकप्रिय हिंदू संत और 'बांग्लादेश सम्मिलित सनातन जागरण जोते' के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों की दयनीय स्थिति प्रकट करती है। हिंदू अल्पसंख्यकों की ओर से पैरोकारी करने वाले दास को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन पर आरोप है कि चिटगांव में एक रैली के दौरान एक धार्मिक झंडे को बांग्लादेश के राष्ट्रीय झंडे के ऊपर फहराया गया। इस घटना से देश में और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारी विवाद पैदा हुआ है। इससे बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति व्यवहार तथा उसके क्षेत्रीय स्थायित्व पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में चिन्ता पैदा हो गई है। 'इस्कान' में वरिष्ठ व्यक्ति तथा 'सनातन जागरण मंच' के नेता चिन्मय कृष्ण दास बांग्लादेश में हिंदुओं के अधिकारों के बारे में मुखर रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी 25 अक्टूबर की घटना के बाद हुई जब इस्कान के झंडे को एक विरोध प्रदर्शन में बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज से ऊंचा स्थान दिया गया। अधिकारियों ने इस कृत्य को राष्ट्रीय संप्रभुता के प्रति खतरे के रूप में देखा और बांग्लादेश कानून के अनुसार उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया। हालांकि, सरकार का मानना है कि झंडे की यह घटना राष्ट्रीय निष्ठा के प्रति हमला है, आलोचकों का कहना है कि ये आरोप राजनीति से प्रेरित है और इसका उद्देश्य अल्पसंख्यक स्वरों को कुचलना है। दास और 'सनातन जागरण मंच' ने एक आठ-सूत्री एजेंडे पर जोर दिया है जिसमें बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए ढांचागत सुधार शामिल हैं। उनकी मांग है कि अल्पसंख्यक मामलों के एक मंत्रालय के साथ ही एक न्यायाधिकरण की स्थापना की जाए ताकि अल्पसंख्यकों के खिलाफ अपराधों की त्वरित जांच हो तथा उनकी पहचान सुरक्षित रखने के अन्य कदम उठाए जाएं।



उनकी मांग लंबे समय से चली आ रही पैरोकारी का हिस्सा है जिसके अंतर्गत बांग्लादेश की जनसंख्या में लगभग 10 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा होनी चाहिए। हालिया गिरफ्तारी की व्यापक आलोचना हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सरकारी कार्रवाई की निन्दा करते हुए हिंदू संत को तत्काल रिहा करने की मांग करते हुए धार्मिक स्वतंत्रता के महत्व पर जोर दिया है। इस घटना ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा की हालिया घटनाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है जिसमें चिटगांव में एक हिंदू मंदिर को जलाना तथा अन्य धार्मिक समूहों पर हमले शामिल हैं। इस प्रकरण से अंतरिम सरकार द्वारा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में आने वाला संकट स्पष्ट हुआ है। विपक्षी नेता सरकार की आलोचना कर रहे हैं कि वह आर्थिक कुप्रबंधन तथा राजनीतिक अस्थिरता से ध्यान हटाने के लिए अल्पसंख्यकों पर निशाना लगा रही है। हालांकि, नई दिल्ली ने अक्सर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के बारे में चिन्ता प्रकट की है, पर उसे तनाव बढ़ने से बचने के लिए सावधानी से कदम उठाने होंगे। भारत के दृष्टिकोण में निरंतरता जरूरी है। विदेशों में अल्पसंख्यक अधिकारों पर चिन्ता प्रकट करते हुए भारत को अपने देश में बढ़ती चुनौतियों पर भी ध्यान देना होगा। उसे विपक्षी नेताओं के सरोकारों को संबोधित करना होगा जो अल्पसंख्यकों पर कथित खतरे की बात करते रहते हैं। वैसे स्वतंत्रता के बाद से ही भारत सरकार का अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रति रिकार्ड बेदाग है। इसका प्रमाण इस तथ्य से मिलता है कि जहां पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफ़ग़ानिस्तान में हिंदू व अन्य गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों की संख्या में भारी कमी आई है, वहीं भारत में मुस्लिम तथा अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की संख्या बढ़ी है और वे जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहे हैं। बांग्लादेश को अपनी बहुलतावादी विरासत का संरक्षण करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके सभी नागरिकों को सुरक्षा और सम्मान मिले, भले ही उनका विश्वास चाहे जो हो। केवल ऐसा कर ही बांग्लादेश अपना स्थायित्व सुनिश्चित करने के साथ ही निरंतर अंतरराष्ट्रीय सम्मान का भागीदार बन सकता है।

# पश्चिमी वर्चस्व को पूरब से चुनौती

पूर्वी राष्ट्रों के बीच गठबंधन मजबूत होने से अमेरिका-नीत विश्व व्यवस्था पर संकट मंडराने लगा है। इससे दुनिया में शक्ति संतुलन प्रभावित हो सकता है।



**नीलांत इलांगमुवा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



**कहीं** ऐसा तो नहीं कि वैश्विक टकरावों के बारे में विमर्श सावधानी से तैयार किया जा रहा है जिसका उद्देश्य युद्धों और दुनिया को बदलने के पीछे छिपे असली उद्देश्यों पर पर्दा डालना हो? कहीं ऐसा तो नहीं कि वैश्विक प्रभुत्व की इच्छा से पश्चिम न केवल टकरावों को जन्म दे रहा है, बल्कि आर्थिक संकट भी पैदा कर रहा है ताकि उसकी सर्वोच्चता बनी रहे? कहीं ऐसा तो नहीं कि गोपनीय सैनिक कार्रवाइयों से लेकर महत्वपूर्ण ढांचागत संरचनायें तोड़ने तक यथार्थ हमारे विश्वास से ज्यादा गंभीर और रणनीतिक है? उदाहरण के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष फोर्स का गोपनीय एक्स-37बी अंतरिक्षविमान जनता की जानकारी में नहीं है। आधिकारिक रूप से इसे नई सैनिक व्यवस्थाओं को जांचने का तकनीकी आदर्श माना जाता है।

एक्स-37बी अंतरिक्ष में युद्ध ले जाने की पश्चिमी आकर्षण का केन्द्र माना जाता है। यह यूरोप में युद्ध को क्षेत्रीय सीमाओं से बाहर ले जाने, नियंत्रण और निगरानी का उदाहरण है। जर्मनी भी गोपनीय रूप से ऐसे युद्ध की तैयारी कर रहा है जो शायद कभी न लड़ा जाए, पर इसके नतीजे आने वाली पीढ़ियों तक अनुभव होंगे। जर्मन सरकार ने बंकरों के निर्माण और विस्तार की योजनायें बनाई हैं। वह इमारतों, अंडरग्राउंड कार पार्कों और मेट्रो स्टेशनों को युद्ध की स्थिति में मजबूत शरणस्थलों की तरह तैयार कर रहा है। इन सब तैयारियों के कारणों की खुलेआम चर्चा नहीं की जाती है, पर भू-राजनीति की जरा भी समझ रखने वाले सभी लोग जानते हैं कि इसके पीछे रणनीतिक इरादे क्या हैं। इसके केन्द्र में रूस का भय है।

यह भय दशकों के राजनयिक समझौतों तथा आर्थिक सहयोग के बावजूद बना हुआ है। लेकिन इन कदमों के पीछे असली उद्देश्य रक्षा की आड़ में छिपा हुआ है और यह केवल जीवित बचे रहना नहीं है। इसका अर्थ यूरोप को अमेरिकन प्रभाव क्षेत्र में बनाए रखना तथा किसी ऐसे विमर्श पर लगाम लगाना है जो किसी अन्य समूह के गठन को बढ़ावा दे जो शीतयुद्ध द्वारा स्थापित विश्व व्यवस्था को चुनौती दे सके। पश्चिम द्वारा यूक्रेन पर युद्ध का शिकंजा मजबूत करने के बाद अब ज्यादा बड़ा खेल सामने आ रहा है। इसकी जड़ें आर्थिक तोड़फोड़ में हैं जिसकी जड़ें प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध में जुड़ी हैं। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान ब्रिटिश नौसेना की घेराबंदी के कारण 750,000 से अधिक जर्मन भूख से मारे गए थे, जबकि द्वितीय विश्वयुद्ध में 'धुरी' और 'मित्र शक्तियों' ने अर्थव्यवस्थाओं का विनाश किया था। अमेरिका ने जर्मनी, जापान और इटली को पंगु बनाने के लिए प्रतिबंधों और व्यापारिक प्रतिबंधों का प्रयोग किया और बाद में सोवियत विस्तार रोकने के लिए 'मार्शल योजना' बनाई।

द्वितीय विश्वयुद्ध का गोपनीय एजेंडा विश्व आर्थिक व्यवस्था की पुन: स्थापना था जिस पर आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं का प्रभुत्व हो। आज 'नार्ड स्ट्रीम' पाइपलाइनों का विनाश पश्चिम की निराशा का प्रतीक है।

इससे स्पष्ट होता है कि पश्चिम यूरोपीय ऊर्जा स्रोतों के नियंत्रण में कहां तक जा सकता है। इससे जहां जर्मन जनता तथा यूरोपीय बाजारों को नुकसान पहुंचा है, वहीं अमेरिका और उसके सहयोगियों को ऊर्जा निर्यात के क्षेत्र में अनिश्चितता और निर्भरता से लाभ हुआ है।

**आर्थिक प्रतिबंध, छद्म युद्ध तथा राजनीतिक तोड़फोड़ पश्चिम के हथियार हैं। यदि भारत, रूस और चीन के बीच निकटता बढ़े तथा 'ब्रिक्स' जैसा समूह मजबूत हो तो वह 'फाइव आइज़' या 'आंकुस' को आर्थिक व सैनिक रूप से चुनौती देने की स्थिति में होगा।**

यह केवल एक घटना नहीं है, बल्कि यह रूस की आर्थिक आक्रामकता को कमजोर करने तथा जर्मनी को ज्यादा स्वतंत्र होने से रोकने का कदम है। आत्मनिर्भर यूरोप की तुलना में विभाजित यूरोप पर नियंत्रण करना ज्यादा आसान है। लेकिन असली लक्ष्य पश्चिम का केवल रूस से भय तक सीमित नहीं है। उसे चीन, भारत और रूस के बीच संभावित एकता से खतरा है। एक समय भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के तौर पर दिखने वाले ये देश अब गठबंधन बना रहे हैं और शक्ति संतुलन इस प्रकार उलटने का प्रयास कर रहे हैं जिसे पश्चिम बर्दाश्त नहीं कर सकता है। दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश भारत का अगले कुछ साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना पश्चिम के लिए भयावह विभीषिका है।

अपने बढ़ते विनिर्माण क्षेत्र, तकनीकी प्रगति तथा तेजी से विस्तार लेते मध्य वर्ग के कारण भारत उस आर्थिक व्यवस्था के अस्तित्व पर खतरा बन रहा है जिसे पश्चिम ने पिछली शताब्दी में बड़ी मेहनत से बनाया है। भारत, चीन और रूस के बीच रणनीतिक जुड़ाव से एक बड़ा खतरा भी सामने आता है। यह अपने आप में इतना बड़ा समूह बन सकता है कि अमेरिका नीत विश्व व्यवस्था की चूलें हिला दे। यह केवल कल्पना नहीं है।

तीनों देशों के बीच संबंध व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा में परस्पर हितों के कारण मजबूत हो रहे हैं। भारत पूरब और पश्चिम के बीच एक सेतु का काम कर सकता है और वह विश्व अर्थव्यवस्था का प्रमुख इंजन बन सकता है। पश्चिम भारत को ज्यादा शक्तिशाली और स्वतंत्र बनने से रोकना चाहता है और इसके लिए पाकिस्तान से टकराव को बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत का उभार वर्तमान व्यवस्था तथा अमेरिकी डालर के वैश्विम प्रभुत्व को चुनौती देगा। इससे तकनीकी खोजों पर पश्चिम का एकाधिकार समाप्त होगा तथा विश्व व्यापार का ढांचा बदल जाएगा। पश्चिम काफी लंबे समय से चीन, भारत और रूस के बीच एक संतुलन बना रहा है। इससे पूरब के देशों को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा कर पश्चिम का आर्थिक वर्चस्व बनाए रखा जा सकता है। पूरब की एकता एक भयावह सपना है और पश्चिम इसे रोकने के लिए कुछ भी करने को तैयार है।

आर्थिक प्रतिबंध, छद्म युद्ध तथा राजनीतिक तोड़फोड़ पश्चिम के हथियार हैं। यदि भारत, रूस और चीन के बीच निकटता बढ़े तथा 'ब्रिक्स' जैसा समूह मजबूत हो तो वह 'फाइव आइज़' या 'आंकुस' को आर्थिक व सैनिक रूप से चुनौती देने की स्थिति में होगा।

इस एकता से पूरब पश्चिम की जंजीरों से मुक्त हो जाएगा। लेकिन केवल आने वाला समय ही बताएगा कि पश्चिम अपना रास्ता बदलने को तैयार होगा अथवा वह स्वयं अपने कामों से अपने पतन को निमंत्रण देगा।

# खेलों में बदलाव की आवश्यकता

**"चीन अपने खिलाड़ियों के दिमाग को प्रशिक्षित करने के लिए युद्ध की कला सीखने के लिए त्सुंग त्जु के कार्यों से कई पृष्ठ लेता है। यह गतिशील दृष्टिकोण चैंपियन बनाता है।"**

**रवि वलूरी**
(लेखक, भारतीय रेलवे से संबंधित हैं)



**अ**पने निशान पर, तैयार हो जाओ, जाओ। गोली चली और उसैन बोल्ट ने ट्रैक पर धूम मचा दी, जिससे उनके पदकों की संख्या में लगातार इज़ाफा हुआ। इसकी तुलना भारतीय एथलीटों से करें। हमारा दिमाग भी पीछे छूट जाने के लिए क्यों तैयार है? भारतीय एथलीटों में अर्जुन की तरह एकनिष्ठ प्रयास, प्रतिभा, नज़र और दिमाग होना चाहिए। वह एक सफल तीरंदाज था क्योंकि उसने अपने कौशल को निखारा और अपने गुरु - द्रोणाचार्य और अपने सखा - भगवान कृष्ण पर बहुत भरोसा किया। उसे दोनों ने पुरस्कृत किया। भगवान कृष्ण ने उसे सोहम स्वरूप, विश्वरूप दर्शन को पकड़ने के लिए दिव्य दृष्टि प्रदान की।

द्रोणाचार्य ने अपने पसंदीदा शिष्य को अपने शस्त्रागार में सभी हथियारों से भरकर सुसज्जित किया। अर्जुन के मन की लोच, लचीलापन और विनम्रता ने उसे अपने मन के कोबवे पर काबू पाकर अपने डर और अपने विरोधियों पर विजय पाने में सक्षम बनाया। अर्जुन का मन अजातशत्रु था और इस तरह वह उसका सहयोगी बन गया।

सच है, 1894 में पियरे डी कुबर्टिन द्वारा गढ़े गए ओलंपिक की भावना और आदर्श वाक्य सिटियस, अल्टियस, फोर्टियस (तेज, ऊंचा, मजबूत) था और है, और व्यक्ति को खेल भावना से खेलना चाहिए। लेकिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पोडियम पर खड़े होने की ललक बेहद गायब है।

पोडियम पर चढ़ने के लिए नहीं, चढ़ने के लिए जुनून, उन एथलीटों के दिमाग को क्या प्रेरित करता है, जहां हम असफल होते हैं? हमारे पास साधन नहीं हैं। क्रिकेट देश का पवित्र प्याला बना हुआ है और इन दिनों यह इंडियन



प्रीमियर लीग है जो हमारे खेल क्षेत्र पर हावी है। स्पेक्ट्रम के एक छोर पर क्रिकेट है और दूसरे छोर पर अन्य सभी खेल हैं। यह अन्य सभी खेलों की वस्तुत: निंदा है। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक उत्तर रेलवे में काम करती हैं और पहली महिला ओलंपिक रजत पदक विजेता पीवी सिंधु के पिता दक्षिण-मध्य रेलवे के खेल अधिकारी हैं। इन सशक्त महिलाओं की मानसिकता अजातशत्रु जैसी थी, क्योंकि उन्होंने कठिन परिस्थितियों को भी जीत में बदल दिया।

ये मानसिकताएं उस अदम्य भावना को दर्शाती हैं, जिसे सभी खिलाड़ियों को अपनाना चाहिए। खेल मंत्रालय की मानसिकता और दृष्टिकोण में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। इस विभाग के प्रशासन में जोरदार बदलाव की आवश्यकता है। भारतीय रेलवे और भारतीय रक्षा बलों को निजी क्षेत्र की भागीदारी के साथ-साथ अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के माध्यम से पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराने के लिए इस मृतप्राय संगठन को पुनर्जीवित करने में सक्रिय रूप से शामिल होना चाहिए। हालांकि, प्रशासकों के मन में संदेह नहीं पैदा होना चाहिए। उन्हें जोखिम उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उनके दिमाग में भी दृष्टिकोण लचीला होना चाहिए और अजातशत्रु बनना चाहिए। अधिकांश खिलाड़ी नवीनतम उपकरणों और संगीत सुनने और मनोरंजन उद्योग में आराम पाते हैं। शायद योग और प्राणायाम का अभ्यास करके कठोर कार्यक्रम की शुरुआत करना और फिर अपनी सामान्य दिनचर्या को फिर से शुरू करना एक लाभदायक अभ्यास होगा। दिन का अंत सुदर्शन क्रिया और ध्यान के अभ्यास से होना चाहिए। इससे शरीर और मन दोनों ही लचीले बनेंगे। कई पूर्वी एशियाई देश और चीन अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए विपश्यना जैसी आध्यात्मिक शिक्षाओं का पालन करते हैं।

चीन अपने खिलाड़ियों के दिमाग को प्रशिक्षित करने के लिए युद्ध की कला सीखने के लिए त्सुंग त्जु के कार्यों से कई पृष्ठ लेता है। यह गतिशील दृष्टिकोण चैंपियन बनाता है। धीरज सबसे कठिन अनुशासनों में से एक है, लेकिन जो धीरज रखता है, उसे ही अंतिम जीत मिलती है, बुद्ध ने कहा। पोडियम पर चढ़ना सम्मान की बात है। आइए हम कल से ही अपनी तैयारी पूरी ईमानदारी से शुरू करें और अपने खिलाड़ियों को सही मायने में अजातशत्रु बनने के लिए प्रशिक्षित करें।

## आप की बात

### सिद्धू का दावा

**नवजोत** सिंह सिद्धू अपनी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू के कैंसर इलाज को लेकर विवादों में घिर गए हैं। सिद्धू के छाती ठोंककर दावा किया है, डेली डाइट में देसी आयुर्वेदिक चीजों को शामिल करके उनकी पत्नी ने इस खतरनाक बीमारी को मात दे दी। कैंसर के इलाज के दौरान डाइट में कच्ची हल्दी, तुलसी ,नीम के पत्ते और सेब का सिरका शामिल था। इसके अलावा आंवला, दालचीनी, लौंग और गुड भी खाती थीं। इस दौरान उन्होंने फास्टिंग भी की थी। वह शाम 6 बजे के बाद सीधा अगले दिन 10 बजे भोजन करती थीं। इस तरह की लाइफ स्टाइल और खानपान से वह ठीक हो गई।%इस बार छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी में 850 करोड रुपए का ठोका है। और सबूत मांगे हैं। वह लोग जो एलोपैथी का महंगा इलाज करके अपनी जिंदगी भर की पूजी लूटा कर भी जीवित नहीं रह पाते उनके बारे में एलोपैथी अपनी नाकामी को उजागर करती है क्या? यदि नहीं तो उसे आयुर्वेदिक में जीरो थेरेपी पर नोटिस जारी करने का कोई अधिकार नहीं है। एलोपैथी के हर इलाज में भारी साइड इफेक्ट होने और अपने एंटीबायोटिक के प्रभाव हीन होने के शोध सामने आने लगे हैं। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय दावा बाजार बढ़ाने के लिए बीपी शुगर के पैमाने घाटा दिए गए हैं। ताकि मरीजों को मरीज नहीं होने पर भी दवा शुरू करके उसका ही हेबीचुअल बनाया जा सके।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### पत्थरबाजों की नियति

**सम्भल** की हिंसा से राजनीतिक हल्कों में तूफान आ गया है। पुलिस के ऊपर हुई पत्थरबाजी के फलस्वरूप पांच लोग मारे गए। जो लोग मारे गए उनकी मौत पुलिस की गोली से नहीं हुई। क्योंकि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में उनके शरीर से 315 की गोलियां निकलीं है जो कि पुलिस बल को नहीं दी जाती। स्पष्ट है कि उनकी मौत उपद्रवियों द्वारा चलाई गोलियों से ही हुई हैं। थोड़ी देर के लिए यदि यह मान भी लिया जाए कि मौत पुलिस की गोलियों से हुई है।तो भी यह अनुचित क्या है? आखिर पुलिस को शस्त्र किसलिए दिये जाते हैं? जब उन पर अपराधी जान लेवा हमला कर रहा हो तो क्या पुलिस अपने हथियारों को उल्टा करदे? क्या वो आत्मरक्षा में गोली नहीं चलाएगी? क्या पुलिस अपराधियों के हाथों मरने के लिए है? इस पर भी सपा मुखिया अखिलेश यादव सहित तमाम विपक्षी नेता पत्थरबाजों की मौत पर मातमपूर्शी कर रहे हैं। यही नहीं अखिलेश तो मरने वालों के स्वजनों को 5 -5 लाख रुपए देकर सम्मानित भी कर रहे हैं। आश्चर्य नहीं कि अखिलेश, औवेसी और राहुल उन्हें शहीद के दर्जे की मांग न करदें। लेकिन बांग्लादेशी हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों और उनकी मौत पर इन्हीं नेताओं की ज़बान पर ताला लग जाता है। यह कोई हैरान करने वाली बात नहीं है क्योंकि सपा और कांग्रेस का दिल तो अपराधियों और आतंकियों के लिए पहले से ही धड़कता रहा है। जो रामभक्तों पर गोलियां चलवा सकते हैं। – **डॉ नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

### ऑनलाइन सट्टेबाजी

**आनलाइन** सट्टेबाजी के बढ़ते जाल में फंसी युवा, पुरुष, महिला और वृद्धों की दयनीय स्थिति है ये अब एक उद्योग बन गया है, नए-नए आकर्षण और विज्ञापनों के साथ यह ऑनलाइन जुआ हर मोबाइल हर टीवी चैनल्स में एड पर देखने को मिलता है, जो लालच को बढ़ाता है। इनको खेलने वाला खिलाड़ी चूंकि ऑनलाइन खेलता है इसीलिए अपनी पहचान छुपाए रखता है, और यही कारण है कि किसी को यह नहीं पता चलता कि कौन व्यक्ति इस लत में फंसा हुआ है। जब उसका भारी नुकसान होता है या जब कोई आत्महत्या करता है, तो ही इसका पता चलता है। यह एक ऐसा जाल है जिसमें फंसा व्यक्ति बाहर नहीं निकल पाता है। सरकार को इस पर कठोर कानून बनाने चाहिए और इन गेम्स से होने वाले नुकसानों के विज्ञापन और होर्डिंग्स हर शहर, स्कूल और कॉलेज के बाहर लगाए जाने चाहिए। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी इसके दुष्प्रभाव को उजागर करना जरूरी है। क्रिकेटरों और फिल्मी हस्तियों का यह कर्तव्य बनता है कि वे पैसों के लालच में इन ऑनलाइन खेलों का प्रचार करने के बजाय, फ्री में इसके नुकसान के बारे में जागरूकता फैलाएं। इस समस्या के समाधान के लिए एक मजबूत और प्रभावी कदम उठाना जरूरी है ताकि समाज में इसके खतरनाक प्रभावों से बचा जा सके।

– **भगवानदास छारिया**, इंदौर

### सच्चाई उजागर हो

**संसद** लगातार अवरोध की शिकार है। एक सप्ताह में महज कुछ घंटे ही काम होना इस बात का पक्का सबूत है कि राजनीतिक दल समय का कितना मोल समझते हैं।अदानी मामला सरकार के लिए नासूर बन गया है तो विपक्ष के हाथ भी बटेर लगी है। इस मामले की वैश्विक प्रतिक्रिया अलग-अलग है। कहीं अदानी से जुड़ी परियोजना रद्द की गई है तो कहीं कंपनी के कामकाज के प्रति विश्वास व्यक्त किया गया है। इसका एक अर्थ यह है कि जिस अमेरिकी एजेंसी ने अदानी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है वहां भले ही पेंच फंसा हो मगर बात यह भी सामने आई है कि अदानी के बढ़ते व्यावसायिक विस्तार से अपने हितों के प्रति चिंतित अमेरिकी कंपनियों ने मामले को तुल देने की साजिश रची है। दुनियां के और देश में भी इस ग्रुप की परियोजनाएं आदि चल रही है लेकिन वहां से कोई नकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ऐसे में साजिश की गुंजाइश नजर आती है। अब सरकार का दायित्व बनता है कि वह इस मामले में सच्चाई सामने लाएं ताकि विदेश में भारत की छवि खराब होने से बचें।

– **अमृतलाल मारू**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# किसान स्वाभिमान महासम्मेलन का आयोजन

● सम्मेलन को कांग्रेस नेताओं ने किया संबोधित

संवाददाता। संतकबीरनगर



**खलीलाबाद** शहर के जूनियर हाईस्कूल प्रांगण में आयोजित किसान स्वाभिमान सद्भावना महासम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय ने कहा कि इस देश के चुनाव में लोकतंत्र एवं संविधान पर विश्वास रखते हुए करोड़ों जनता अपने राज्यकर्ता तथा भविष्य का निर्णय करती हैं। भाजपा सरकार में इस देश के अन्नदाता का सम्मान नहीं है। किसानों को खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। लाइन में घटों लगने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रहा है। महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे आप सभी के सामने थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा की मोदी व योगी सरकार ने चुनाव में लोकतंत्र एवं संविधान का मजाक उड़ाते हुए, जनता को गुमराह करके और आपस में सभी को लाने काम किया है। इस सरकार ने जो चुनावों में तांडव किया है उसे जनता देख चुकी है और आगामी चुनाव में इन्हें सत्ताहीन करके सबक सिखाने का काम करेगी। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज संतकबीरनगर जिले में यह किसान स्वाभिमान सद्भावना महासम्मेलन का कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम इसलिए रखा गया है क्यों कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किसानों के स्वाभिमान पर लगातार चोट कर रही है।

मोदी जी बनारस चुनाव में कहते थे कि पांच लाख वोटों से पार हो रहे हैं लेकिन अबकी बार उनका भी पसीना निकल गया। सीट जीतने के लिए हर हथकंडा अपनाया गया। कुछ ऐसा वचा नहीं था जिससे प्रयोग चुनाव में इन्होंने न किया हो गाड़ी, कपड़ा सवका, मोवाइल तक़ बांटा गया। यह देश के प्रधानमंत्री हैं जो कहते हैं हमने बड़ा काम किया है। जिस तरह से आज सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसान, नौजवान एवं कार्यकर्ता शामिल होकर एकता का परिचय दिये हैं इसी मजबूती के साथ आप सब खड़ा रहे तो निश्चित तौर पर आगामी 2027 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ सभी सीटों पर विजय श्री का परचम लहरायेगी। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव सत्य नारायण पटेल ने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ की हड्डी है और उस हड्डी को भाजपा सरकार में कमजोर किया जा रहा है।

भाजपा सरकार ने पूरा सिस्टम अडानी-अंबानी के हाथों में दे दिया है। इस सरकार में किसानों के हक की बात नहीं होती है। उन्होंने कहा कि लोक सभा के चुनाव जो सम्पन्न हुआ उसमें राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, खड़गे ने मोदी जी को भी धक्का देने का काम किया। जिससे वह डगमगा गए। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए मोदी जी को सात राउंड तक प्रदेश अध्यक्ष ने पीछे छोड़ दिया था। आने वाला समय आपका एवं कांग्रेस पार्टी का है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता के नेतृत्व में आगामी 2027 के चुनाव योगी सरकार को प्रदेश से हटाने का काम करेंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष केशव यादव, विश्व विजय सिंह एवं प्रदेश महासचिव अमरेन्द्र मल्ल ने कहा कि आज देश महंगाई, बेरोजगारी से जूझ रहा है।

## घरेलू गैंस सिलेंडरों का हो रहा व्यावसायिक उपयोग जिम्मेदार मौन

**जालौन, उरई।** घरेलू गैस सिलिंडरों का दुरुपयोग रोकने के तमाम प्रयासों के बाद भी घरेलू गैस सिलिंडरों का उपयोग व्यापारिक कार्यों में धड़ल्ले से हो रहा है। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन की नजर इन पर नहीं पड़ रही है। सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलिंडर के व्यापारिक प्रयोग पर पाबंदी लगी हुई है। इसलिए इनका व्यापारिक प्रतिष्ठान में प्रयोग नहीं किया जा सकता है। घरेलू गैस सिलिंडर का व्यापारिक प्रतिष्ठानों में प्रयोग कानूनन अपराध है। इसके बाद भी मूंगफली विक्रेता, चाय विक्रेता, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, छोले भटूरे, चाट, समेत कई तरह के व्यापारिक प्रतिष्ठानों में घरेलू सिलेंडरों का धड़ल्ले से प्रयोग हो रहा है। इसके अलावा एलपीजी वाहनों में भी इनका प्रयोग किया जाता है। बावजूद इसके अभी तक घरेलू गैस सिलिंडरों का व्यापारिक प्रयोग करने वालों के खिलाफ प्रशासनिक अधिकारी आंखें मूंदे हुए हैं।

# मिल एरिया थाना पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोपी फास्टर को किया गिरफ्तार

संवाददाता। रायबरेली



**जरायम** की दुनिया के शातिर अपराधी को एक बार पुलिस ने फिर से जल जीवन मिशन योजना के ठेकेदार से अवैध रूप से रंगदारी मांगे जाने के मामले में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज है। सिविल लाइन के समीप क्षेत्र पंचायत सदस्य पंकज सिंह की हत्याकांड के मामले में भी यह अभियुक्त आरोपी था। जिसको पुलिस ने थाना क्षेत्र से कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया था।

कई वर्षों बाद जेल से छुटने पर फिर से किसने रंगदारी और तरह-तरह की आपराधिक घटनाएं शुरू कर दी थी। शिकायत मिलने पर फिर से अभियुक्त को मिल एरिया थाना पुलिस ने,गिरफ्तार कर थाना कार्यालय पर ले जाकर अभियोग पंजीकृत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि जनपद रायबरेली में चल रहे जल जीवन मिशन का कार्य कर रही एनसीसी लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल मड्डाला ने थाना मलेरिया पर लिखित तहरीर देकर बताया कि 27 नवंबर को प्रशांत यादव का अंकित पूर्व फास्टर ने ऑफिस में जबरदस्ती घुसकर उनसे रंगदारी मांगते हुए चल रहे सारे कार्य का ठेका उन्हें देने के लिए धमकाया गया वादे की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पडताल शुरू की तो पुलिस ने दबिश के दौरान अभियुक्त को थाना क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त अंकित सिंह और प्रोफेसर पुत्र बृजेश सिंह निवासी आचार्य द्विवेदी नगर थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली का रहने वाला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त पर थाना कोतवाली नगर,थाना गुरबक्शगंज,थाना मिल एरिया सहित अन्य जगहों पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह और अच्छी अजय सिंह आरक्षित राजेंद्र सिंह शामिल रहे।

# नशे में धुत होमगार्ड ने रेलवे गेटमैन को पीटा, मुकदमा दर्ज

**डलमऊ, रायबरेली।** वैसे तो खाकी की किरकिरी कराने से बाज नहीं आ रहे वर्दीधारी। कहीं अवैध वसूली करते वीडियो वायरल होता है तो कही पुलिस के द्वारा फौजी के साथ मारपीट की जाती है। वही नशे में धुत होमगार्ड ने गेट बंद होने को लेकर गेट खोलने के लिए गेटमैन को पीट दिया। डलमऊ लगातार अपनी सुर्खियां बटोर रहा है और रायबरेली अधीक्षक यशवीर सिंह की जमकर किरकिरी करा रहे हैं। मुराईबाग रेलवे क्रासिंग खोलने को लेकर डायल 112 में तैनात होमगार्ड ने रेलवे गेटमैन की जमकर पिटाई कर दी थी।

वहीं शराब के नशे में धुत एक होमगार्ड ने गेट न खोलने पर रेलवे गेटमैन के साथ गाली गलौज और जमकर मारपीट की जाती है वहां पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया जाता है घटना की सूचना पर पहुंचती है डलमऊ पुलिस और आरोपी को पकड़कर थाने ले जाती है जहां उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामला मुराई बाग कस्बा स्थित गेट संख्या 61ठ पर गेट मैन देशराज पुत्र भागीरथ निवासी सलेमपुर डलमऊ रायबरेली ड्यूटी पर तैनात थे।

शनिवार गाडी संख्या 04251 चलाने के लिए गेट बंद किया था गाडी जाने के तुरंत बाद गाडी संख्या 041001 को रिसीव करने के लिए गेट बंद किया जा रहा था तभी पुलिस की वर्दी पहने पल्सर गाडी सवार व्यक्ति आया और वर्दी का रौब दिखाते हुए गेट खोलने का दबाव बनाने लगा गेटमैन द्वारा मना करने पर आरोपी ने प्रार्थी को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लात घुसो से मारपीट करने लगा जिससे प्रार्थी को अंदरुनी गंभीर चोटे आई हैं।

प्रार्थी की चीज पुकार के बाद वहां पर मौजूद राहगीरों ने बीच बचाव किया जिससे प्रार्थी की जान बच सकी।

# संयुक्त टीम ने दूसरे दिन भी सैकड़ों बोरी नकली खाद की बरामद

● मौके से 1 ट्रक, दो पिकप गाड़ियां पुलिस के हाथ लगीं

● नकली डीएपी खाद बनाने में प्रयुक्त रसायन की बोरियां मिली

● नकली खाद बनाने व बेचने में शामिल दस लोग गिरफ्तार

संवाददाता। उरई, जालौन



**अन्नदाताओं** के बीच आपदा में अवसर तलाशने वाले नकली खाद तैयार कर उसकी चोरी छिपे बिक्री करने की सूचनायें लगातार जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को मिलने के चलते कृषि अधिकारी, एसओजी, सर्विलांस व उरई कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम का गठन किया गया था ताकि नकली खाद कारोबारियों पर कानूनी शिकंजा कसा जा सके। इसीक्रम में रविवार को संयुक्त टीम ने जिला मुख्यालय उरई के कोंच रोड स्थित सैकर्ड हर्ट सेंटेनरी एकेडमी स्कूल के सामने बने गोदाम में छापामार कार्यवाही को अंजाम देकर मौके से सैकड़ों बोरी नकली डीएपी खाद बरामद कर नकली खाद बनाने में प्रयुक्त किये जा रहे रसायन की बोरियां भी मिली है। उक्त मामले में टीम ने दस लोगों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

उक्त मामले का खुलासा करते हुये पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि नकली खाद कारोबारियों की धरपकड़ के लिये गठित की गयी संयुक्त टीम ने कोंच रोड पर सैकर्ड हर्ट सेंटेनरी एकेडमी स्कूल के सामने बने गोदाम से नकली डीएपी खाद की 224 बोरी, ट्रक से 616 बोरी, दो पिकअप से 57 बोरी व नदीगांव में निखित अग्रवाल के बने गोदाम से 104 बोरी कुल 1001 बोरी बरामद की। छापामार कार्यवाही के दौरान पुलिस ने मौके से बोरी सिलने की पैकिंग मशीन मय धागरा, प्रकाश व्यवस्था, पैकिंग मशीन चलाने के लिये माइक्रोटेक का इनवर्टर, एक्साइड बैटरी सहित मिला।

नकली डीएपी खाद बनाने में प्रयोग किये जाने वाले रसायन की खाली बोरियां बड़ी मात्रा में पायी गयी। एक पैकिंग मशीन धागे सहित मिली इसके अतिरिक्त हुरुल का अपना पावर 20 किग्रा आदि बरामद कर आदित्य राठौर पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी कटरा मोहल्ला नदीगांव, गोविंद तिवारी पुत्र शेषनारायण तिवारी निवासी चंद्रकुआं पटेल नगर कोंच, धर्मेन्द्र कुशवाहा पुत्र गोविंद सिंह निवासी मंडी गेट कोंच, अनुराग याज्ञिक पुत्र स्व. अंजनी निवासी नया पाठकपुरा उरई, विकास चतुर्वेदी पुत्र सुरेश निवासी नया पटेल नगर उरई, रविन्द्र पुत्र मुन्नालाल निवासी इंदिरा नगर उरई, आकाश राजपूत पुत्र मुन्ना निवासी बड़ी बंधौली थाना डकोर, जुल्फिकार पुत्र जुबेर निवासी बेहड़ी तहसील चरथावल थाना मुजफ्फर नगर, शिवम अग्रवाम पुत्र पुरुषोत्तम निवासी मैन बाजार नदीगांव, मनीष खटीक पुत्र लाखन सिंह निवासी मोहल्ला कटरा कस्बा नदीगांव को गिरफ्तार किया जबकि विशाल राजपूत उर्फ गोलू पुत्र प्रमोद राजपूत हाल निवासी गांधीनगर उरई व निखिल अग्रवाल पुत्र हरीमोहन निवासी नई बस्ती कोंच फरार हो गये जिनकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीमों का गठन किया गया है।

## क्विक न्यूज

### दवाओं के गत्ते में करोड़ों रुपये, वीडियो वायरल

**रायबरेली।** रायबरेली में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में लाखों रुपये कैश के साथ लोगो का वीडियो वायरल वीडियो में एक दो नहीं बल्कि कई लाख रुपये देखें जा सकते हैं क्या ये सभी रुपये एक नम्बर के है, उठ रहा बड़ा सवाल क्या जीएसटी व आयकर को व्यापारी द्वारा लगाया जा रहा चुना मेडिकल स्टोर के अंदर का बताया जा रहा वायरल वीडियो वायरल वीडियो में दिख रहा सख्स मनोज पांडेय बजरंग दास दवा व्यवसायी का भाई बताया जा रहा है मेडिकल स्टोर की आड़ में किया जा रहा बड़ा खेल क्या आयकर विभाग व जीएसटी विभाग इस ओर गंभीरता से नहीं दे रहा ध्यान क्या दवा के व्यवसाय में कैशलेस व्यवस्था को दर किनार किया जा रहा है दवा के व्यवसाय में रोजाना लाखो करोड़ो रूपये नकद आते हैं या फिर दो नम्बर का भी खेला जा रहा दवा के व्यवसाय से बड़ा खेल फिलहाल ये लाखो करोड़ो रूपये नम्बर एक के है या दो के यह जांच का विषय है।

### दलित महिला से मारपीट, केस दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के साकेत नगर मोहल्ला में चार लोगों ने मिलकर एक दलित महिला की पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट व एससीएसटी एक्ट की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गुरबक्शगंज की रहने वाली मोनिका ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गत 26 नवंबर की दोपहर को वह साकेत नगर मोहल्ला स्थित अपने प्लाट में साफ सफाई कर रही थी। तभी मोहल्ले के ही राकेश सोनी, निशा सोनी, गुड़िया सोनी व गोवर्धन सोनी ने गाली गलौज शुरू कर दी। एतराज करने पर उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उसे जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मार डालने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव, मचा कोहराम

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गुमावां पुलिस चौकी अन्तर्गत मठ गोसाईं मजरे दहिगावां में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फंदे से लटकता मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक हर रोज की तरह रविवार की सुबह सरजू प्रसाद गोस्वामी जगने के बाद परिवार के सदस्यों को जागने लगे तो सभी लोग जग गए किन्तु छोटा बेटा नही जगा। जिसे जगाने के लिए कमरे का दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा अन्दर से बन्द था। कई बार आवाज देने के बाद भी बेटे ने दरवाजा नहीं खोला तो सरजू प्रसाद ने छत के ऊपर जाकर जंगले से देखा तो कमरे के अन्दर साडी के फंदे से उनका छोटा बेटा धीरज लटका था। जिसकी सूचना सरजू प्रसाद ने पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा को तोडकर धीरज को फंदे से उतारा तो उसकी मौत हो चुकी थी।

### रंजिशन हुई मारपीट में दांत से काटकर किया लहूलुहान

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के खजूरगांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान युवक ने पीड़ित को दांत से काटकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी राज बहादुर ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि बृहस्पतिवार की शाम को पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही रीतेश, गायत्री, सौरभ और सोनम ने उसके साथ मारपीट की। रीतेश ने उसे दातों से काट कर लहूलूहान कर दिया। आरोपियों ने उस पर लाठी डंडों और कुल्हाड़ी से हमला बोला जिससे उसे गंभीर चोटे आ गई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### विद्यालय में छात्रों द्वारा ईंट ढुलवाने का वीडियो भ्रामक

**महराजगंज।** रायबरेली क्षेत्र के राजा जितेंद्र सिंह इंटर कॉलेज अटरा में छात्रों द्वारा ईटा ढूलवाए जाने का वीडियो भ्रामक बताया जा रहा है, जिसको लेकर राजा जितेंद्र सिंह इंटर कॉलेज अटरा के प्रधानाचार्य अंजनी कुमार शर्मा व शिक्षकों ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक रायबरेली के निर्देश पर विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा व स्वच्छता एवं सेवा अभियान चलाया गया था जिसके तहत विद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा था उसी समय विद्यालय में एक शिक्षण कक्ष बहुत जर्जर होने की वजह से उसके दरवाजे को बंद करने का कार्य कॉलेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कर रहे थे तभी वहां मौजूद छात्रों ने अपनी स्वेच्छा से श्रमदान करना शुरू कर दिया जैसे ही विद्यालय के प्रधानाचार्य अंजनी कुमार शर्मा ने छात्रों को ईट ढोते देखा वैसे ही उन्होंने अपने अंशकालिक शिक्षक चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी के साथ वहां जाकर छात्रों को ईट ढोने से मना किया और कहा कि जो स्वच्छता पखवाडा के अंतर्गत दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### पिकअप व खड़े ट्रक में टक्कर, चालक की मौत

**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना क्षेत्र से होकर गुजर रही पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पिकअप रविवार की भोर खड़े ट्रक मे पीछे तेज रफ्तार पिकअप भिड़ गई। हादसे मे पिकअप चालक की मौत हो गई। जबकि परिचालक बुरी तरह घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक मौके से फरार हो गयी ।वही घायल को यूपीडा कर्मियों ने एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माइन स्टोन 68.5 भटमऊ गांव के समीप हुआ। यहां एक पिकअप कानपुर से छेना पाउडर लेकर आजमगढ़ जा रही थी। चालक आरिफ पुत्र पप्पू (26), निवासी थाना असीवन, जनपद उन्नाव गांव के ही लालजी पुत्र राजेंद्र शुक्ला (35) के साथ आजमगढ़ जा रहा था। भटमऊ गांव के समीप खड़े ट्रक से भिड़ंत हो गई। हादसे की वजह चालक को नींद आना बताया जा रहा है। यूपीडा कर्मियों द्वारा दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार शुकुल पहुंचाया। इसमें चालक आरिफ को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि परिचालक लालजी का इलाज चल रहा है। थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने बताया कि मृत्यु को घायलों के परिजन को सूचना दी गई है। शव को कब्जे में लिया गया है। परिजनों के आने के बाद तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 15 दिसम्बर तक चुने जायेंगे मण्डल अध्यक्षः अवधेश पांडेय

**गौरीगंज, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी जनपद अमेठी के अंतर्गत मंडल चुनाव कार्यशाला गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर संपन्न हुई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय रहे। जिला अध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र ने कार्यशाला में मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यशाला की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि अवधेश पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों का चुनाव सभी मंडल चुनाव अधिकारी 15 दिसंबर तक कर लेंगे मंडल अध्यक्ष के चुनाव में जो समर्पित पूर्व में पदाधिकारी दो बार से सक्रिय सदस्य एवं पदाधिकारी रहा हो वही मंडल अध्यक्ष के लिए नामांकन कर सकता है। मंडल अध्यक्ष बनाने के लिए सभी वर्गो का समावेश एवं सभी वर्गों से अच्छे कार्यकर्ता चुनकर आए चुनाव अधिकारी इसका भी ध्यान रखेंगे मंडल अध्यक्ष 45 साल की उम्र का ही बनेगा जो लगातार दो बार मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं वह मंडल अध्यक्ष तीसरी बार नहीं बनेगा मंडल अध्यक्ष सभी वरिष्ठ एवं कार्यकर्ताओं की आम सहमति एवं सर्वसम्मत से चुना जाएगा मंडल अध्यक्ष के चुनाव में सभी कार्यकर्ता सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का समावेश होना आवश्यक है। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला ने किया कार्यशाला में प्रमुख रूप से काशी प्रसाद तिवारी क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा उमाशंकर पांडेय पूर्व जिला अध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, राकेश त्रिपाठी सुरेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मंदिर परिसर में खेल रही मासूम के साथ साधुवेशधारी ने की अश्लीलता, पुलिस ने लिया हिरासत में

● तहरीर मिलते ही पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम में मामला किया दर्ज

● पहलवानी करने के बाद आरोपी ने ओढ़ लिया था साधु का बनावटी चोला

● मंदिर में लगता था नशेड़ियों का जमावड़ा

● कुछ दिनों पहले पीड़िता के चाचा से हुआ था विवाद

● साजिश का एंगल भी आ सकता है सामने

संवाददाता। कालपी, जालौन

मंदिर परिसर में खेल रही पांच वर्षीय मासूम के साथ 75 वर्षीय पुजारी ने अश्लीलता कर डाली। उसके रोने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसको चंगुल से मुक्त कराया था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पुजारी को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में पुरातन रामजानकी मंदिर है जहां पर लगभग 15 वर्षो से नगर के मुहल्ला टरननगंज निवासी साधुवेशधारी महेन्द्र दास उर्फमनमोहन दास उम्र लगभग 75 वर्ष मंदिर की देखभाल के साथ पूजा पाठ भी करता था। रविवार सुबह मंदिर के पास रहने वाला व्यक्ति की 5 वर्षीय रोजमर्रा की तरह परिसर में खेल रही थी इसी दौरान उक्त पुजारी मासूम को पकड़ कर अंदर ले गया और अश्लीलता करने लगा था जिससे वह घवरा गई थी और जोर जोर से रोने लगी थी। उसके रोने की आवाज मन्दिर के बगल में मौजूद उसके परिजनों ने सुनी तो वह मौके पर पहुंच गये तो पुजारी उसके साथ अश्लील हरकते कर धमका रहा था।

पुजारी की इस हरकत को देख परिजनों और ग्रामीण आक्रोशित हो गए और पुजारी की पिटाई कर डाली तथा मामले की सूचना पुलिस को दी थी। मासूम के साथ घटना होने की जानकारी पर पुलिस विभाग में खलबली मच गई और आनन फानन सीओ अवधेश कुमार सिंह चौहान तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये थे और आरोपी पुजारी को हिरासत में लेकर बालिका और उसके परिजनों से घटना की जानकारी लेकर तथा उनसे मिली तहरीर के आधार पर पुजारी के खिलाफछेड़खानी तथा पास्को एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है।

सीओ के मुताबिक मामला दर्ज कर लिया गया है तथा अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। मासूम से छेड़खानी करने का आरोपी महेन्द्र दास उर्फमनमोहन दास बचपन से ही साधु नहीं था बल्कि जवानी भर उसने पहलवानी की थी बाद में वह बनखण्डी मंदिर में तत्कालीन महंत के साथ पूजापाठ करते लगा था। और बाद में बड़ा स्थान के महंत जयरामदास से गुरूदीक्षा लेकर साधु बन गया था और लगभग 10 वर्ष तक उक्त स्थान पर ही रहा था और बाद में तत्कालीन महंत ने उन्हें इस रामजानकी मंदिर की जिम्मेदारी सौंप दी थी और तभी से वह यहां रह रहा था।

ग्रामीणों ने दबी जवान से बताया कि मंदिर में जमीन भी है जिसमें खेतीवाड़ी करने के लिए भी पीड़िता का परिवार पुजारी पर दबाब बना रहा था और इसी के चलते उनके बीच झगड़ा हुआ था। और इसी के चलते ग्रामीण इस मामले में साजिश की आशंका जता रहे हैं

# विश्व की सभी कथाओं में भागवत कथा सर्वश्रेष्ठः ददरौआ सरकार



**उरई, जालौन।** कस्बा कुठौंद के बिजली घर परिसर में 27 नवंबर को कलश यात्रा निकाली गयी थी जिसमें श्रीमद् भागवत कथा का एसडीओ सुनील कुमार कुठौंद ने पुष्प अर्पित शुभारंभ किया था। जिसमें औरैया से आये आचार्य गोपाल शुक्ल के अवकथनी प्रयास से बुधवार को कथा आयोजन स्थल पर परम पूज्यनीय संत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास महाराज ददरौआ धाम के कृपा पात्र शिष्य गोपाल शुक्ला महाराज औरैया के द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम परम पूज्य गुरुदेव की महिमा से अवगत कराया। कथा पंडाल में उपस्थित श्रोताओं से कहा कि विश्व की सभी कथाओं में भागवत कथा सर्वश्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है वह तीर्थ स्थल कहलाता है। इसको सुनने एवं आयोजन करने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी गलती से इस कथा को श्रवण कर लेता है तो वह कई पापों से मुक्ति पा लेता है। चल रहे विशाल कार्यक्रम के आयोजक रोहित मिश्रा, नवनीत अग्रवाल, सुरेश, कमलाकांत, सोनू शर्मा, बलवीर, लालजी पाल सहित सैकड़ों की संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# भाजपा लगातार तीसरी बार किसी को मंडल अध्यक्ष नहीं बनायेगीः त्रिपाठी

● दो से 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों के चुनाव कराये जायेंगे

● नये मंडल अध्यक्षों के चुनाव को लेकर पार्टी में सरगर्मी बढ़ी

संवाददाता। उरई, जालौन




**सोमवार** को भारतीय जनता पार्टी ने संगठन पर्व की सक्रिय सदस्यता एवं संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला लल्ला धाम गेस्ट हाउस अजनारी रोड पर सम्पन्न की जिसके मुख्य अतिथि सुभाष त्रिपाठी विधायक प्रयागपुर रहे। पार्टी संगठन बैठक को संबोधित करते हुये विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि जिला चुनाव अधिकारी के रूप में उन्होंने आगामी मंडल अध्यक्षों के चुनाव हेतु निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मंडल अध्यक्ष के चुनाव 2 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चुनाव संपन्न कराकर नए मंडल अध्यक्ष बनाए जाने है जिसमें मंडल चुनाव अधिकारी मंडल में जाकर मंडल अध्यक्ष के चुनाव संपन्न कराने जाएंगे मंडल अध्यक्ष का पैनल बनाकर जिला स्तर पर जमा करेंगे वह पैनल क्षेत्रीय कार्यकाल पर जाएगा जिसके बाद प्रदेश स्तर से मंडल अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। मंडल अध्यक्ष के चुनाव के लिए दो बार का सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य है एवं 45 वर्ष से अधिक उम्र न हो जो मंडल अध्यक्ष दो बार के मंडल अध्यक्ष है।

वह तीसरी बार आवेदन नहीं करेंगे क्योंकि तीसरी बार मंडल अध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा जिस मंडल में 75 प्रतिशत बूथ अध्यक्ष बन चुके है उन्हीं मंडलों में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की। इस दौरान सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, घनश्याम अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष, संजीव उपाध्याय, जगदीश तिवारी, विवेक कुशवाहा, नीरज दुबे जिला उपाध्यक्ष, देवेंद्र यादव, रामजी राजावत, दिलीप दुबे, अग्निवेश चतुर्वेदी, रविंद्र प्रताप, मनोज यादव, वीर प्रताप सभी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी जिला पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कृष्ण और सुदामा की मित्रता विश्व में अनूठा उदाहरणः पंडित संदीप



**जालौन, उरई।** श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर में पिछले सात दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को समापन किया गया। कथा के अंतिम दिन व्यास ने कथा का सारांश कह जीवन को जीने की कला भी समझाई। उरई मार्ग स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर में 25 नवंबर से द्वितीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया था। श्रीधाम से पधारे पंडित संदीप नरायण मिश्रा ने कथा सुनाकर भक्तों को भाव विभोर किया। कथा के अंतिम दिन रविवार को भगवताचार्य ने सातों दिन की कथा का सारांश किया। उन्होंने बताया कि मनुष्य का जीवन कई योनियों के बाद मिलता है। इसे कैसे जीना चाहिए, यह भी समझाया। कथा वाचक ने सूर्यदेव से सत्रजीत को उपहार स्वरूप मिली मणि का प्रसंग सुनाते हुए मणि के खो जाने पर जामवंत और श्रीकृष्ण के बीच 28 दिन तक चले युद्ध और फिर जामवंती, सत्यभामा समेत से श्रीकृष्ण सभी आठ विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि कैसे प्रभु ने दुष्ट भौमासुर के पास बंदी बनी हुई 16 हजार 100 कन्याओं को मुक्त करवाया और उन्हें अपनी पटरानी बनाकर उन्हें मुक्ति दी। उन्होंने सुदामा चरित्र को विस्तार से सुनाया। कृष्ण और सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा का उद्धार किया। मित्रता निभाते हुए सुदामा की स्थिति को सुधारा।

## आरोग्य मेले में 69 मरीजों का परीक्षण कर बांटी दवाएं

**जालौन, उरई।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखपुर बुजुर्ग में आयोजित हुए मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 69 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा वितरित की गई। रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखपुर बुजुर्ग में किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मेले में शुगर, उच्च रक्तचाप, मलेरिया आदि की जांच की गई। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्ड का पंजीकरण, वितरण व टीकाकरण किया गया। चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव दुबे ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सेवाएं जैसे मातृ-शिशु कल्याण, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना व उनका प्रचार-प्रसार करना है। एक ही स्थान पर मिलने वाली विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए।

# शिक्षा और सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने जीवन को बनाएं खुशहाल: नोडल



**लखीमपुर खीरी।** अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जिले की नोडल अधिकारी सचिव, वित्त विभाग उत्तर प्रदेश मिनिस्ती एस तहसील पलिया के थारू जनजाति क्षेत्र के ग्राम घुसकिया पहुंची, उनकी अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजित हुई। कार्यक्रम का सफल संयोजन एसडीएम कार्तिकेय सिंह और परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने किया। नोडल अधिकारी ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार संग ग्राम चौपाल का दीप जलाकर और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। आज राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय की पांच बालिकाओं ने सरस्वती वंदना, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गीत और मनमोहक लोक नृत्य प्रस्तुत किया। थारू महिलाओं के दल ने होली नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

### शिक्षा और सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने जीवन को बनाएं खुशहाल: नोडल

नोडल अधिकारी ने कहा कि डीएम दुर्गा के नेतृत्व में इस जिले में बेहतर काम हो रहा है। इसके लिए पूरा प्रशासन बधाई का पात्र है। एसडीएम व सीओ को दफ्तर में प्रेरणा कैंटीन खोलने का सुझाव दिया। सशक्तिकरण की घर से शुरुआत होती हैए जहां महिलाएं काम कर रही हैं वहां चेंजिंग रूम और महिलाओं के लिए पृथक शौचालय की व्यवस्था हो। व्यवस्थाओं को और सशक्त बनाएं प्रशासन का काम है सेवा। इसीलिए प्रशासनिक सेवा नाम दिया गया है। थारू समाज से अपील की कि वह बेटियों को स्कूल अवश्य भेजें, विद्या ही धन है। आने वाली पीढ़ी को शिक्षा ग्रहण कर अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए सीख दें और उन्हें मेहनत करना सिखाए। कर्म को भगवान की पूजा मानकर आगे बढ़े।

### नोडल अधिकारी के सुझाव अमूल्य, जमीन पर होगा क्रियान्वयनः डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि अपने दो दिनों के जनपद भ्रमण कार्यक्रम में नोडल अधिकारी का मार्गदर्शन प्राप्त होने पर पूरा जिला प्रशासन आभारी है। क्रांतिकारी सुझावों पर अमल करते हुए पूरी टीम के माध्यम से जमीन पर क्रियान्वित करेंगे। आज थारू जनजाति समाज ने अपने संघर्ष और हार्डवर्किंग से अपनी एक अलग पहचान बनाई। इस समाज के बच्चे नौकरी में नाम कमा रहे हैं।

### 5वें राष्ट्रीय लिटरेरी फेस्ट में समूह लोकनाट्य में द्वितीय स्थान पर बालिकाएं सम्मानित

कार्यक्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सौनहा की आस्था, रिंकी, सलोनी, नैंसी को नेस्ट्स द्वारा भुवनेश्वरए ओडीशा में आयोजित 5वें राष्ट्रीय सांस्कृतिक एवं कला उत्सव व लिटरेरी फेस्ट में प्रतिभाग कर समूह लोकनृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त हेतु सम्मानित किया। सम्मान बच्चियों ने अपनी म्यूजिक टीचर शिवांगी मिश्रा के नेतृत्व में प्राप्त किया।

### नोडल ने डीएम संग जनजाति क्षेत्र में बाटे कंबल और डिग्निटी किट

नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने डीएम और सीडीओ के साथ थारू जनजाति क्षेत्र के निराश्रित, जरूरतमंद महिला और पुरुषों को कंबल का वितरण किया। नोडल ने डीएम नागपाल की पहल पर तैयार कराई डिग्निटी किट का वितरण दिव्यांग एवं निराश्रित महिलाओं को किया।

तहसील पलिया के थारू जनजाति क्षेत्र के ग्राम घुसकिया पहुंचकर नोडल अफसर मिनिस्ती एस ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ 24x7 परिवार कल्याण उपकेंद्र का निरीक्षण किया। सीएमओ डॉ गुप्ता ने परिवार कल्याण उपकेंद्र की वर्किंग और एएनएम का अपने काम के प्रति समर्पण को भी रेखांकित किया। एएनएम क्रांति राणा ने नोडल के पूछने पर बताया कि वह स्किल बर्थ अटेंडेंट का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी है। केंद्र पर रहकर अप्रैल माह से अबतक 74 सुरक्षित प्रसव कर चुकी है। बताते चलें कि पूरे जिले में रिमोट एरिया में ऐसे 06 उपकेंद्र संचालित है।

नोडल ने डीएम नागपाल संग घुसकिया के पंचायत भवन का भी निरीक्षण कर वर्किंग जानते हुए व्यवस्थाओं की पड़ताल की। पंचायत भवन में मौजूद पंचायत सहायक पूजा राणा से उनके कामकाज की जानकारी ली। नोडल के पूछने पर पूजा ने बताया कि जाति आय निवास के अब तक 105 प्रमाण पत्र जारी किए हैं। पंचायत भवन के अन्य अभिलेखों को देखकर सराहना की। नोडल ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी निरीक्षण किया सीएमओ ने बताया कि जिले में 338 आरोग्य मंदिर संचालित है।

नोडल अधिकारी/सचिव (वित्त) मिनिस्ती एस ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार संग थारू जनजाति क्षेत्र की ग्राम पंचायत घुसकिया में विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्टालों पर मौजूद अधिकारी.कर्मचारियों से जानकारी लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने विकास प्रदर्शनी में सहकारिता, आपूर्ति, बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य कृषि, उद्यान, पंचायती राज, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ओडीओपी सहित अन्य विभाग के स्टालों पर पहुंचकर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर इसे स्थानीय लोगों को प्रदान करने के निर्देश दिए।

## केंद्रों पर नहीं डीएपी किसान महंगी खरीदने को मजबूर

**फतेहपुर।** रबी फसल की बुवाई के लिए किसान डीएपी खाद की तलाश में सहकारी समितियों के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन सभी केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में डीएपी नहीं मिलने से तैयार बने खेतों की किसान बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। कई किसान बाजार में उपलब्ध महंगे दामों में खाद खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। बीते एक माह से किसान सहकारी समितियों पर डीएपी आने की बाट जोह रहे हैं। लेकिन खाद नहीं होने से किसान बाजार से 100 रुपये तक महंगी खरीद कर गेहूं की बुवाई कर रहे हैं। किसान फूल सिंह, मोहित यादव, धर्मेन्द्र आदि ने बताया कि रोजाना समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन केन्द्र प्रभारी अगले दिन आने का बहाना बनाकर टरका दे रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि जिले में डीएपी खाद उपलब्ध है। बहुत जल्द रैक आने वाली है, आते ही समितियों में वितरण करा दिया जाएगा।

# विश्व एड्स दिवस पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान वालों को मिला पुरस्कार



**लखीमपुर खीरी।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजापुर में संगोष्ठी व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य बीबी सिंह ने की। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता सहित जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ प्रमोद वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। एड्स को लेकर हुई गोष्ठी में संस्थान के बच्चों ने अपने विचार रखेंए जिसमें कोमल भारद्वाज को प्रथम स्थान मिलाए मनीष वर्मा को द्वितीय स्थान और सारिका वर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। इसी तरह एड्स दिवस पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में संस्थान के छात्र.छात्राओं ने प्रतिभाग लिया। इसमें कुण् मनीषा देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सारिका वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कियाए मुस्कान वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल गुप्ता ने बताया कि एचआईवी से बचाव ही इसका बेहतर इलाज है। अगर इसके कारणों की बात की जाए तो एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाने सेए एचआईवी संक्रमित सुई एवं सिरिंज के साझा प्रयोग सेए एचआईवी संक्रमित रक्त या रक्त उत्पाद को चढ़ाए जाने सेए एचआईवी संक्रमित गर्भवती मां से उसके होने वाले बच्चों को एचआईवी एड्स हो सकता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रमोद वर्मा ने कहा कि एड्स के होने के कारणों का व्यापक प्रचार होना जरूरी है। इसे लेकर चर्चा होनी भी जरूरी है। जिससे लोगों को इसके होने के कारणों का पता चल सके और वह इससे बचाव कर सकें। समाज में एचआईवी एड्स को लेकर तमाम भ्रांतियां हैं इन्हें दूर करना जरूरी है।

विद्यालय प्रधानाचार्य बीबी सिंह ने बताया कि समाज में एचआईवी एड्स से ग्रसित मरीज को लोग अछूत समझकर व्यवहार करते हैं। उनसे दूरी बनाकर रखते हैं। उनके साथ खड़े होने से डरते हैंए जबकि एड्स किसी के साथ बैठनेए छूने और खाने से नहीं फैलता। आज समाज में इसको लेकर तमाम भ्रांतियां हैंए जिस पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। इस दौरान उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रवी अवस्थीए एसटीआई काउंसलर आरपी मौर्य एवं एनजीओ ग्रामीण विकास सेवा समिति लखीमपुर के प्रोजेक्ट मैनेजर बृजेन्द्र कुमार सहित समस्त स्टाफ ने सम्बोधित गोष्ठी को किया। सभी ने एड्स के कारणों एवं बचाव पर जानकारी सहित एड्स के रोगियों की टीबी जांच अवश्य कराने के लिये बताया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन परमानन्द फर्मासिस्ट ने किया। जिला क्षय रोग कार्यालय से करूणा वर्माए संजय रायए आशीष मौर्यए नीतीश श्रीवास्तवए अमित रानाए आसिफहुसैन आलोक कुमारए सुनील कुमार आदि ने मुख्य भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में फोरमैन अवधेश कुमार सहित आईटीआई के समस्त स्टाफने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# कई दिनों से बंद चीनी मिल में गन्ना पेराई शुरू, प्रशासन ने ली राहत की सांस

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**दि किसान** सहकारी चीनी मिल्स कायमगंज के पेराई सत्र का शुभारंभ करीब 7-8 दिन पहले ही हुआ था। किन्तु शुरू में ही लगभग कुछ घंटे ही पेराई के बाद तकनीकी खराबी से मिल बंद हो गया था। किन्तु मिल द्वारा जारी गन्ना सप्लाई मांग के अनुसार किसान बडी संख्या में गन्ना तौल कराने के लिए मिल परिसर में पहुंचने लगे थे । गन्ना तौल के इंतजार में तीन से चार दिन तक खडे किसानों ने मिल प्रशासन से तौल कराने की मांग करते हुए हंगामेदार प्रदर्शन किया था।

मिल प्रशासन को पुलिस तक बुलानी पड़ी थी। जल्द मिल चालू कराने का मिल प्रशासन ने आश्वासन दिया था। इसके बाद काफी प्रयास से सूखे वगास ईंधन की व्यवस्था एवं आई तकनीकी खराबी सही होने के बाद पेराई कार्य शुरू हो गया । काफी समय से मिल परिसर में तौल के इंतजार में खड़े किसानों के गन्ने की तौल शुरू हो गई । इसके बाद मिल प्रशासन तथा किसानों ने राहत की सांस ली है।

किन्तु मिल की बदहाल व्यवस्था तथा जर्जर मशीनों की बात कहते हुए किसानों ने आशंका व्यक्त कर कहा कि ऐशी स्थिति में यह पता नहीं कि मिल कब तक सही ढंग से पेराई कार्य करेगा या पहले का तरह इन जर्जर मशीनों में तकनीकी खराबी आ जाने पर बंद हो जायेगा। सीसीओ प्रमोद कुमार ने बताया अब तक 80 हजार कुंतल का इंडेन जारी हो चुका है और 15 हजार कुंतल गन्ना मिल में आ चुका है। जीएम कुलदीप सिंह ने बताया पेराई सुबह साढे चार बजे से चालू हो गई है। अब तक सही ढ़ंग से कार्य हो रहा है । उनके अनुसार दोपहर तक करीब 5 सौ कुतल गन्ना पेरा जा चुका है।

## पल्स पोलियो की जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन

**बांदा।** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कल देर शाम जिला स्वास्थ्य समिति एवं दिनांक 8.12.24 से शुरू हो रहे पल्स पोलियो की जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन कलेक्ट सभागार में किया गया स जिसमें जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों एवं सभी सूचकांकों की समीक्षा की गई स उन्होंने समीक्षा में पाया कि जननी सुरक्षा योजना में लक्ष्य के सापेक्ष अभी कम संस्थागत प्रसव हो रहे हैं सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति को हासिल करेंएस जिलाधिकारी ने टीकाकरण की समीक्षा में पाया गया कि कुछ ब्लॉक कम है उन्हे प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया, बैठक में यूनिसेफ द्वारा बताया गया कि सपोर्टिव सुपरविजन बहुत कम है जिस पर सभी को निर्देशित किया गया कि समस्त टीकाकरण सत्रों का भ्रमण कराएंस इसी तरह आशा चयन की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि जनपद में 60 आशाओ का चयन किया जाना था जिसमें से मात्र 14 का है चयन किया गया।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आने से दम्पत्ति की मौत



**रूरा, कानपुर देहात।** अपनी पुत्री के घर जा रहे दम्पत्ति रविवार की सुबह बरौनी नई दिल्ली एक्सप्रेस की चपेट की चपेट में अम्बियापुर रेलवे स्टेशन पर आ गये जिससे उनकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी, सूचना पर पहुँची पुलिस ने शवों को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। गोपी पुत्र घसीटे व गोपी की पत्नी शिवदेवी निवासिनी ग्राम अम्बियापुर रविवार की सुबह अपनी पुत्री की ससुराल फफूंद जाने के लिये ट्रेन पकडे अम्बियापुर स्टेशन आयी थी। फफूंद जाने के लिये ट्रेन को प्लेटफार्म नम्बर 4 पर आना था। अम्बियापुर स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज न होने से वह डाउन लाइन की रेलवे पटरियों को क्रास कर जैसे ही अप लाइन की मेन लाइन पर पहुँचे कानपुर की ओर से आ रही बरौनी नई दिल्ली एक्सप्रेस की चपेट में दम्पत्ति आ गये, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, पुलिस ने शवों को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

### धान खरीद का दस करोड़ रुपए लेकर फर्म फरार

**बिंदकी, (फतेहपुर)।** एक फर्म ने लगभग 10 करोड रुपए की धान खरीद की। ताला बंद कर लापता हो गए। व्यापारी पिछले कई दिनों से अपना रुपया लेने के लिए परेशान हैं। जब रुपया नहीं मिला और धान खरीदने वालों का कोई पता नहीं चला तो 35 व्यापारियों की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफरुपया गबन करने का मुकदमा दर्ज किया है और पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। नगर के कुंवरपुर रोड में महादेव गार्डेन के सामने गरिमा ट्रेडर्स नाम की आढ़त है। काफी दिनों से धान की खरीद की जा रही थी। धान की खरीद करने वाले लोग लगभग 10 करोड़ रुपए का धान खरीद करने और बाहर बचने के बाद लापता है। लगभग 35 व्यापारी लगातार आरोपी लोगों की खोजबीन कर रहे थे लेकिन वह लोग नहीं मिले जिससे परेशान व्यापारियों ने शनिवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह से लिखित शिकायत किया जिसके आधार पर अशोक कुमार सिंह पुत्र राम प्रताप सिंह निवासी मलवां थाना मलवां तथा अन्य व्यापारियों की तहरीर पर व्यापारी रमेश चंद्र पटेल उर्फछोटे, साझेदार उमेश गुप्ता, मुनीम रवि त्रिपाठी तथा जिस जमीन में गरिमा ट्रेडर्स खुली है। उसके भूमि स्वामी दिनेश चंद्र गांधी के खिलाफकरोड़ों रुपए के गमन का मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि लगभग 10 करोड़ रुपए के गबन का मुकदमा चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया है।

### तीन दिसंबर से चलेगा अतिक्रमण अभियान

**खागा (फतेहपुर)।** नगर में लग रहे जाम की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत, तहसील प्रशासन तीन दिसंबर को नगर क्षेत्र के किशनपुर रोड, जीटी रोड, और नौबस्ता रोड पर अवैध तरीके से बने फुट पाथों को कब्जा हटाने का अभियान शुरू किया जाएगा। इसके लिए एक विशेष टीम गठित की गई है। एसडीएम अजय पांडेय ने बताया कि इन सड़कों पर अतिक्रमण के कारण स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खासकर बाजारों में यातायात जाम की समस्या गंभीर हो जाती है। पुलिस प्रशासन पहले भी ऐसे मामलों में हस्तक्षेप करता रहा है, लेकिन समस्या अब तक बनी हुई है। इस अभियान के दौरान नगर निकाय की ओर से अवैध निर्माण और सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाएगा ताकि लोगों को सुगम यातायात मिल सके। बताया कि इस बार नगर को जाम की समस्या से मुक्त कराया जाएगा।

### आज स्मार्ट क्लासों का उद्घाटन करेंगी पूर्व मंत्री

**फतेहपुर।** भाजपा के जिला मंत्री शिव प्रताप सिंह ने बताया कि पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति कल जिले के कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। उन्होने बताया कि पूर्वाह्न दस बजे सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज खागा में स्मार्ट क्लास, अपराह्न 01.30 बजे कमल विद्या मंदिर इंटर कालेज अल्लीपुर बहेरा विकास खंड ऐरायां में स्मार्ट क्लास व अपराह्न 02.30 बजे पीताम्बर लाल इण्टर कालेज मनमोहनपुर विकास खंड हथगाम में स्मार्ट क्लास का लोकार्पण करेंगी।

### बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, दो घायल लोहिया रेफर

**फर्रुखाबाद।** थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम रमापुर निवासी विरक लाल का 45 वर्षीय पुत्र राजवीर सिंह शाक्य बहनोई बेदराम शाक्य की तेरमी में कोतवाली मोहम्मदाबाद में गांव चुन्नू पुर गढ़िया गया था। राजवीर के साथ गांव का ही वेदराम यादव का पुत्र मोनू उर्फआशीष गया था। वहां से वापस आते समय नगला महानंद के पास मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे आशीष यादव का सर किमी दर्शाने वाले पत्थर से जा लगा। राजवीर शाक्य को भी चोटे आई हैं। उप निरीक्षक पुलिस के साथ पहुंचे। डायल 108 से सामु. स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भेजा। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर मोहित यादव ने प्रा. उपचार कर डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया।

## साइबर हेल्प डेस्क ने दोनों शिकायतकर्ताओं द्वारा की गयी शिकायतों पर कार्यवाही

**कानपुर देहात।** साइबर क्राइम से संबंधित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता शिवकुमार पुत्र स्व. मानिक चन्द निवासी ग्राम सिलहरा थाना राजपुर कानपुर देहात 27.11.2024 को फ्राडर द्वारा फर्जी मैसेज व कॉल करके फ्राड तरीके से 46009 रूपये की साइबर ठगी की गयी। आवेदक शिवकुमार उपरोक्त ने 27.11.2024 को साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर हेल्प डेस्क थाना राजपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर अपराधी के वॉलेट/बैंक अकाउंटडेबिट फ्रीज कराया गया एवं 28.11.2024 को शिकायतकर्ता के बैंक खाते में कुल धनराशि 26009 रुपये वापस कराये गये तथा बचे हुए पैसो को वापस कराने के लिए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# रामऔतार दीक्षित बने कॉग्रेस सेवादल के प्रदेश महामंत्री

**● ऊर्जावान, कर्मठ कॉग्रेस कार्यकर्ता के नये दायित्व पर कॉग्रेसियों में खुशी की लहर**



नवनियुक्त कॉग्रेस सेवादल के प्रदेश महामंत्री रामऔतार दीक्षित

**कानपुर देहात।** सेवानिवृत्त शिक्षक व वरिष्ठ कॉग्रेसी रामऔतार दीक्षित को केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश कॉग्रेस सेवादल समन्वयक ने कॉग्रेस सेवादल का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। अपने ऊर्जावान व कर्मठ व्यक्तित्व से उम्र की सीमाओं के बंधन को लॉघकर बीते चार-पॉच महीनों में कॉग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाओं से प्रदेश व केन्द्रीय नेतृत्व का ध्यान अपनी ओर खींचने वाले रामऔतार दीक्षित के प्रदेश महामंत्री पद पर मनोनयन पर कॉग्रेसियों सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

रामऔतार दीक्षित का कॉग्रेस पार्टी से करीब चार दशक से भी पुराना नाता है। पूर्व विधायक नेकचन्द्र पाण्डेय, पूर्व सॉसद व पूर्व राज्यमंत्री राधेश्याम कोरी से राजनीति का ककहरा सीखने वाले रामऔतार अपनी सेवाओं, कर्मठता के चलते किसी परिचय के मोहताज नहीं है। कॉग्रेस पार्टी की खस्ता स्थिति के बावजूद वह पार्टी में निष्ठा व सर्मपण के साथ जुटे रहे। उनकी निष्ठा का इनाम तब मिला जब करीब पॉच महीने पूर्व उन्हें कॉग्रेस सेवादल का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अपने चार महीने के संक्षिप्त कार्यकाल में कॉग्रेस सॅगठन को जमीन पर खडा करने के लिये जनपद की सभी तहसीलों, ब्लाकों में तूफानी दौरा कर नये लोगों को जोडने में सफलता पायी। इन्ही चार महीनों में अपनी सेवाओं से उन्होंने केन्द्रीय व प्रदेश नेतृत्व का ध्यान अपनी ओर खींचा। आल इण्डिया कॉग्रेस सेवादल नई दिल्ली के चीफआर्गनाइजर लाल जी देसाई ने उप्र कॉग्रेस सेवादल के प्रदेश समन्वयक लक्ष्मीकॉत दीक्षित को मनोनयन पत्र शनिवार को भेजा। केन्द्रीय नेतृत्व ने रामऔतार दीक्षित सहित सात लोगों को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया वहीं देवकी नन्दन दुबे को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। दो मॅत्रियों सहित कानपुर देहात, झॉसी, उरई जालौन, झॉसी व ललितपुर जिलों के अध्यक्ष का मनोनयन भी जारी किया है। इन्दिरा रायकवर को झॉसी जिले का महिला समन्वय नियुक्त किया गया है। रामऔतार दीक्षित के कॉग्रेस सेवादल का प्रदेश महामंत्री बनाये जाने पर कॉग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश कटियार, वरिष्ठ कॉग्रेसी दिलीप सिंह मुन्ना, कॉग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला, प्रदीप पालीवाल, शमीम कुरैशी, खुशीप्रसाद कुशवाहा सहित अन्य कॉग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त करते हुये कॉग्रेस सॅगठन को खडा करने में हरसॅभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

# राज्य कर विभाग को तीस करोड़ रुपये में केवल उन्चास हजार रुपये लगे हाथ

**हमीरपुर।** बैट में बकाया कर वसूलने के लिये पिछले दिनों राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारियों के खाते सीज कर धन निकालने के चलाये गये अभियान में तीस करोड़ में केवल उन्चास हजार रुपये की हाथ लगे है,जिससे विभाग को बेहद निराशा हुई है। अभियान फिर से चलाने पर विचार किया जा रहा है।

राज्य कर विभाग के लिये खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। शासन ने जीएसटी लागू करने पहले वर्ष 2008 से वर्ष 20217 तक बैट लागू किया था जिसमे जिले से करीब सात सौ व्यापारियों का करीब तीस करोड़ रुपये टैक्स बकाया था,इसके बाद जीएसटी लागू होने के बाद व्यापारियों ने बैट का टैक्स जमा नही किया,लोग इस टैक्स को भूल गये, शासन ने गभीरता से लिया और पिछले दिनों एक अभियान चलाकर व्यापारियों के खाते सीज कर उसमे जमा धनराशि निकालकर शासन के खाते में जमा कराना शुरु कर दिया व्यापारियो ने इस मामले को प्रदेश व्यापी प्रदर्शन किया मगर उसका कोई असर नही हुआ, व्यापारियों में राज्य कर विभाग की मंशा भापते हुये आनन फानन अपने खातो से पैसा निकाल कर दूसरे खाते में जमा कर दिया, यही नही इस मामले में बैंकों ने व्यापारियों का पूरा सहयोग किया और राज्य कर विभाग को व्यापारियों के खाते का विवरण देने से इंकार कर दिया, शासन ने इस मामले को लेकर राज्य कर विभाग पर शिकंजा कसना शुरु किया था मगर तब तक व्यापारी खाते से पूरा धन उड़ा चुका था। विभाग को मामूली धन मिलने से शासन ने इस मामले में फिर से दूसरा रास्ता निकालकर बैट का बकाया धन वसूल करने की फिर से रणनीति तैयार की है। व्यापारियों का कहना है कि उन्होने उद्योग का पंजीकरण तो कराया था मगर व्यापार की शुरुआत नही की थी इसके बाद भी बैट में उनसे टैक्स की वसूली की जा रही है।

# जिला जज ने शूटिंग प्रतियोगिता के मेधावियों को मेडल प्रदान कर किया सम्मानित

**● कंपटीशन खिलाडियों के आगे बढने का मार्ग प्रशस्त करता है ● जिला जज ने नेशनल शूटर तहसीन सिद्दीकी एवं अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज जितेंद्र सिंह को किया सम्मानित**



जिला जज का स्वागत करते फाउन्डर व मौजूद बिजेता।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** एचएम महाविद्यालय में आयोजित कन्नौज राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन जिला जज चंद्रोदय कुमार ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजों सहित सभी में मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया। हर किसी के जीवन में खेल जरूरी हैं। खेल कंपटीशन को बढ़ावा देते हैं और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। हाजी मजहरूद्दीन महाविद्यालय में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के फाउंडर तहसीन सिद्दीकी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कन्नौज राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जिला जज चंद्रोदय कुमार ने कहा कि खेलों से आगे बढ़ने का जज्बा पैदा होता है। कहा कि खेलों से खिलाड़ी शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट होते हैं। उनके बीच आप ही भाईचारे की भावना बढ़ती है। कोई भी क्षेत्र चाहे वह खेल हो नौकरी हो या पढ़ाई हो सभी में फोकस करने की विशेष आवश्यकता होती है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने जिला जज को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला जज के साथ कार्यक्रम में पहुंची उनकी पुत्री ने भी पिस्टल से निशाना लगाया। जिला जज चंद्रोदय कुमार ने शूटिंग प्रतियोगिता में मेधावी छात्र-छात्राओं एवं शूटरों को मेडल पहनाकर स्वागत किया। मुख्य रूप से स्टेट राइफल शूटिंग गोल्ड मेडलिस्ट जुवेरिया शाह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, आरआई सुखपाल सिंह, राहुल तोमर, जितेंद्र सिंह, अनिल कुमार, शूटर अनिल कुमार पाल, अंतरराष्ट्रीय शूटर जितेंद्र सिंह, राधिका नायर, आशीष शर्मा, एडवोकेट आफ्ताब हुसैन आदि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# किशोरी को अगवा कर ले गया पड़ोसी, तीन पर मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक विधवा की नाबालिग बेटी को पड़ोसी युवक अगवाकर अपने साथ ले गया। इस अमानवीय कारनामे की उलाहना पर युवक के माता-पिता ने पीड़िता को गाली गलौज कर भगा दिया। साथ ही कही शिकायत करने पर पीड़िता को गांव में न रहने देने की धमकी भी दी है। पुलिस ने आरोपी और उसके माता-पिता समेत तीन लोगों पर अपहरण के साथ अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जाच शुरू कर दी है।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के की एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। परिवार में उसकी एक बेटी और बेटा हैं। परिवार मेहनत मजदूरी कर गुजर-बसर करता है। बताया जा रहा है कि बीते 24 नवंबर की सुबह महिला और उसका बेटा गांव में ही खेतों में काम करने के लिए गए थे। इस दौरान घर में उसकी नाबालिग बेटी अकेली थी। खेतों से काम करने के बाद दोपहर करीब 12 जब मां बेटे घर लौटे तो बेटी घर से गायब थी। किशोरी को घर में न देख परिजनों के होश उड़ गए और गांव के साथ रिश्तेदारी के गांवों में बेटी की तलाश शुरू की। पड़ोस में रहने वाला अरुण उर्फ़ नितिन रैदास किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़ित महिला आरोपी के घर पहुंच कर बेटी के बारे में पूछा तो मौजूद आरोपी के माता-पिता ने उत्तेजित होकर हाथ पैर तोड़ने की धमकी देते हुए भगा दिया। इतना ही नहीं इस दौरान यह भी कहा कि पहले भी तुम्हारी लड़की को मेरा लड़का भगा ले गया था, तब तुम कुछ नहीं कर पाए, अब फिर मेरा लड़का तुम्हारी लड़की को ले गया है जो करना है करो। साथ ही धमकी दी कि कहीं शिकायत की तो गांव में भी नहीं रहने देंगे। पीड़िता ने बेटी के हत्या की आशंका जाहिर करते हुए स्थानीय थाना पुलिस से शिकायत की है।

# भारत को जानों प्रतियोगिता में आरडी मार्डन के बच्चों ने मारी बाजी

**● 22 दिसम्बर को इटावा में प्रतिभाग करेगे मेधावीः डा. सुधीर दीक्षित**



मुख्य अतिथियों को सम्मानित करते पदाधिकारी व मौजूद बच्चे।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारत विकास परिषद पांचाल प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन नगर शाखा द्वारा स्थानीय राम जानकी मण्डपम में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विवेक कुलश्रेष्ठ और विशिष्ट अतिथि रमेश शुक्ल ने की। प्रतियोगिता में वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग में 08 विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने सहभागिता की। रविवार को आयोजित भारत को जानों प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आरडी मार्डन पब्लिक स्कूल के प्रिंस तिवारी, सूर्यांश यादव, द्वितीय स्थान ब्राइटेंड एजुकेशन एकेडमी जसवंत नगर के आदित्य चौधरी, साक्षी यादव, तृतीय स्थान हौली पॉइंट एकेडमी भरथना के सेंसर यादव, रुद्र प्रताप वहीं वरिष्ठ वर्ग मे प्रथम स्थान बीबीएस पब्लिक स्कूल औरैया, द्वितीय स्थान कन्हैया लाल सरस्वती विद्या मंदिर कन्नौज, तृतीय स्थान एसपीए पब्लिक स्कूल भरथना ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि विवेक कुलश्रेष्ठ, तहसीलदार अभिनव कुमार वर्मा और विशिष्ट अतिथि रमेश शुक्ल, नायव तहसीलदार रामप्रकाश ने बिजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। शाखा पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को पौधा और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व अतिथियों ने दीक्षित नेत्र चिकित्सालय में मरीजों को कम्बल व चश्मा आदि वितरित किये। डा. सुधीर दीक्षित, प्रांतीय मार्गदर्शक रमेश मेहरोत्रा व प्रांतीय सहसंयोजक ललित मोहन सिंह नें बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करनें बाले बच्चों को 22 दिसम्बर को इटावा में प्रतिभाग करनें जाना होगा जहां 42 जिलों के बच्चें भाग लेंगे। संजीव गुप्ता संजू, शाखा अध्यक्ष अतुल गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, शाखा वित्त सचिव अमित गुप्ता, अजीत मिश्रा, गगन मनीष, उमेश गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, एडवोकेट केके सक्सेना, अनुराग गुप्ता, राजेश गुप्ता, अजीत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सैदपुर स्पष्टीकरण के साथ 4 दिसंबर को तलब

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सैदपुर गाजीपुर को 4 दिसंबर को स्पष्टीकरण के साथ हाजिर होने का निर्देश दिया है और कहा है कि सफाई दें कि उनके 18 सितंबर 24 के आदेश को कोर्ट व अधिवक्ता स्पष्ट करने में असमर्थ क्यों है। अधिशासी अधिकारी ने यह कहते हुए याची को बकाया वेतन भुगतान करने से इंकार कर दिया कि हाईकोर्ट का आदेश सुप्रीम कोर्ट से स्थगित था.और अब नगर पंचायत की एसएलपी खारिज हो चुकी है। इसलिए बकाया वेतन नहीं दिया जा सकता। याचिका की अगली सुनवाई 4 दिसंबर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने मुन्ना लाल की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता उदेद उपाध्याय ने बहस की। इनका कहना है कि याची के पिता की सेवाकाल में मृत्यु हो गई तो याची को आश्रित कोटे में नियुक्ति दी गई। जिसे अधिशासी अधिकारी ने बाद में यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि याची के पिता नगर पंचायत के नियमित कर्मचारी नहीं थे। इसलिए नियुक्ति का अधिकार नहीं है। जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। हाईकोर्ट ने अधिशासी अधिकारी के आदेश को रद्द कर दिया। जिसे विशेष अपील में चुनौती दी गई।जो खारिज हो गई। आदेश का पालन न करने पर अवमानना याचिका दायर की गई तो 15 दिसंबर 18 को नई नियुक्ति दी गई। विशेष अपील के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। शुरू में स्थगनादेश पारित हुआ किन्तु बाद में एस एल पी भी खारिज हो गई।तो याची ने 17 मार्च 20 से 3 जनवरी 22 के बकाया वेतन की मांग की। जिसे प्रश्नगत आदेश से निरस्त कर दिया गया था।जिसे याचिका में चुनौती दी गई है।

## बांग्लादेश सरकार के विरोध मे जनाक्रोश रैली कल



गाजीपुर। बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओ व अल्पसंख्यको पर अत्याचार की घटनाओं को लेकर बांग्लादेश सरकार पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय आहवाहन पर जनपद में 3 दिसम्बर को हिन्दु जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया है। शनिवार को माधव सरस्वती विघालय प्रकाशनगर के बैठक मे काशी प्रान्त के संघ संचालक अंगराज जी ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं व अल्पसंख्यको पर इस्लामिक कट्टरपंथी की ओर से लुट हत्या आगजनी व महिलाओ के साथ किये जा रहे अत्याचार बेहद चिन्ताजनक है। मंदिर गिराया जानाए संत चिन्मय कृष्ण दास को जेल से रिहा करनेए हिन्दुओ के मनोबल को बढ़ाने और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाने के लिए जन आक्रोश रैली का आयोजन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा जायेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए सह विभाग प्रचारक दीपक ने बताया कि बांग्लादेश सरकार दबाव बनाने के उद्देश्य से गाजीपुर मे 3 दिसम्बर को जन आक्रोश रैली का आयोजन हिन्दु रक्षा समिति के तत्वाधान मे किया जा रहा है। हिन्दु रक्षा समिति मे सभी आनुषांगिक संगठन व संत समुदाय सहित अन्य संगठन के कार्यकर्ता माध्यम से 3 दिसम्बर को समय 11रू30 बजे दिन मे आमघाट पार्क मे प्रारंभ होकर कोतवालीए मिश्रबाजारए महुआबागए ओपियम फैक्ट्री होते हुए कचहरी सरयू पाण्डेय पार्क पहुंच कर सभा मे परिवर्तित होकर जिलाधिकार गाजीपुर को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग करेगी। बैठक के अंत मे विभाग प्रचारक अजीत ने कर्तव्य व दायित्वो का बोध कराया।

## लाखों श्रद्धालुओं ने किये भगवान कामतानाथ के दर्शन,लगाई डुबकी



चित्रकूट। श्रीराम की तपोस्थली धर्मनगरी चित्रकूट रविवार को अगहन माह की अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं से गुलजार रहा। भक्तों ने मां मंदाकिनी नदी में स्नान कर कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा कर भगवान कामतानाथ के दर्शन किये। रविवार को रामघाट पर सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा। स्नान-दान के साथ सत्यनारायण भगवान की पूजा व मां लक्ष्मी तथा भगवान विष्णु की आराधना की गई। कामतानाथ मंदिर के प्रधान पुजारी भरत शरण दास महाराज ने अगहन माह अमावस्या का धार्मिक व पौराणिक महत्व बताया। कहा कि जो दान-पुण्य व पितरों की शांति को विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आचार्य विराट महाराज ने कहा कि ये पवित्र स्थल सतयुग से त्रेता युग तक धर्म और इतिहास का अद्भुत संगम है। भगवान श्रीराम ने यहां अपने वनवास का बड़ा हिस्सा बिताया था। यहां हर अमावस्या पर लाखों श्रद्धालु आते हैं और मां मंदाकिनी में स्नान कर अपने पापों का नाश करते हैं। महाराज ने आगे बताया कि पंचकोसी परिक्रमा व कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा का विशेष महत्व है। श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति को भगवान कामतानाथ की पूजा करते हैं।

# देश में एड्स से जुड़ी मौतों में आई 79 प्रतिशत की गिरावट, नए मामले 44 फीसद घटे: स्वास्थ्य मंत्री

**इंदौर** (मध्यप्रदेश), एक दिसंबर (भाषा) केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को बताया कि देश में वर्ष 2010 के मुकाबले 2023 में एड्स के नए मामलों में 44 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई जबकि एचआईवी संक्रमण से जुड़ी मौतों में 79 प्रतिशत की कमी देखी गई।उन्होंने वर्ष 2030 तक एड्स के खात्मे के सतत विकास लक्ष्य के प्रति देश की तेज प्रगति का ब्यौरा देते हुए यह बात कही।नड्डा ने विश्व एड्स दिवस पर इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में सरकारी आंकड़ों के हवाले से बताया कि देश में फिलहाल करीब 17.30 लाख लोग एड्स से पीड़ित हैं।उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्ष 2030 तक एड्स को जड़ से मिटाने को लेकर संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत सरकार प्रतिबद्ध है।

नड्डा ने बताया कि इस लक्ष्य को पाने के लिए जांच और चिकित्सा के नवीन उपाय अपनाए जाएंगे तथा एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 2017 को पूरी तरह लागू किया जाएगा।



स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि भारत सरकार ने 2030 तक एड्स के खात्मे के लक्ष्य के मद्देनजर 95-95-95 का फॉर्मूला तय किया है यानी देश के 95 प्रतिशत मरीजों का पता होना चाहिए कि वे एचआईवी से संक्रमित हैं, 95 प्रतिशत मरीजों को इलाज मिलना चाहिए और एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी की दवाओं के जरिए 95 प्रतिशत मरीजों का वायरल लोड घटाया जाना चाहिए।

नड्डा ने बताया, मैं आपके साथ यह बात साझा करना चाहता हूं कि फिलहाल देश के 81 प्रतिशत मरीजों को पता है कि वे एचआईवी से संक्रमित हैं, 88 प्रतिशत मरीजों का इलाज किया जा रहा है और 97 प्रतिशत मरीजों का वायरल लोड घटाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 2010 के मुकाबले 2023 के दौरान भारत में एड्स के नए मामलों में 44 प्रतिशत की कमी आई है और देश की यह दर एचआईवी संक्रमण के मामले घटने की 39 फीसदी की वैश्विक दर से अधिक है।स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी बताया कि इस अवधि के दौरान देश में एड्स से जुड़ी मौतें 79 प्रतिशत घटी हैं।नड्डा ने बताया कि फिलहाल 0.70 प्रतिशत वैश्विक आबादी में एड्स का प्रसार है जबकि भारत में यह 0.20 फीसद के स्तर पर है।उन्होंने बताया कि एड्स के खिलाफ देश की लम्बी लड़ाई के बाद इस बीमारी के खिलाफ मजबूत चिकित्सा तंत्र विकसित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार मरीजों को एड्स की दवा मुफ्त में दे रही है और किसी मरीज के एचआईवी संक्रमित पाए जाते ही उसे दवा दिए जाने का प्रावधान किया गया है। नड्डा ने यह भी बताया कि भारतीय दवा कंपनियां अफ्रीका, दक्षिण अफ्रीका और लैटिन अमेरिका को एड्स की सबसे सस्ती और प्रभावी दवाओं की आपूर्ति कर रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने एड्स के खतरों के प्रति युवाओं को आगाह करते हुए कहा कि वे अपनी त्वचा पर टैटू (गोदना) बनवाते वक्त एहतियात बरतें। उन्होंने कहा, आज हमें पता चल रहा है कि लोग टैटू बनवाने के कारण भी एड्स से पीड़ित हो रहे हैं। मैं युवाओं को इस खतरे के प्रति जागरूक करना चाहता हूं। नड्डा ने विश्व एड्स दिवस पर लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और एड्स से पीड़ित लोगों के प्रति संवेदनशील रवैया अख्तियार करते हुए उनके मानवाधिकारों और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने की अपील की।उन्होंने कहा कि नियम-कानूनों के तहत यह भी सुनिश्चित किया जाए कि रोजगार और अन्य क्षेत्रों में एचआईवी संक्रमितों के साथ कोई भी भेदभाव न हो। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि 2030 के सतत विकास लक्ष्य से दो साल पहले यानी 2028 तक राज्य को एड्स से मुक्त करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जियो और जीने दो का सिद्धांत अपनाते हुए आयुष्मान भारत वय वंदन योजना को अमली जामा पहना रही है और दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रही है।

## केवल चुनिंदा व्यक्तियों को श्रेय देने के लिए इतिहास की पुस्तकों के साथ छेड़छाड़ की गई: धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि इतिहास की पुस्तकों में स्वतंत्रता संग्राम के कुछ नायकों के साथ अन्याय हुआ है, क्योंकि केवल चुनिंदा व्यक्तियों को श्रेय देने के लिए इतिहास के साथ छेड़छाड़ की गई। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ियों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए बिना किसी लाग-लपेट के ऐतिहासिक विवरण प्रस्तुत करना आवश्यक है। उप राष्ट्रपति ने किसानों के साथ बातचीत के माध्यम से समस्याओं के समाधान के लिए काम करने की भी अपील की। यहां राजा महेंद्र प्रताप के 138वीं जयंती समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि देश ऐतिहासिक भूमिका निभाने वाले लोगों को चाटुकार बता कर अपने इतिहास को समृद्ध नहीं कर सकता...हम अपने नायकों का कद कम करके नहीं दिखा सकते। उप राष्ट्रपति ने किसानों का संदर्भ देते हुए कहा, हमें यह याद रखना होगा कि हम अपने ही लोगों से नहीं लड़ रहे हैं।

## काशी और मथुरा में मंदिर-मस्जिद से जुड़े वादों की सुनवाई त्वरित अदालत में करने की मांग

**मथुरा।** (भाषा) मथुरा के वृन्दावन में एक हिन्दूवादी संगठन द्वारा आयोजित हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन में मथुरा व काशी (वाराणसी) में मंदिर-मस्जिद से जुड़े वादों की सुनवाई त्वरित सुनवाई अदालत में करने की मांग की गई। हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा शनिवार को आयोजित इस अधिवेशन में देशभर में हलाल प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर पूरी तरह पाबंदी लगाए जाने तथा बांग्लादेश में हिन्दुओं पर कथित रूप से हो रहे अत्याचारों एवं उत्पीड़न की कार्वाई के मामले में ठोस कार्वाई किए जाने की मांगें भी की गईं। इस अधिवेशन का आयोजन बालाजी धाम मंदिर परिसर में किया गया, जिसमें अनेक हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक डॉक्टर चारुदत्त पिंगले ने कहा, भारत की अखण्डता और सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने के लिए हिन्दू राष्ट्र की स्थापना अनिवार्य है। उन्होंने अमेरिकी शोध संस्था प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए चेताया कि साल 2050 तक भारत में मुस्लिम आबादी विश्व में सबसे अधिक होगी। उन्होंने साथ ही, मणिपुर और मिजोरम को अलग ईसाई राष्ट्र बनाने के प्रयासों और वक्फ कानून के माध्यम से लैण्ड जिहाद के कथित खतरे पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। कथावाचक अनुराग कृष्ण पाठक ने कहा, मथुरा व काशी के मंदिर विवादों की सुनवाई त्वरित सुनवाई अदालत में की जानी चाहिए। हिन्दू जनजागृति समिति ने काशी और मथुरा के मंदिरों के लिए त्वरित सुनवाई अदालत के गठन की मांग को लेकर एक ऑनलाइन हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। पावन चिंतन धारा आश्रम के पवन सिन्हा ने हलाल प्रमाणपत्रों को विनियमित करने संबंधी उत्तर प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए देशभर में अवैध हलाल प्रमाणपत्र जारी किए जाने पर प्रतिबंध लगाने की जरूरत पर जोर दिया। आचार्य महामण्डलेश्वर प्रणवानंद सरस्वती ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे आक्रमण पर चिंता व्यक्त करते हुए भारत सरकार से अपील की कि वह बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर वहां के हिन्दुओं के मानवाधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करे। कथावाचक पाठक ने बताया कि अधिवेशन में उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड और जम्मू से 54 हिन्दुत्ववादी संगठनों के 120 से अधिक प्रतिनिधियों, संतों, अधिवक्ताओं, विचारकों, मंदिर न्यासियों, संपादकों, उद्यमियों और आरटीआई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## एएसआई ने अदालत में जवाब दाखिल किया

### संभल जामा मस्जिद के सर्वे का मामला

**संभल।** (भाषा) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने यहां शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण की अनुमति देने वाली अदालत में अपना जवाब दाखिल कर दिया है, जिसमें एएसआई ने मुगलकालीन मस्जिद को संरक्षित विरासत संरचना बताते हुए उसका नियंत्रण व प्रबंधन सौंपने का अनुरोध किया है।एएसआई का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील विष्णु शर्मा ने रविवार को बताया कि शुक्रवार को एएसआई ने अपना जवाब दाखिल किया है, जिसमें कहा गया है कि स्थल का सर्वेक्षण करने में उसे मस्जिद की प्रबंधन समिति और स्थानीय निवासियों से प्रतिरोध का सामना करना पड़ा था।उन्होंने बताया कि जवाब में 19 जनवरी 2018 की एक घटना का भी जिक्र किया गया है जब मस्जिद की सीढ़ियों पर मनमाने तरीके से स्टील की रेलिंग लगाने के लिए मस्जिद की प्रबंधन समिति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।



शर्मा ने कहा कि साल 1920 से एएसआई के संरक्षित स्थल के रूप में अधिसूचित शाही जामा मस्जिद एएसआई के अधिकार क्षेत्र में है इसलिए एएसआई के नियमों का पालन करते हुए लोगों को मस्जिद में दाखिल होने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि एएसआई का तर्क है कि इमारत का नियंत्रण व प्रबंधन तथा किसी भी तरह का संरचनात्मक बदलाव का अधिकार एएसआई के पास ही रहना चाहिए। शर्मा ने बताया कि एएसआई ने यह चिंता भी जताई कि प्रबंध समिति द्वारा मस्जिद के ढांचे में अनधिकृत परिवर्तन गैरकानूनी है और इस पर रोक लगाई जानी चाहिए। आने वाले दिनों में अदालत द्वारा इस मामले पर विचार-विमर्श किए जाने की उम्मीद है। पिछली 24 नवंबर को संभल में स्थानीय अदालत के आदेश पर एडवोकेट कमिश्नर द्वारा शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किए जाने के दौरान हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें चार लोग मारे गए थे। सर्वेक्षण का आदेश एक याचिका पर सुनवाई के बाद दिया गया था, जिसमें दावा किया गया है कि मस्जिद स्थल पर कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था। हिंसा की जांच के लिए तीन सदस्ईय न्यायिक आयोग का गठन किया गया है और रविवार को उसके सदस्यों के संभल आने की संभावना है।

## आज की राजनीति तथ्यों को चुन-चुनकर पेश करने की है: जयशंकर ने टीपू सुल्तान पर कहा

**नई दिल्ली।** (भाषा) विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि इतिहास जटिल है और आज की राजनीति अपने हिसाब से तथ्यों को चुन-चुनकर पेश करने की है तथा टीपू सुल्तान के मामले में भी काफी हद तक ऐसा ही हुआ है। विदेश मंत्री ने दावा किया कि मैसूर के पूर्व शासक के बारे में पिछले कुछ वर्षों में एक विशेष विमर्श प्रचारित किया गया। जयशंकर ने यहां टीपू सुल्तान: द सागा ऑफ मैसूर इंटररेग्नम 1761-1799 पुस्तक के विमोचन के अवसर पर अपने संबोधन में कहा, कुछ बुनियादी सवाल हैं जिनका आज हम सभी को सामना करना पड़ रहा है कि हमारे अतीत को कितना छिपाया गया है, जटिल मुद्दों को कैसे नजरअंदाज किया गया है और कैसे तथ्यों को शासन की सुविधा के अनुसार ढाला गया है। यह पुस्तक इतिहासकार विक्रम संपत ने



लिखी है। विदेश मंत्री ने कहा, पिछले दशक में हमारी राजनीतिक व्यवस्था में आए बदलावों ने वैकल्पिक दृष्टिकोणों और संतुलित बातों के उद्भव को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा, हम अब वोट बैंक के बंधक नहीं हैं, न ही असहज करने वाले सत्य को सामने लाना राजनीतिक रूप से गलत है। ऐसे कई और विषय हैं जिन पर समान स्तर की निष्पक्षता की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा कि खुले विचारों वाली विद्वता और वास्तविक बहस बहुलवादी समाज और जीवंत लोकतंत्र के रूप में हमारे विकास के लिए अहम है। जयशंकर ने रेखांकित किया कि टीपू सुल्तान भारतीय इतिहास में एक जटिल शख्सियत हैं। उन्होंने कहा, एक ओर उनकी छवि एक ऐसे प्रमुख व्यक्ति की है जिन्होंने भारत पर ब्रिटिश औपनिवेशिक नियंत्रण थोपे जाने का विरोध किया। यह एक तथ्य है कि उनकी हार और मृत्यु को प्रायद्वीपीय भारत के भाग्य के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जा सकता है। साथ ही, आज भी कई क्षेत्रों में, मैसूर में, कूर्ग और मालाबार में कुछ लोग उनके प्रति तीव्र प्रतिकूल भावना रखते हैं। जयशंकर ने दावा किया कि निश्चित रूप से राष्ट्रीय स्तर पर समकालीन इतिहास लेखन मुख्य रूप से पहले पहलू पर ही केंद्रित रहा है, जबकि दूसरे पहलू को कम महत्व दिया गया।

# चक्रवात फेंगल कमजोर पड़ा

**पुडुचेरी,** चेन्नई। (भाषा) पुडुचेरी के पास शनिवार को पहुंचा चक्रवात फेंगल रविवार को कमजोर पड़ गया। हालांकि, इसके प्रभाव से केंद्र-शासित प्रदेश में होने वाली मूसलाधार बारिश की वजह से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और बाढ़ग्रस्त सड़कों पर फंसे लोगों को निकालने के लिए सेना को आगे आना पड़ा। बुजुर्गों ने कहा कि पुडुचेरी में पिछले तीन दशक में प्रकृति का ऐसा प्रकोप नहीं देखा गया था। पड़ोसी तमिलनाडु के विल्लुपुरम में भी बारिश और बाढ़ से भारी नुकसान हुआ। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने जिले में बारिश को अभूतपूर्व करार दिया। अधिकारियों ने बताया कि चेन्नई हवाई अड्डे पर परिचालन आधी रात के बाद फिर से शुरू हो गया, लेकिन शुरुआत में कई उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और कई विमानों ने देरी से उड़ान भरी। हालांकि, बाद में दिन में



परिचालन सामान्य हो गया। चक्रवात के मद्देनजर चेन्नई हवाई अड्डे पर सेवाएं शनिवार को निलंबित कर दी गई थीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से उपलब्ध कराई गई ताजा जानकारी के मुताबिक, चक्रवात फेंगल कमजोर पड़कर गहरे दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील हो गया है। आईएमडी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ‘‘उत्तर तटीय तमिलनाडु और पुडुचेरी के पास पहुंचा

### बारिश से पुडुचेरी, तमिलनाडु के विल्लुपुरम में आम जनजीवन प्रभावित

चक्रवाती तूफान फेंगल पिछले 12 घंटों के दौरान व्यावहारिक रूप से स्थिर रहा और अब यह कमजोर होकर एक गहरे दबाव वाले क्षेत्र में बदल गया है और एक दिसंबर 2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे पुडुचेरी के करीब, कुड्डालोर से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर में, विल्लुपुरम से 40 किलोमीटर पूर्व में और चेन्नई से 120 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में अक्षांश 12.0 डिग्री उत्तर और 79.8 डिग्री पूर्व देशांतर के पास उसी क्षेत्र पर केंद्रित था।’’ पोस्ट के मुताबिक, चक्रवात के अगले 12 घंटे के दौरान बहुत धीमी गति से पश्चिम की तरफ बढ़ने और उत्तरी तमिलनाडु में धीरे-धीरे कमजोर होकर दबाव में बदलने की संभावना है। पुडुचेरी में आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया, क्योंकि केंद्र-शासित प्रदेश में 46 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। यह 31 अक्टूबर 2004 के 21 सेंटीमीटर का रिकार्ड टूट गया। भारी बारिश के कारण बाहरी इलाके में सभी आवासीय क्षेत्र जलमग्न हो गए। चक्रवाती तूफान के प्रभाव से विभिन्न स्थानों पर पेड़ उखड़ गए। शनिवार को रात 11 बजे से अधिकांश मोहल्लों में बिजली आपूर्ति ठप है। भारतीय सेना ने फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए बाढ़ग्रस्त इलाकों में अपने सैनिकों और नौकाओं को तैनात किया। रक्षा विभाग की एक विज्ञप्ति के मुताबिक, पुडुचेरी में कृष्णा नगर सहित तीन जगहों से लगभग 200 लोगों को बचाया गया।

## डीआईओएस कार्यालय में छह को शिक्षक करेंगे तालाबंदी

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ आगामी छह दिसंबर को डीआईओएस कार्यालय में ताला बंदी करेंगे। आंदोलित शिक्षक अपनी समस्याओं का निदान नहीं होने तथा कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर छह दिसम्बर को डीआईओएस कार्यालय में ताला बंदी करेंगे। मालूम हो कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में एक सौ पचास से अधिक शिक्षकों का अवशेषए पदोन्नतिए चयन वेतनमान सहित अन्य जरूरी कार्य सुविधा शुल्क नहीं देने पर रोका गया है। शिक्षकों का आरोप है कि सुविधा शुल्क नीचे से लेकर ऊपर तक लिया जा रहा है। प्रांतीय मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय कहते हैं कि बीते 19 नवंबर को भ्रष्टाचार और अन्य समस्याओं को लेकर कार्यालय का घेराव किया गया था। मौके से सभी जिम्मेदार अधिकारी नदारद रहे। चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक पखवाड़े के अंदर समस्याओं और कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग रहा है तो मजबूरी में शिक्षकों को कार्यालय में ताला बंदी करनी होगी। इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन सहित विभागीय अधिकारियों की होगी।

## पेज 1 का शेष

### दिल्ली...

केजरीवाल कथित तौर पर 70 सीटों वाली विधानसभा में कम से कम 50 सीटों को बरकरार रखने के लिए जोर-शोर से काम कर रहे हैं।

### बांग्लादेश...

भावनामृत संघ (इस्कॉन) के दर्जनों सदस्यों को रविवार को बांग्लादेश की आव्रजन पुलिस ने बेनापोल सीमा पर वापस भेज दिया। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। डेली स्टार अखबार ने अपनी खबर में बेनापोल आव्रजन पुलिस के प्रभारी अधिकारी इम्तियाज अहसानुल कादिर भुइयां के हवाले से कहा, हमने पुलिस की विशेष शाखा से परामर्श किया और उच्च अधिकारियों से निर्देश मिले कि उन्हें (सीमा पार करने की) अनुमति न दी जाए। भुइयां ने बताया कि इस्कॉन के सदस्यों के पास कथित तौर पर वैध पासपोर्ट और वीजा थे, लेकिन उनके पास यात्रा के लिए आवश्यक विशिष्ट सरकारी अनुमति नहीं थी। उन्होंने कहा, वे ऐसी मंजूरी के बिना आगे नहीं बढ़ सकते। विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालुओं समेत 54 सदस्य शनिवार रात और रविवार सुबह जांच चौकी पर पहुंचे। हालांकि, अनुमति के लिए घंटों इंतजार करने के बाद उन्हें बताया गया कि उनकी यात्रा अधिकृत नहीं है।

### वक्फ...

(भाजपा) सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति ने पाया है कि 2005-06 में सच्चर समिति को दी गई रिपोर्ट में दिल्ली में 316, राजस्थान में 60 और कर्नाटक में 42 ऐसी संपत्तियों के बारे में बताया गया था। इनमें से 53 मध्य प्रदेश में, 60 उत्तर प्रदेश में और 53 ओडिशा में थे सूत्रों ने बताया कि समिति ने इन सभी छह राज्यों से अद्यतन जानकारी मांगी है। उन्होंने बताया कि समिति को कई अन्य राज्यों से भी जानकारी मिली है। एक सूत्र ने पत्र का हवाला देते हुए कहा, उपर्युक्त राज्यों के मुख्यमंत्री कृपया सच्चर समिति की रिपोर्ट में दी गई जानकारी की सत्यता की विस्तार से जांच करें और इस समिति को विस्तार से जानकारी दें। राज्य सरकारों से उन मामलों का विवरण साझा करने का भी आग्रह किया गया है, जहां उनकी एजेंसियां किसी संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे को लेकर वक्फ बोर्डों के साथ कानूनी विवाद में शामिल हैं, पैनल ने कहा कि सच्चर समिति ने कहा था कि उसकी सूची संपूर्ण नहीं है। यूपीए सरकार ने भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति का अध्ययन करने के लिए 2005 में सच्चर समिति का गठन किया था। इसने 2006 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें इन सभी संकेतकों पर मुसलमानों की खराब स्थिति को उजागर किया गया और कई उपायों की सिफारिश की गई। लोकसभा ने 28 नवंबर को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त समिति के कार्यकाल को अगले साल संसद के बजट सत्र के अंतिम दिन तक बढ़ाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। संसदीय पैनल की बैठकें राजनीतिक युद्ध का मैदान बन गई हैं, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी सदस्य सरकार द्वारा प्रस्तावित परिवर्तनों पर जोरदार बहस कर रहे हैं। विपक्षी सदस्य इसके कार्यकाल को बढ़ाने की मांग कर रहे थे, जो 29 नवंबर को समाप्त होने वाला था, और समिति ने सर्वसम्मति से अधिक समय मांगने का निर्णय लिया, जबकि पाल ने पहले कहा था कि वह मसौदा रिपोर्ट के साथ तैयार हैं। उन्होंने कहा है कि उन्होंने हर विपक्षी सदस्य के विचारों को ध्यान में रखा है, और पैनल की बैठकों की कार्यवाही को बाधित करने के उनके आरोपों को खारिज कर दिया है।

### एलजी...

में 1.5 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना से भरा पार्सल जब्त होने के बाद पुलिस ने गिरोह के सदस्यों का पीछा करना शुरू कर दिया, जिसकी कीमत 1 करोड़ रुपये थी। अधिक तलाशी के बाद ट्रांजिट में 2 करोड़ रुपये की अतिरिक्त जब्ती हुई। पुलिस ने कहा कि एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मास्टरमाइंड लोकेश ढींगरा उर्फ लोकी और उसके साथी विवेक और मनशेर सिंह शुरुआती बरामदगी के बाद भाग गए। विवेक को नवंबर 2023 में थाईलैंड से लौटने के बाद गिरफ्तार किया गया था। ढींगरा और सिंह को गुरुग्राम के एक फ्लैट में पकड़ा गया, जिसकी मालिक एक महिला थी, जिसे भगोड़ों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) सतीश कुमार ने कहा, उन्होंने कहा कि गिरोह ने पहचान से बचने के लिए नकली सिम कार्ड, गोपनीयता उपकरण और नकली आईडी का इस्तेमाल किया, नोएडा और गुरुग्राम में प्रतिबंधित सामान वितरित किया। उन्होंने कहा कि आदतन अपराधी ढींगरा को हिरासत में लिया गया है और जेल भेज दिया गया है। राष्ट्रीय नारकोटिक्स समन्वय पोर्टल (एनसीओआरडी) की नौवीं राज्य स्तरीय समिति की बैठक 20 नवंबर को दिल्ली सचिवालय में आयोजित की गई। इसके बाद 26 नवंबर को राज निवास में एलजी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई, जिसमें उन्होंने अंतर-विभागीय समन्वय, समय पर रिपोर्टिंग और तीन साल में दिल्ली को नशा मुक्त बनाने के निर्देशों का सख्ती से पालन करने पर जोर दिया। अभियान में, उन्होंने तय किया है कि वे 200 छात्रावासों, 200 स्कूलों, 50 कॉलेजों, 200 पान की दुकानों, 200 फार्मेसी दुकानों, 200 बार/पब/क्लब/रेस्तरां, सभी आश्रय गृहों, सभी रेलवे स्टेशनों, तीन आईएसबीटी और अन्य सार्वजनिक स्थानों सहित सर्वेक्षण, जागरूकता कार्यक्रमों और छापों के लिए लक्षित स्थानों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि नशीली दवाओं की तस्करी में संलिप्तता को रोकने के लिए ऑटो-रिक्शा, टैक्सी चालकों, कूरियर/पार्सल सेवाओं और ई-कॉमर्स कंपनी(यों) के आपूर्तिकर्ताओं की आकस्मिक जांच की जाएगी। पुलिस अपने परिसर में नशीली दवाओं से संबंधित घटनाओं को रोकने के लिए छात्रावास वार्डन, स्कूल प्रिंसिपल और विश्वविद्यालय प्रशासकों को भी शामिल करेगी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, एलजी ने ड्रग ट्रैफिकिंग से संबंधित जानकारी देने के लिए आम जनता को आकर्षक नकद पुरस्कार देने का भी निर्देश दिया, साथ ही उनका नाम गुप्त रखने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने जन जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रिंट/विजुअल मीडिया, सोशल मीडिया, रेडियो और डीटीसी बसों/सार्वजनिक परिवहन जैसे विभिन्न प्लेटफार्मों का लाभ उठाने पर जोर दिया। अभियान में, पुलिस यह सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए मशहूर हस्तियों, प्रभावशाली लोगों, गैर सरकारी संगठनों और सामुदायिक नेताओं के साथ भी सहयोग करेगी कि यह संदेश समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे। सभी विभागों को स्पष्ट रूप से परिभाषित जिम्मेदारियों के साथ उप सचिव या उससे ऊपर के पद का एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, सभी हितधारक 5 जनवरी, 2025 तक एक कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत करेंगे, जिसमें दिसंबर 2024 के अभियान के मात्रात्मक परिणामों का विवरण होगा।

### जीएसटी...

जीएसटी संग्रह नौ प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ दूसरा सबसे अच्छा जीएसटी संग्रह था। अब तक का सबसे अधिक संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए से अधिक था। समीक्षाधीन महीने के दौरान घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 9.4 प्रतिशत बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपए हो गया, जबकि आयात पर कर से राजस्व लगभग छह प्रतिशत बढ़कर 42,591 करोड़ रुपए हो गया। इस महीने के दौरान 19,259 करोड़ रुपए के रिफंड जारी किए गए, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 8.9 प्रतिशत कम है। रिफंड समायोजित करने के बाद, शुद्ध जीएसटी संग्रह 11 प्रतिशत बढ़कर 1.63 लाख करोड़ रुपए हो गया।

## नगालैंड का हॉर्नबिल महोत्सव शुरू, देश विदेश के पर्यटक पहुंचे

**कोहिमा (भाषा)।** नगालैंड में रविवार को शुरू हुए 10 दिवसीय हॉर्नबिल महोत्सव को देखने के लिए हजारों की संख्या में देश-विदेश के पर्यटक किसामा स्थित नगा हेरिटेज गांव में उमड़ पड़े। समारोह की भव्य शुरुआत टास्क फोर्स फॉर म्यूजिक एंड आर्ट्स (टीएएफएमए) के बैनर तले कलाकारों द्वारा नगा परंपरा और आधुनिकता के मिश्रण के साथ हुई। साथ ही साझेदार देशों जापान, वेल्स और पेरू के सांस्कृतिक प्रदर्शनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगालैंड के राज्यपाल ला गणेशन और मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने पारंपरिक नगा घंटा बजाकर और कोहिमा गांव के 85 वर्षीय प्रधान मेदु केरेत्सु द्वारा पारंपरिक आशीर्वाद प्रदान किए जाने तथा कोहिमा के बिशप डॉ. जेम्स थोपिल डीडी द्वारा प्रार्थना कर महोत्सव के 25वें संस्करण के शुरू होने की घोषणा की गई। पद्म भूषण, ग्रैमी और ऑस्कर पुरस्कार विजेता ए.आर. रहमान ने भी अपने लोकप्रिय गीत नादान परिंदे घर आजा की कुछ पंक्तियां गाकर समारोह में जोश भर दिया।

# हर दंपति को कम से कम तीन बच्चे पैदा करने चाहिए : भागवत

भाषा। नागपुर (महाराष्ट्र)



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने जनसंख्या वृद्धि में गिरावट पर चिंता जताते हुए रविवार को कहा कि भारत की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) मौजूदा 2.1 के बजाए कम से कम तीन होनी चाहिए। टीएफआर का तात्पर्य एक महिला द्वारा जन्म दिए जाने वाले बच्चों की औसत संख्या से है। नागपुर में कठाले कुलसम्मेलन में उन्होंने परिवारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला और आगाह किया कि जनसंख्या विज्ञान के अनुसार, यदि किसी समाज की कुल प्रजनन दर 2.1 से नीचे जाती है, तो यह विलुप्त होने के कगार पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा, जनसंख्या में कमी गंभीर चिंता का विषय है। जनसांख्यिकी अध्ययनों से पता चलता है कि जब किसी समाज की कुल प्रजनन दर 2.1 से नीचे जाती है, तो उसके विलुप्त होने का खतरा होता है। इस गिरावट के लिए जरूरी नहीं कि बाहरी खतरे हों, कोई समाज धीरे-धीरे अपने आप ही विलुप्त हो सकता है। भागवत ने कहा, इस मुद्दे के कारण कई भाषाएं और संस्कृतियां पहले ही विलुप्त हो चुकी हैं। इसलिए, प्रजनन दर को 2.1 से ऊपर बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुटुंब (परिवार) समाज का अभिन्न अंग है और हर परिवार की समाज के गठन में अहमियत है। आरएसएस प्रमुख ने कहा, हमारे देश की जनसंख्या नीति, जो 1998 या 2002 के आसपास तैयार की गई थी, कहती है कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे नहीं होनी चाहिए। यह कम से कम तीन होनी चाहिए। (जनसंख्या) विज्ञान ऐसा कहता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के 2021 में जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की टीएफआर 2.2 से घटकर 2 हो गई है, जबकि गर्भनिरोधक इस्तेमाल की दर 54 प्रतिशत से बढ़कर 67 प्रतिशत हो गई है। कुल प्रजनन दर 2.1 को प्रतिस्थापन दर माना जाता है, जो जनसंख्या वृद्धि में एक महत्वपूर्ण कारक है। भागवत की टिप्पणी पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले कहा था कि मुस्लिम महिलाएं अधिक बच्चे पैदा करती हैं।

## मणिपुर के नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध तीन दिसंबर तक बढ़ाया गया

भाषा। इंफाल

**मणिपुर** सरकार ने रविवार को राज्य के नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर रोक को दो दिन के लिए, बढ़ाकर तीन दिसंबर तक कर दिया। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, फेरजावल और जिरीबाम में इंटरनेट पर रोक को बढ़ा दिया गया है। आदेश में कहा गया, राज्य सरकार ने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति और इंटरनेट सेवाओं के सामान्य संचालन के साथ इसके संबंध की समीक्षा करने के बाद जनहित में मणिपुर के इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, फेरजावल और जिरीबाम में तीन दिसंबर की शाम 5.15 बजे तक वीसैट और वीपीएन सेवाओं सहित मोबाइल इंटरनेट एवं मोबाइल डेटा सेवाओं को निलंबित रखने का फैसला किया है। मणिपुर और असम में क्रमशः जिरी और बराक नदियों में तीन महिलाओं और तीन बच्चों के शव बरामद होने के बाद राज्य में हिंसा भड़कने के चलते 16 नवंबर से इंटरनेट सेवाएं अस्थाई रूप से निलंबित कर दी गई हैं। मणिपुर सरकार ने आम लोगों, स्वास्थ्य सुविधाओं, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य कार्यालयों को होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए 19 नवंबर को ब्रॉडबैंड सेवाओं पर निलंबन सशर्त हटा दिया था। मणिपुर में हिंसा तब बढ़ गई जब मेइती समुदाय की तीन महिलाएं और तीन बच्चे जिरीबाम जिले के एक राहत शिविर से लापता हो गए। यह घटना 11 नवंबर को सुरक्षा बलों और संदिग्ध कुकी-जो उग्रवादियों के बीच गोलीबारी में 10 उग्रवादियों के मारे जाने के बाद हुई। बाद में उन छह लोगों के शव बरामद किए गए। पिछले साल मई से इंफाल घाटी स्थित मेइती और आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों पर रहने वाले कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

## पश्चिम बंगाल ने अन्य राज्यों को आलू नहीं बेचने दिया तो मंगलवार से हड़तालः आलू व्यापारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आलू व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि अगर राज्य सरकार दूसरे राज्यों को आलू बेचने पर प्रतिबंध नहीं हटाती है तो वे मंगलवार को हड़ताल पर चले जाएंगे। पश्चिम बंगाल ने हाल ही में स्थानीय बाजारों में कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयास में पड़ोसी राज्यों को आलू बेचने पर प्रतिबंध फिर से लगा दिया है। स्थानीय बाजारों में आलू 35-40 रुपए प्रति किलोग्राम पर बिक रहा है।राज्य सरकार के फैसले के बाद, पुलिस ने राज्य से आलू के परिवहन को रोकने के लिए अंतर-राज्यीय सीमाओं पर निगरानी बढ़ा दी है। इसके कारण कई ट्रक सीमा पार से फंसे हुए है। प्रगतिशील आलू व्यापारी संघ के सचिव लालू मुखर्जी ने पीटीआई-भाषा से कहा, अगर सरकार प्रतिबंध नहीं हटाती है तो हम मंगलवार से हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा, ऐसे अचानक उठाए गए कदमों से व्यापार बाधित होता है और भारी नुकसान होता है, क्योंकि हम अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी करने में विफल रहते है। व्यापारियों और कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशनों ने स्थानीय बाजारों में कीमतों को नियंत्रित करने में विफल रहने के लिए राज्य सरकार को दोषी ठहराया और इसके लिए बिचौलियों की मुनाफाखोरी को जिम्मेदार ठहराया।एक व्यापारी ने सवाल किया, कोलकाता में आलू का थोक मूल्य 27 रुपए प्रति किलो होने के बावजूद खुदरा बिक्री 35-40 रुपए पर कैसे हो रही है? ओडिशा और झारखंड जैसे पड़ोसी राज्य आलू की आपूर्ति के लिए पश्चिम बंगाल पर बहुत अधिक निर्भर है। प्रतिबंध लगाए जाने के बाद, इन राज्यों में भी कीमतें बढ़ गई है।ओडिशा के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार आलू की आपूर्ति को लेकर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल मछली और अन्य वस्तुओं के लिए भी दूसरे राज्यों पर निर्भर है। अगर चाहे तो ओडिशा भी मालवाहक वाहनों को अपनी सीमा पर रोक सकता है। लेकिन हम ऐसा नही करने जा रहे है। उन्होने कहा, हमने राज्य मे उपभोक्ताओ को पर्याप्त मात्रा मे आलू उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। उत्तर प्रदेश से आलू की आवक शुरू हो गई है। इसके अलावा, पंजाब से भी आलू मंगाया जा सकता है।

## योगी की तरह भूमि जिहादियों को सबक सिखाए मुख्यमंत्री धामीः भाजपा विधायक टी राजा

**उत्तरकाशी।** तेलंगाना के गोशामहल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक टी राजा ने रविवार को यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उत्तर प्रदेश के उनके समकक्ष योगी आदित्यनाथ की तरह भूमि जिहादियों को सबक सिखाने को कहा।राजा ने यहां उत्तरकाशी में एक मस्जिद के खिलाफ रामलीला मैदान में हिंदूवादी संगठन देवभूमि विचार मंच की ओर से आयोजित महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि वह हैदराबाद से यहां मुख्यमंत्री धामी से कहने आए है कि वह योगी आदित्यनाथ से चाय पर चर्चा करें।उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में योगी जी जिस प्रकार से भूमि जिहादियो को सबक सिखाते है, आपको (धामी) भी उत्तराखंड में कुछ बुलडोजर खरीदने की आवश्यकता है। राजा ने धामी को प्रदेश के एक करोड़ हिंदुओं का समर्थन होने का दावा करते हुए कहा कि उन्हें उनकी भावनाएं समझनी चाहिए।उन्होंने कहा, वे (हिंदू) भूमि जिहाद मुक्त उत्तराखंड चाहते है। उत्तराखंड स्वर्ग है लेकिन उसे नर्क बनाने का जो षडयंत्र भूमि जिहादियो द्वारा किया जा रहा है, हमारे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को सावधान होकर उन सभी को सबक सिखाने की आवश्यकता है। राजा ने महापंचायत में मौजूद लोगों से कहा कि जो राजनीतिक दल उनसे वोट मांगने आएं, वे उन्हें यह अहसास करवा दें कि चुनाव जीतने के लिए उन्हें भूमि जिहादियों को वहां से खदेड़ना होगा।उन्होंने नौजवानों से कहा कि यह केवल उत्तरकाशी का नहीं बल्कि संपूर्ण उत्तराखंड का मुद्दा है और भूमि जिहाद व लव जिहाद से बचने के लिए सबको एक होने की जरूरत है।राजा ने कहा, यह बात आप यहां के एक करोड़ हिंदुओ के दिमाग में बैठा दो कि हम एक है और 25 लाख जो रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियो को जो मार के भगाएगा, हमारा आशीर्वाद उनको मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो अवैध तरीके से मस्जिदें बन रही हैं, उन्हें रोके जाने की जरूरत है।भाजपा विधायक ने कहा कि यह लड़ाई कानूनी तरीके से भी लड़ी जाएगी। कड़ी सुरक्षा में हुई महापंचायत में गंगोत्री से भाजपा विधायक सुरेश चौहान तथा हिंदूवादी नेता स्वामी दर्शन भारती भी शामिल हुए।चौहान ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार ने भूमि जिहाद और लव जिहाद पर कड़े कदम उठाए है और यह आगे भी जारी रहेंगे।उन्होने यह भी कहा कि उत्तरकाशी को धार्मिक नगरी बनाया जाएगा तथा यहां से मांस-मछली और शराब की दुकानें हटाई जाएंगी।

## गैर-प्रवासियों से विवाह करने वाली कश्मीरी पंडित युवतियों के प्रवासी दर्जे में कोई बदलाव नहीः अदालत

जम्मू। जम्मू कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने कहा है कि कश्मीरी पंडित युवतियों के गैर-प्रवासियो से विवाह करने पर उनके प्रवासी दर्जे में कोई बदलाव नही होगा। अदालत ने यह टिप्पणी पीएम रोजगार पैकेज के तहत चयनित दो महिलाओ के पक्ष में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) के आदेश को बरकरार रखते हुए की। सीमा कौल और विशालनी कौल ने 2018 में तब उच्च न्यायालय का रुख किया था, जब कश्मीरी प्रवासियो के लिए प्रधानमंत्री पैकेज के तहत आपदा प्रबंधन राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण विभाग में विधि सहायक के पद पर अनंतिम चयन पर रोक लगा दी गई थी कि गैर-प्रवासी व्यक्तियों से विवाह करने की वजह से उन्होंने अपना प्रवासी दर्जा खो दिया है। न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति मोहम्मद यूसुफ वानी की खंडपीठ ने पिछले महीने सात पृष्ठों के अपने आदेश में कहा, इस अदालत के समक्ष एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक प्रश्न यह उठता है कि क्या एक महिला को, जिसे उसके और उसके परिवार द्वारा झेली गई उस पीड़ा के कारण प्रवासी का दर्जा दिया गया है, जिसके कारण उन्हे कश्मीर घाटी में अपना घर-बार छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा..., के साथ भेदभाव किया जा सकता है और क्या वह केवल इस तथ्य के आधार पर उक्त दर्जा खो सकती है कि उसने एक गैर-प्रवासी से विवाह किया था? खंडपीठ ने कहा, ऐसा कहना मानवीय स्वभाव के खिलाफ होगा। यहां प्रतिवादी महिलाएं हैं और उन्हें बिना किसी गलती के कश्मीर घाटी में अपना मूल निवास स्थान छोड़ना पड़ा। उनसे यह उम्मीद नही की जा सकती कि वे कश्मीर घाटी मे प्रवासी के तौर पर नौकरी पाने के लिए अविवाहित रहेंगी। पीठ ने कहा कि यह मानना भी उचित है कि पलायन के कारण हर प्रवासी महिला ऐसी स्थिति में नही होगी कि उसे एक ऐसा जीवनसाथी मिले, जो स्वयं प्रवासी हो। अदालत ने कहा कि ऐसी स्थिति मे यह मान लेना कि युवती प्रवासी के रूप मे अपना दर्जा सिर्फ इसलिए खो देगी क्योंकि घर बसाने की स्वाभाविक इच्छा के कारण उसे मौजूदा परिस्थितियो के कारण गैर-प्रवासी से विवाह करना पड़ा, घोर भेदभावपूर्ण होगा और न्याय की अवधारणा के विरुद्ध होगा।

## भोपाल गैस त्रासदी : जन्मजात दिव्यांगता वाले बच्चों ने पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी

भोपाल। जन्मजात दिव्यांगता वाले 30 से अधिक बच्चो ने विश्व की सबसे भीषण औद्योगिक त्रासदी की 40वी बरसी के अवसर पर रविवार को भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सेरेब्रल पाल्सी , बौद्धिक विकास संबंधी विकार और अन्य दिव्यांगता से पीड़ित ए बच्चे अब बंद हो चुकी यूनियन कार्बाइड फैक्टरी के सामने एकत्र हुए, जहां दो और तीन दिसंबर, 1984 की दरम्यानी रात को घातक गैस रिसाव हुआ था। इस घटना मे 5,479 लोग मारे गए थे और पांच लाख से अधिक लोग बुरी तरह प्रभावित हुए थे। चिंगारी ट्रस्ट की मदद से आयोजित कार्यक्रम में मोमबत्तियां और तख्तियां थामे बच्चों ने न्याय की मांग करते हुए सवाल किया कि उनकी क्या गलती थी। चिंगारी ट्रस्ट की स्पीच थेरेपिस्ट नौशीन खान ने पीटीआई-भाषा को बताया, ए बच्चे स्वाभाविक रूप से दिव्यांग पैदा नही हुए है, बल्कि यूनियन कार्बाइड के जहर के कारण विकलांग हुए है। ए बच्चे दुनिया को बताना चाहते है कि सबक सीखना होगा ताकि ऐसी आपदा कभी न दोहराई जाए। मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि देने का उद्देश्य आघात और दर्द को याद दिलाना है।

## निःशुल्क शिविर में 690 दिव्यांगों का जीवन हुआ सार्थक

**नई दिल्ली।** नारायण सेवा संस्थान का नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर दयाल गेटवे होटलए किसान बाज़ार में आयोजित हुआ। शिविर में लखनऊ के 690 से ज्यादा दिव्यांगों को अपर.लोवर व मल्टीपल कृत्रिम अंग और केलिपर्स लगाए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने शिरकत की। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री ने कहा नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों को सशक्त ही नहीं कर रहा बल्कि उनके जीवन को सुगम और सार्थक बना रहा है। यह समाज के लिए बहुत बड़ा योगदान है। यह देश. दुनिया को सुखी और स्वस्थ बनाने के लिए विश्व एक परिवार के भाव को मजबूत करने वाला है। ऐसे ईश्वरीय कार्य को देख उन्होंने बलिया जनपद में शिविर की घोषणा की तथा संस्थान को हर तरह से मदद का भरोसा दिया। साथ ही संस्थान के संस्थापक कैलाश मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल के सेवा भावना और वर्षों की सेवा साधना की प्रशंसा की। वहीं शिविर की अध्यक्षता कर रही उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने दिव्यांगों को संबोधित करते हुए उन्होंने शिविर से लाभांवित होकर अपने पैरों पर चलते हुए नई जिंदगी शुरू करने वाले भाई बहिनों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने दिव्यांगों के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए दिव्यांगों के लिए लखनऊ में पुनरू भव्य शिविर करने का आग्रह करते हुए व्यक्तिगत योगदान देने का आश्वासन दिया। शिविर दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ। विशिष्ट अतिथि प्रतिभा श्रीवास्तव, ओमप्रकाश गुप्ता व मीरा देवी ने भी संस्थान के भव्य मानव यज्ञ के लिए आभार प्रकट कप्रारं अनुदान दिया। प्रारंभ में नारायण सेवा संस्थान के ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबीसा और निदेशक मीडिया व जनसंपर्क भगवान प्रसाद गौड़ ने मंचासीन अतिथियों का मेवाड़ी परम्परा से स्वागत किया। ट्रस्टी चौबीसा ने संस्थान की एक मुट्ठी आटे से अब तक की सेवाओं से रूबरू कराया। संस्थान का 2025 का संकल्प पत्र भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा दिव्यांगजनों को उनके घरों के पास ही मदद पहुँचाने के लिए 28 जुलाई को लखनऊ में कैंप लगाया था। जिसमें 1250 से ज्यादा रोगी आये उनमें से 690 दिव्यांगों को नारायण लिंब व केलिपर्स के लिए चयनित किया। जिन्हें आज आप सब के सामने नई जिंदगी का उपहार मिल रहा हैं। समारोह में कृत्रिम अंग पहनकर दिव्यांगों ने परेड की और फुटबॉल और बेडमिंटन भी खेला। इन दिव्यांगों को संस्थान डॉक्टर्स ने चलने की ट्रेनिंग देने के साथ लिम्ब के रखरखाव की जानकारी भी दी। संस्थान ट्रस्टी चौबीसा ने शिविर की रिपोर्ट बताते हुए कहा आज एक ही दिन में एक ही छत के नीचे 690 से ज्यादा दिव्यांग नारायण लिम्ब पहनकर घरों को विदा हुए।

## इस्कॉन ने हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना सभा आयोजित की

**कोलकाता।** इस्कॉन ने बांग्लादेश में हिंदुओ और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए रविवार को दुनिया भर के अपने विभिन्न केंद्रों में प्रार्थना सभाएं और कीर्तन आयोजित किए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के प्रवक्ता राधारमण दास ने कहा कि बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर अत्याचार ऐसी घटनाओं के 100 दिन बाद भी नही रुक रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस्कॉन के अनुयायियों ने दुनिया भर के 150 देशों में प्रार्थना सभाएं आयोजित कीं। दास ने कहा, हमने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना और कीर्तन का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि इस्कॉन के अनुयायियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए कोलकाता के अल्बर्ट रोड केंद्र में प्रार्थना और कीर्तन का आयोजन किया। प्रवक्ता ने कहा कि बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यक संयुक्त राष्ट्र जैसे विश्व निकायों से सहायता और समर्थन मांग रहे है। दास ने कहा कि इस्कॉन 150 देशों में मौजूद है, जिसके लगभग 850 मंदिर और दुनिया भर में 1,000 से अधिक केंद्र है।

## अयोध्या की यात्राए राम लला के दर्शन से प्रेरित हुए आंध्र प्रदेश के युवा

**प्रयागराज।** स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चरए विजयवाड़ा से 44 विद्यार्थियों के दल ने शनिवार को अयोध्या का दौरा कियाए ये विद्यार्थी एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत आदान.प्रदान कार्यक्रम युवा संगम के तहत इस यात्रा पर गए।विद्यार्थियों के इस दल की मेजबानी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थानए इलाहाबाद ने अपने झालवा परिसर में की। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दिव्य परिसर में आकर इस दल ने गौरवान्वित अनुभव किया।मंगलवार को झालवा परिसर में गर्मजोशी भरे स्वागत के बाद विद्यार्थी दल को आनंद भवनए इलाहाबाद संग्रहालय व चंद्रशेखर आज़ाद पार्क ले जाया गया। इसके बाद 28 नवंबर को वाराणसी की यात्रा हुई जहां विद्यार्थियों ने भारतीय विरासत की पहचान के तौर पर प्रसिद्ध सांस्कृतिक स्थलों के दर्शन किए जैसे सारनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिर। एनटीपीसी मेजा और संगम के दौरे तथा महा कुम्भ मेला अधिकारियों से बातचीत के साथ चौथे दिन का समापन हुआ। वापसी से पहले अंतिम दिन को अयोध्या की यात्रा के लिए तय रखा गया जिसमें 30 नवंबर को रामलला के दर्शन करना भी शामिल था। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला यह कार्यक्रम देश भर के विद्यार्थियों और युवा पेशेवरों को पांच व्यापक क्षेत्रों में अपना ज्ञान एवं अनुभव बढ़ाने की सुगमता देता हैः पर्यटनए परम्पराए प्रगतिए परस्पर सम्पर्क और प्रौद्योगिकी।

## ईडी ने धनशोधन मामले में राज कुंद्रा को पूछताछ के लिए बुलाया

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसाई राज कुंद्रा को अश्लील फिल्मो के कथित वितरण से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि कुंद्रा को मामले के जांच अधिकारी के समक्ष सोमवार को पेश होने के लिए कहा गया है, लेकिन अगर वह सोमवार को नही आ सकते तो सप्ताह में किसी और दिन पेश हो सकते है। सूत्रों ने बताया कि मामले में शामिल कुछ अन्य लोगो को भी इस सप्ताह के दौरान पेश होने के लिए कहा गया है, जिनमें उत्तर प्रदेश के कुशीनगर का एक कारोबारी भी शामिल है। केंद्रीय एजेंसी ने 29 नवंबर को कुंद्रा के मुंबई और उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों में स्थित अन्य व्यक्तियों के परिसरों पर छापे मारे थे।

## जब सोनिया को बर्लिन से फोन करने के बाद नजमा हेपतुल्ला को करना पड़ा था एक घंटा इंतजार : पुस्तक

### आत्मकथा इन परस्यूट ऑफ डेमोक्रेसीः बियॉन्ड पार्टी लाइन्स में खुलासा

भाषा। नई दिल्ली

**वर्ष 1999 में** अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) का अध्यक्ष चुने जाने के बाद, नजमा हेपतुल्ला ने बर्लिन से कांग्रेस की तत्कालीन अध्यक्ष सोनिया गांधी को यह समाचार देने के लिए फोन किया था, लेकिन एक कर्मचारी ने उनका कॉल यह कह कर एक घंटे तक होल्ड पर रखा कि मैडम व्यस्त हैं। गांधी के साथ कथित मतभेदों के बाद कांग्रेस छोड़कर 2004 में भाजपा में शामिल होने वाली राज्यसभा की पूर्व उप सभापति हेपतुल्ला ने हाल में आई अपनी आत्मकथा इन परस्यूट ऑफ डेमोक्रेसीः बियॉन्ड पार्टी लाइन्स में इस घटना का उल्लेख किया है। हेपतुल्ला ने कहा कि आईपीयू का अध्यक्ष बनना मेरे लिए एक ऐतिहासिक क्षण और बहुत ही सम्मान की बात थी, जो भारतीय संसद से वैश्विक संसदीय मंच तक पहुंचने की मेरी यात्रा का शिखर था। आत्मकथा में कहा गया है कि सबसे पहले उन्होंने बर्लिन से तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को फोन किया, जिन्होंने तुरंत उनसे बात की। हेपतुल्ला ने लिखा, जब उन्होंने यह समाचार सुना तो वह बहुत खुश हुए, एक तो इसलिए कि यह भारत के लिए सम्मान की बात थी और दूसरा इसलिए कि यह सम्मान एक भारतीय मुस्लिम महिला को मिला था। उन्होंने कहा कि आप वापस आइए, हम जश्न मनाएंगे। हेपतुल्ला ने लिखा कि हालांकि, जब उन्होंने कांग्रेस की तत्कालीन अध्यक्ष एवं अपनी नेता सोनिया गांधी को फोन किया तो उनके एक कर्मचारी ने कहा कि मैडम व्यस्त हैं। जब उन्होंने (हेपतुल्ला ने) कहा कि वह बर्लिन यानी विदेश से बात कर रही हैं तो कर्मचारी ने कहा, कृपया लाइन पर रहें। मैंने एक घंटे तक प्रतीक्षा की, लेकिन सोनिया (गांधी) ने मुझसे बात नहीं की। हेपतुल्ला ने कहा कि उन्हें बहुत निराशा हुई।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नई सोच की जरूरतः राहुल

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस के पूर्व** अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को भारत की जीडीपी वृद्धि दर के दो साल के निचले स्तर पर पहुंचने पर चिंता व्यक्त की और कहा कि जब तक मुट्ठीभर अरबपतियों को इसका लाभ मिलता रहेगा, तब तक देश की अर्थव्यवस्था प्रगति नहीं कर सकती। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था के लिए नई सोच की जरूरत है और व्यवसायों के लिए एक नया सौदा इसका अहम हिस्सा होना चाहिए। गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, सबको समान रूप से आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा, तभी हमारी अर्थव्यवस्था का पहिया आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर दो साल में सबसे निचले स्तर 5.4 फीसदी पर पहुंच गई है। कांग्रेस नेता ने कहा, बात साफ है – भारतीय अथव्यवस्था तब तक तरक्की नहीं कर सकती जब तक इसका लाभ केवल गिने-चुने अरबपतियों को मिल रहा हो और किसान, मजदूर, मध्यमवर्ग और गरीब तरह-तरह की आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हों। कुछ तथ्य साझा करते हुए गांधी ने कहा कि यह चिंताजनक स्थिति है क्योंकि खुदरा महंगाई दर बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.21 फीसदी पर पहुंच गई है। उन्होंने रेखांकित किया कि पिछले साल अक्टूबर की तुलना में इस वर्ष आलू और प्याज की कीमत लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गई है। विपक्ष के नेता ने कहा कि रुपया 84.50 के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है तथा बेरोजगारी पहले ही 45 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। गांधी ने कहा, पिछले पांच सालों में मज़दूरों, कर्मचारियों और छोटे व्यापारियों की आमदनी या तो ठहर गई है या काफी कम हो गई है। उन्होंने कहा, आमदनी कम होने से मांग में भी कमी आई है। बेची गई कारों में 10 लाख से कम कीमत वाली कारों की हिस्सेदारी घटकर 50 प्रतिशत से कम हो गई है, जो 2018-19 में 80 फीसदी थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, कुल घरों की बिक्री में किफायती घरों की हिस्सेदारी घटकर करीब 22 प्रतिशत रह गई है, जो पिछले साल 38 फीसदी थी। एफएमसीजी उत्पाद की मांग पहले से ही कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट कर का हिस्सा पिछले 10 सालों में सात फीसदी कम हुआ है, जबकि आयकर 11 प्रतिशत बढ़ा है। गांधी ने कहा कि नोटबंदी और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की मार से अर्थव्यवस्था में विनिर्माण का हिस्सा घटकर 50 वर्षों में सबसे कम सिर्फ 13 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने सवाल किया कि ऐसे में नई नौकरियों के अवसर कैसे बनेंगे? इसके अलावा उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नई सोच की आवश्यकता पर बल दिया।

## आरजी कर के पूर्व प्राचार्य घोष ने अस्पताल का ठेका दिलाने में दो गिरोहों की मदद कीः आरोपपत्र

भाषा। नई दिल्ली

**कोलकाता के** राजकीय आर.जी. कर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष ने कथित तौर पर अस्पताल के ठेके हासिल करने में दो गिरोहों की मदद की। पूरे प्रकरण की जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हाल में दाखिल आरोप पत्र में यह दावा किया है। सीबीआई मामलों की विशेष अदालत ने आरोपपत्र को रिकार्ड में ले लिया है, लेकिन अभी तक इस पर संज्ञान नहीं लिया है क्योंकि पश्चिम बंगाल सरकार ने घोष और अन्य आरोपियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं दी है।घोष ने 12 अगस्त को संस्थान परिसर में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के बाद प्राचार्य पद से इस्तीफा दे दिया था।सीबीआई ने आरोप पत्र में घोष, चिकित्सा महाविद्यालय के पूर्व हाउस स्टाफ आशीष कुमार पांडे, मां तारा ट्रेडर्स के व्यवसाई बिप्लब सिंह, हाजरा मेडिकल की सुमन हाजरा और ईशान कैफे के अफसर अली खान को नामजद किया है।सीबीआई प्रवक्ता ने बताया, यह मामला कोलकाता के आर.जी. कर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने आरोप लगाया है कि घोष और पांडे ने नियमों का उल्लंघन कर कई चिकित्सकों को हाउस स्टाफ के रूप में नियुक्त किया।केंद्रीय एजेंसी ने अलीपुर स्थित विशेष सीबीआई अदालत में दायर अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया कि घोष ने अस्पताल के कई ठेके हासिल करने में दो गिरोहों – एक सिंह और हाजरा द्वारा संचालित तथा दूसरा खान द्वारा संचालित – की मदद की।विशेष न्यायाधीश ने कहा, ध्यानपूर्वक अध्ययन करने पर पता चला कि सक्षम प्राधिकारी का मंजूरी आदेश अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। तदनुसार, बिना मंजूरी के संज्ञान नहीं लिया जा सकता।

## बांग्लादेश में गिरफ्तार हिंदू नेता की रिहाई की मांग को लेकर बंगाल में रैली निकाली गईं

**कोलकाता।**बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रविवार को पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में कई संगठनों ने रैलियां निकालीं और पड़ोसी देश में हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की मांग की। दिन में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक अग्निमित्रा पॉल ने अपने आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के बर्नपुर में आसनसोल इस्कॉन की ओर से आयोजित जुलूस में हिस्सा लिया। वहीं, शनिवार रात एक सनातनी हिंदू संगठन ने शहर के दक्षिणी हिस्से में यादवपुर इलाके के गांगुली बागान से 8बी बस स्टैंड तक एक रैली निकाली। उन्होंने कहा, अगर बांग्लादेश सरकार द्वारा गिरफ्तार हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास को तुरंत रिहा नहीं किया गया तो पूरे बंगाल में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन होंगे। कई देशों में ईसाई जैसे अल्पसंख्यक समुदायों के कथित उत्पीड़न के खिलाफ रैलियां हुईं और मानवाधिकार समूहों ने उनका मुद्दा उठाया। बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न को क्यों अनदेखा किया जाता है? हिंदू बड़ी संख्या में आगे आएंगे और विरोध प्रदर्शन होंगे। इस बीच, एक स्थानीय भाजपा नेता ने बताया कि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हमलों के खिलाफ पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रापोल में दो दिसंबर को भाजपा के प्रस्तावित प्रदर्शन की तैयारियां की जा रही हैं, जिसमें भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है।

# कांग्रेस लिखकर दे तो असम में गोमांस पर प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूंः हिमंत



भाषा। गुवाहाटी

**असम के मुख्यमंत्री** हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि अगर प्रदेश कांग्रेस प्रमुख भूपेन कुमार बोरा उन्हें पत्र लिखकर गोमांस पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करें तो वह ऐसा करने के लिए तैयार हैं। मुस्लिम बहुल सामगुड़ी विधानसभा सीट पर हुआ उपचुनाव जीतने के लिए भाजपा पर लगे गोमांस वितरित करने के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए शर्मा ने कहा कि उन्हें खुशी है कि कांग्रेस ने इस मामले को उठाया। इस सीट पर पहले लगातार पांच बार कांग्रेस को जीत मिली थी।शर्मा ने शनिवार को यहां भाजपा की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, सामगुड़ी सीट 25 साल तक कांग्रेस के पास रही। सामगुड़ी जैसे निर्वाचन क्षेत्र में 27,000 मतों के अंतर से हारना कांग्रेस के इतिहास की सबसे बड़ी शर्म की बात है। यह भाजपा की जीत से ज्यादा कांग्रेस की हार है। पिछले महीने हुए उपचुनाव में भाजपा के दिप्लू रंजन शर्मा ने कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन के बेटे तंजील को 24,501 मतों के अंतर से हराया था।सांसद की कथित टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, दुख के बीच रकीबुल हुसैन ने एक अच्छी बात कही कि गोमांस खाना गलत है, है न? उन्होंने कहा है कि मतदाताओं को गोमांस परोसकर कांग्रेस-भाजपा का चुनाव जीतना गलत है। शर्मा ने सवाल किया, मैं जानना चाहता हूं कि क्या कांग्रेस मतदाताओं को गोमांस की पेशकश करके सामगुड़ी जीत रही थी। वह सामगुड़ी को अच्छी तरह से जानते हैं। क्या इसका मतलब यह है कि गोमांस की पेशकश करके सामगुड़ी जीता जा सकता है? शर्मा ने कहा, मैं रकीबुल हुसैन से कहना चाहता हूं कि गोमांस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि उन्होंने खुद कहा है कि यह गलत है। उन्हें मुझे केवल लिखित में देने की जरूरत है कि न तो भाजपा और न ही कांग्रेस को गोमांस के बारे में बोलना चाहिए, बल्कि असम में इसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। अगर हम ऐसा करते हैं, तो सभी समस्याएं हल हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह हुसैन के बयान की पृष्ठभूमि में गोमांस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का रुख जानने के लिए उन्हें पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा, मैं भूपेन बोरा को पत्र लिखकर पूछूंगा कि क्या वह भी रकीबुल हुसैन की तरह गोमांस पर प्रतिबंध लगाने का समर्थन करते हैं, और अगर ऐसा है तो मुझे बता दें। मैं गोमांस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दूंगा। शर्मा ने कहा, मुझे खुशी है कि रकीबुल हुसैन ने यह बयान दिया है, क्योंकि कम से कम एक कदम तो उठाया गया है। अब दूसरा कदम भूपेन बोरा को उठाना चाहिए।

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए राजनयिक माध्यमों का उपयोग कर रही केंद्र सरकार

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार बांग्लादेश मे हिंदुओ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने राजनयिक माध्यमो का उपयोग कर रही है क्योंकि पड़ोसी देश मे उन्हे अत्याचार का सामना करना पड़ रहा है। शर्मा ने कहा कि हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करना बांग्लादेश सरकार की जिम्मेदारी है, जो पड़ोसी देश में धार्मिक अल्पसंख्यक है। उन्होंने कछार जिले मे एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओ से कहा, बांग्लादेश मे हो रही घटनाएं दुखद है। भारत सरकार पहले ही इस मामले मे प्रतिक्रिया दे चुकी है। वहां धार्मिक अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना बांग्लादेश सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न राजनयिक माध्यमो का उपयोग कर रहे है कि बांग्लादेश सरकार हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करे। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों की प्रार्थनाएं बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ हैं। उन्होंने कहा, हम सभी वहां हिंदुओं द्वारा सामना की जा रही असुरक्षा, उत्पीड़न और गिरफ्तारी को लेकर चिंतित है।

## गुजरात में एसयूवी से पुलिसकर्मी को घसीटने को लेकर दंपति गिरफ्तार

भाषा। अहमदाबाद

**गुजरात के अहमदाबाद में** वाहनों की जांच के दौरान अपनी एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) से एक पुलिसकर्मी को घसीटते हुए भागने की कोशिश करने को लेकर एक दंपति को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी के पैरों और हाथों में चोटें आई हैं। चांदखेड़ा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, शनिवार रात 11:15 बजे तलाशी अभियान के दौरान जब पुलिसकर्मियों ने रुकने का इशारा किया, तो एसयूवी चालक ने उन पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। उसे रोकने के लिए पुलिसकर्मी नितेश रामजी कार के बोनट से चिपक गया। एसयूवी ने उसे कुछ दूरी तक घसीटा, जिससे उसके हाथ और पैर में चोटें आईं। जब वह नीचे गिरा तो उसे ट्रक से कुचले जाने का खतरा था, लेकिन ट्रक चालक ने समय रहते ब्रेक लगा दिए। अधिकारी ने बताया, एक अन्य पुलिसकर्मी, जो एसयूवी चालक की ओर मौजूद आधी खुली खिड़की के ऊपरी हिस्से को पकड़े हुए था।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 2 दिसम्बर 2024



# गाजा में इजराइली हमले में दो बच्चों समेत छह की मौत

भाषा। दीर अल-बलाह



**गाजा पट्टी** पर शनिवार रात में किए गए इजराइली हमलों में दो बच्चों समेत कम से कम छह लोग मारे गए। चिकित्सा अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।नासीर अस्पताल के मुताबिक, मुवासी इलाके में हुए हमले में इन बच्चों की मां और उनके भाई-बहन घायल हो गए। अस्पताल में मौजूद एसोसिएटेड प्रेस के एक संवाददाता ने शवों को देखा। मुवासी इलाके में एक विशाल टेंट कैंप है, जिसमें हज़ारों विस्थापित लोग रहते हैं।अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार, मिस्र की सीमा के पास स्थित दक्षिणी शहर रफा में एक अलग हमले में चार लोग मारे गए। इजराइली सेना ने कहा कि उसे किसी भी स्थान पर हमलों की जानकारी नहीं है। इजराइल का कहना है कि वह सिर्फ चरमपंथियों को निशाना बनाता है और नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से बचने की कोशिश करता है, लेकिन गाजा में उसके दैनिक हमलों में अक्सर महिलाएं और बच्चे मारे जाते हैं।एक अलग घटनाक्रम में, यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा दागी गई एक मिसाइल की वजह से मध्य इजराइल में हवाई हमले के सायरन बज गए। इजराइली सेना ने कहा कि उसने मिसाइल को इजराइली क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही मार गिराया।पूर्व रक्षा मंत्री ने इजराइल पर युद्ध अपराध का आरोप लगाया है। इजराइल के एक पूर्व शीर्ष जनरल और पूर्व रक्षा मंत्री मोशे यालोन ने सरकार पर उत्तरी गाजा में जातीय सफाया करने का आरोप लगाया है, जहां इजराइली सेना अक्टूबर के शुरू से हमास के खिलाफ नवीनतम अभियान चला रही है। बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार में रक्षा मंत्री रहे मोशे यालोन ने 2016 में इस्तीफा दे दिया था। वह प्रधानमंत्री के कटू आलोचक हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल की वर्तमान अति दक्षिणपंथी सरकार गाजा पर कब्जा करने, विलय करने और जातीय सफाया करने के लिए दृढ़ है।

## संयुक्त राष्ट्र ने लूटपाट के चलते गाजा में मुख्य मार्ग से सहायता सामग्री की आपूर्ति रोकी

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसी ने रविवार को कहा कि वह युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में मुख्य मालवाहक मार्ग से सहायता सामग्री की आपूर्ति रोक रही है, क्योंकि हाल में काफिलों को लूटने वाले सशस्त्र गिरोहों का खतरा बढ़ गया है। एजेंसी ने कानून-व्यवस्था के बिगड़ने के लिए मुख्य रूप से इजराइल की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। इस निर्णय से गाजा में मानवीय संकट और भी बदतर हो सकता है, क्योंकि ठंड की शुरुआत हो चुकी है, जहां हजारों फलस्तीनी अस्थाई शिविरों में रह रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय खाद्य सहायता पर निर्भर हैं। गाजा में सहायता पहुंचाने वाली प्रमुख एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए के प्रमुख फिलिप लेजारिनी ने कहा कि केरेम शालोम क्रॉसिंग की ओर जाने वाला मार्ग गाजा की ओर से बहुत खतरनाक है। उन्होंने कहा कि नवंबर के मध्य में हथियारबंद लोगों ने इस मार्ग से गुजर रहे लगभग 100 ट्रकों को लूट लिया था। उन्होंने कहा कि गिरोहों ने शनिवार को भी एक खेप को लूट लिया। केरेम शालोम इजराइल और गाजा के बीच एकमात्र क्रॉसिंग है जो माल की ढुलाई के लिए बनाई गई है। मई में मिस्र के साथ लगी राफा सीमा बंद होने के बाद से यह सहायता पहुंचाने का मुख्य मार्ग रहा है। इजराइल सरकार के आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने गाजा में पहुंचाई जाने वाली लगभग दो-तिहाई सहायता केरेम शालोम के माध्यम से आई थी, तथा इससे पहले के महीनों में यह मात्रा और भी अधिक थी। लेजारिनी ने एक्स पर एक पोस्ट में गाजा में मानवीय कार्यों की विफलता के लिए मुख्य रूप से इजराइल को दोषी ठहराया। इजराइल की फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। चिकित्सा अधिकारियों के मुताबिक गाजा पट्टी पर शनिवार रात में किए गए इजराइली हमलों में दो बच्चों समेत कम से कम छह लोग मारे गए। नासिर अस्पताल के मुताबिक, मिस्र की सीमा के पास स्थित दक्षिणी शहर रफा में एक अलग हमले में चार लोग मारे गए।

## पाकिस्तान में आठ आतंकवादी मारे गए, दो सुरक्षाकर्मियों की भी हुई मौत

पेशावर। उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में आठ आतंकवादी मारे गए। साथ ही इन अभियानों में एक अधिकारी समेत दो सुरक्षाकर्मियों की भी मौत हुई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा की ओर से रविवार को जारी किए गए एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि बन्नू जिले के बाका खेल इलाके में खुफिया जानकारी के आधार शुक्रवार को चलाए गए एक अभियान में सुरक्षाकर्मियों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई थी जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए और नौ घायल हो गए। इसमें कहा गया कि इस अभियान में सुरक्षबलों ने भी अपनी जान गंवाई। बयान में कहा गया कि खैबर जिले के शघाई में शनिवार को किए गए एक अन्य अभियान में तीन आतंकवादी मारे गए और सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को भी गिरफ्तार किया। इसमें कहा गया कि इस मुठभेड़ के दौरान कैप्टन रैंक के एक अधिकारी की भी मौत हो गई। बयान में कहा गया कि ए आतंकवादी सुरक्षाबलों के साथ-साथ नागरिकों पर हमले करने में शामिल थे और लंबे समय से इनकी तलाश की जा रही थी। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने अभियान के दौरान अधिकारी और सैनिक के मारे जाने की घटना पर दुख

## नेपाल में स्थानीय निकाय उप चुनावों में 62 प्रतिशत मतदान हुआ

**काठमांडू।** नेपाल मे सभी 32 जिलो में विभिन्न पदों पर 41 प्रतिनिधियों को चुनने के लिए रविवार को हुए स्थानीय निकाय उप चुनावों में 62 प्रतिशत मतदान हुआ। नेपाल के निर्वाचन आयोग ने रविवार को बताया कि एक नगर पालिका प्रमुख, एक उप प्रमुख, ग्रामीण नगर पालिका के दो अध्यक्ष, चार उपाध्यक्ष और 33 वार्ड अध्यक्षों के लिए चुनाव हुए, जिसमें 102 निर्दलीय सहित 376 उम्मीदवार मैदान में थे। एक अधिकारी ने बताया कि कुछ स्थानीय निकायों में रविवार शाम को मतगणना शुरू हो गई। आयोग की प्रवक्ता नीता पोखरेल ने बताया कि सभी क्षेत्रों में मतदाताओं ने मतदान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और सभी 32 जिलों मे मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

## पाकिस्तान के पूर्व विदेश शाह महमूद ने राष्ट्रीय सुलह का आह्वान किया

लाहौर। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के उपनेता शाह महमूद कुरैशी ने अपनी पार्टी और सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच तनाव के बीच देश में राजनीतिक स्थिरता हासिल करने के लिए राष्ट्रीय सुलह और राष्ट्रीय आम सहमति की वकालत की है।डॉन अखबार में छपी खबर के मुताबिक दो बार विदेश मंत्री रह चुके कुरैशी ने अडियाला जेल में बंद पार्टी के संस्थापक इमरान खान से मुलाकात की अनुमति देने की भी मांग की ताकि वह राष्ट्रीय सुलह और राष्ट्रीय आम सहमति के प्रति अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत कर सकें।खान और कुरैशी दोनों फिलहाल जेल में बंद हैं। कुरैशी (68)को पिछले सल अगस्त में गोपनीयता अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था, क्योंकि उन्होंने अमेरिका में पाकिस्तानी दूतावास द्वारा विदेश मंत्रालय को भेजे गए आधिकारिक दस्तावेज की गोपनीयता भंग की थी। लाहौर में आतंकवाद विरोधी अदालत में शनिवार को पेश होने के बाद मीडिया से बात करते हुए कुरैशी ने उम्मीद जताई कि सभी दलों के राजनीतिक रूप से समझदार लोग राष्ट्रीय संवाद में भूमिका निभाएंगे, क्योंकि उनकी पार्टी पर प्रतिबंध से स्थिति और जटिल हो जाएगी।

## पुतिन ने रूस के रिकॉर्ड रक्षा खर्च को मंजूरी दी



**कीव।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बजट योजनाओं को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत 2025 तक रक्षा खर्च को रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ा दिया जाएगा। इस कदम को मॉस्को द्वारा युद्ध में यूक्रेन से बढ़त हासिल करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। रविवार को सरकारी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए बजट का लगभग 32.5 प्रतिशत राष्ट्रीय रक्षा के लिए आवंटित किया गया है, जो मौजूदा वर्ष के 28.3 प्रतिशत से अधिक है। रूसी संसद के दोनों सदनों - स्टेट ड्यूमा और फेडरेशन काउंसिल - के सांसदों ने बजट योजनाओं को मंजूरी दे दी है। रूस-यूक्रेन युद्ध फरवरी 2022 में शुरू हुआ था और यह जंग द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप का सबसे बड़ा संघर्ष है और दोनों पक्षों ने अपने संसाधन इसमें झोंक दिए हैं। कीव को अपने पश्चिमी सहयोगियों से अरबों डॉलर की मदद मिल रही है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल के काश पटेल को एफबीआई निदेशक पद के लिए नामित किया

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक पद के लिए अपने निकट सहयोगी एवं विश्वासपात्र काश पटेल को नामित किया। यह चयन ट्रंप के इस दृष्टिकोण के अनुरूप है कि सरकार की कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। साथ ही ट्रंप ने अपने विरोधियों के विरुद्ध प्रतिशोध की इच्छा जताई है। ऐसे में इस पद के लिए पटेल का चयन मायने रखता है। ट्रंप ने शनिवार रात सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, पटेल ने रूस के संबंध में फैलाए गए झूठ को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह सच्चाई, जवाबदेही एवं संविधान के समर्थक के रूप में खड़े रहे। ट्रंप ने अपने स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि कश्यप काश पटेल एफबीआई के अगले निदेशक के रूप में काम करेंगे। काश एक बेहतरीन वकील, जांचकर्ता और अमेरिका को प्राथमिका देने वाले योद्धा हैं, जिन्होंने अपने करियर के दौरान भ्रष्टाचार को उजागर किया और न्याय तथा अमेरिका के लोगों की रक्षा की। पटेल (44) ने 2017 में तत्कालीन ट्रंप प्रशासन के अंतिम कुछ हफ्तों में अमेरिका के कार्यवाहक रक्षा मंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में काम किया था। ट्रंप ने कहा, काश ने मेरे पहले कार्यकाल के दौरान शानदार काम किया। इस दौरान वह रक्षा मंत्रालय में चीफ ऑफ स्टाफ, राष्ट्रीय खुफिया उपनिदेशक और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में आतंकवाद रोधी विभाग के वरिष्ठ निदेशक रहे। काश ने अदालत में हुईं 60 से अधिक सुनवाइयों में प्रशासन की तरफ से पैरवी भी की। न्यूयॉर्क में जन्मे पटेल का नाता गुजरात से है। हालांकि उनकी मां पूर्वी अफ्रीका में तंजानिया से और पिता युगांडा से हैं। वह 1970 में कनाडा से अमेरिका आ गए थे। पटेल ने पूर्व में एक साक्षात्कार में पीटीआई से कहा था, हम गुजराती हैं। इस घोषणा का अर्थ है कि मौजूदा एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे को या तो इस्तीफा देना होगा या 20 जनवरी को ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया जाएगा।

## पाकिस्तान में सांप्रदायिक हिंसा : कुर्रम में झड़प जारी, मृतकों की संख्या 130 हुई

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सांप्रदायिक हिंसा में रविवार को कम से कम छह लोगों की मृत्यु होने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 130 हो गई। वहीं, अशांत कुर्म जिले में संघर्ष लगातार ग्यारहवें दिन भी जारी रहा। जिले में अलीजई और बागान जनजातियों के बीच संघर्ष 22 नवंबर को शुरू हुआ, जब पाराचिनार के पास यात्री वैन के काफिले पर हमला हुआ, जिसमें एक दिन पहले 47 लोग मारे गए थे। गंभीर रूप से घायल हुए कई यात्रियों ने बाद में दम तोड़ दिया, जिससे मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 57 हो गई। पुलिस ने कहा कि स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है तथा सुन्नी और शिया समूहों के बीच हाल ही में हुए संघर्ष विराम समझौते के बावजूद हिंसा जारी है। प्राप्त सूचना के मुताबिक, रविवार को छह और लोगों की मौतों के साथ मृतकों की संख्या 130 हो गई, जबकि आठ और लोगों के घायल होने की सूचना के बाद कुल घायलों की संख्या 186 हो गई। कुर्म क्षेत्र में भी संचार व्यवस्था ठप है, मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं तथा शैक्षणिक संस्थान बंद हैं।

## आंखों में संक्रमण से कैसे बचें- यदि हो जाए तो क्या करें

भाषा। शेफील्ड



सर एल्टन जॉन ने हाल में एबीसी के गुड मॉर्निंग अमेरिका पर खुलासा किया कि आंखों में संक्रमण के कारण उनकी दाहिनी आंख की रोशनी चली गई। जॉन ने कहा, उन्हें बाईं आंख से भी ठीक प्रकार से नहीं दिखाई दे रहा है। मैं चार महीने से नहीं देख पा रहा हूं। आश्वस्त करने वाली बात यह है कि सबसे आम नेत्र संक्रमण, जैसे कि कंजक्टिवाइटिस आमतौर पर दृष्टि को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं और बिना उपचार के ठीक हो जाते हैं। कंजक्टिवाइटिस एक सामान्य स्थिति है जिसमें आपकी आंख का सफेद भाग गुलाबी या लाल हो जाता है। कंजक्टिवाइटिस पीड़ित लोगों की आंखों में जलन होती है और पानी निकलता है। ठंडी, साफ पट्टी का इस्तेमाल करने और पलकों पर जमी पपड़ी को धीरे से पोंछने से आपकी आंखों को ठीक होने में मदद मिलती है। बैक्टीरियल कंजक्टिवाइटिस दूसरा सबसे आम रोग है। इसमें गाढ़ा पीला या हरा स्राव होने की आशंका अधिक होती है जो पलकों पर जम सकता है। यह आमतौर पर बिना इलाज के एक या दो सप्ताह में ठीक हो जाता है, लेकिन एंटीबायोटिक आई ड्रॉप्स से इससे जल्द ही ठीक होने में मदद मिलती है। यदि आपकी आंखें वर्ष के कुछ समय में गुलाबी और खुजली वाली रहती हैं, तो संभवत: यह एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस है। लगभग 40 प्रतिशत लोग किसी न किसी समय एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस से पीड़ित होते हैं। कंजक्टिवाइटिस के इन सभी रूपों के लिए धूप का चश्मा और कृत्रिम आंसू मददगार साबित हो सकते हैं। क्लैमाइडिया और गोनोरिया जैसे यौन संचारित रोगों से भी कंजक्टिवाइटिस हो सकता है लेकिन ए अधिक गंभीर होते हैं और इनमें यथाशीघ्र चिकित्सा की आवश्यकता होती है। बैक्टीरिया हाथ-आंख के संपर्क के माध्यम से जननांगों से आंखों तक फैल सकते हैं। एल्टन जॉन ने जिस तरह की दृष्टि हानि का वर्णन किया है, उससे होने वाली अधिक गंभीर नेत्र संबंधी स्थितियां दुर्लभ हैं। चिंता के मुख्य संक्रमण ऑर्बिटल सेल्युलाइटिस, एंडोफ्थालमिटिस और संक्रामक केराटाइटिस हैं। एंडोफ्थालमिटिस एक गंभीर संक्रमण है जो आंख के अंदर के तरल पदार्थ को प्रभावित करता है। यह आमतौर पर तब होता है जब कोई चीज आंख में प्रवेश कर जाती है इसलिए यह सर्जरी के बाद, आंख में इंजेक्शन लगाने के बाद, किसी दुर्घटना के बाद या गंभीर कॉर्नियल संक्रमण के बाद हो सकता है। यदि आपको आंख में इंजेक्शन, चोट या सर्जरी के बाद दर्द हो जो बढ़ता जा रहा हो, तो तुरंत चिकित्सा सहायता लें। केराटाइटिस तब होता है जब आंख की कॉर्निया या पुतली में सूजन आती है। आंखों में संक्रमण होने और फैलने से बचने के लिए हाथों की स्वच्छता बहुत जरूरी है। अपने हाथों को अच्छी तरह से और बार-बार धोएं और अपनी आंखों को छूने या रगड़ने से बचें। वायरल, फंगल और बैक्टीरियल संक्रमण अत्यधिक संक्रामक होते हैं इसलिए आंखों को साफ करने के लिए इस्तेमाल किए गए किसी भी वाइप्स को सावधानीपूर्वक नष्ट करें तथा आंखों को साफ करने या उनमें बूंदें डालने से पहले और बाद में अपने हाथ अवश्य धोएं। यदि आपको आंखों में संक्रमण है तो ठीक होने तक अपनी आंखों पर मेकअप लगाने से बचें। यदि आप कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं तो उन्हें साफ करने और उन्हें ज्यादा न पहनने के बारे में सावधान रहें।

## पिता बनने तक चार समस्याओं का सामना करते हैं पुरुष



### तनावपूर्ण हो सकता है, तो कुछ इस बदलाव के कारण खुद को अलग-थलग पाते है

भाषा। मैकगवर्न

**एक पुरुष के पिता** बनने से पहले उसके जीवन में कई तरह के बदलाव होते हैं। कई पुरुषों के लिए पिता बनना तनावपूर्ण हो सकता है, तो कुछ इस बदलाव के कारण खुद को अलग-थलग पाते हैं। फिर भी, पिताओं को अक्सर इस बदलाव का सामना करने में सहायता के लिए समर्थन एवं जानकारी तक पहुंच का अभाव रहता है। सही जानकारी होना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इसके बिना पिता बनने वाले पुरुषों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है, जिनमें बच्चे के जन्म के बाद होने वाला अवसाद शामिल है और यह समस्या ब्रिटेन के दस में से एक पिता को प्रभावित करती है। पिता बनने तक पुरुषों द्वारा अनुभव की जाने वाली समस्याओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए हमने उन पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर उपलब्ध साक्ष्य की वैश्विक समीक्षा की। हमने अपनी समीक्षा में 37 अलग-अलग अध्ययनों को शामिल किया।इन अध्ययनों में कई अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल किया गया, जिसमें गहन साक्षात्कार, फोन पर चर्चा और ऑनलाइन सर्वेक्षण शामिल हैं।कुछ पुरुषों को पिता बनने के बाद जीवन में होने वाले परिवर्तन के दौरान सकारात्मक पहलुओं का अनुभव हुआ और उनके मानसिक स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ा जबकि दूसरों के लिए यह बदलाव अधिक चुनौतीपूर्ण लगा।इन निष्कर्षों के आधार पर हमने चार ऐसी दिक्कतों को ढूंढ निकाला, जिन्हें पुरुषों ने पिता बनने पर अनुभव किया। पिता बनने तक पुरुषों द्वारा अनुभव की जाने वाली आम चुनौतियों को समझकर भविष्य में उन्हें सही सहायता और जानकारी प्रदान करना आसान हो सकता है।

**1. साथी के साथ रिश्ते में बदलाव** -कई पुरुषों को पिता बनने के बाद अपने साथी के साथ मधुर रिश्ते मे आए बदलाव और कभी-कभी उसके खत्म होने जैसी चुनौतियों से जूझना पड़ता है। पिता बनने के साथ नई जिम्मेदारियों के कारण पुरुषों के पास आराम और दूसरी चीजो के लिए बहुत कम समय बचता है। पुरुषों के जीवन में होने वाले इस परिवर्तन के चलते कुछ दंपतियों के बीच दरार आई, जिस वजह से पुरुषों की भावनात्मक स्थिति ख़राब हुई।पिता बनने के बाद कुछ पुरुषों ने यह भी बताया कि उन्हें मां और शिशु के बीच के रिश्ते के कारण खुद को अलग-थलग महसूस करना पड़ा। अध्ययन में शामिल एक प्रतिभागी ने यहां तक कहा कि उन्हें ऐसा महसूस हो रहा था कि मेरा बच्चा सिर्फ मेरी पत्नी का बच्चा है। एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि पिता बनने के बाद उसे ऐसा लगा कि उसकी अहमियत कम हो गई है।

**2. पिता की भूमिका को लेकर असमंजस** -पिता बनने के बाद कई पुरुषों में इस बात को लेकर असमंजस की स्थिति थी कि आखिर उनसे क्या अपेक्षा की जाती है। अध्ययन में शामिल कई पुरुषों ने बताया कि वे पिता बनने के बाद इस बात को लेकर आश्वस्त नही थे कि उन्हें घर के लिए कमाई करने वाले की भूमिका निभानी चाहिए या फिर बच्चे की देखभाल करने वाले पिता की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। ज्यादातर पुरुषों ने सोचा कि दोनों भूमिकाएं महत्वपूर्ण है लेकिन अपने परिवार का आर्थिक रूप से समर्थन करने और अपने बच्चे व साथी के साथ समय बिताने के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करना उन्हें बहुत तनावपूर्ण लगा। इस दौरान सांस्कृतिक पृष्ठभूमि ने भी भूमिका निभाई, जिसमें विभिन्न जातीय पृष्ठभूमि के कुछ पिताओं ने महसूस किया कि परिवार का आर्थिक रूप से समर्थन करना सबसे महत्वपूर्ण है और बच्चे की देखभाल करना मां की जिम्मेदारी है।

**3. भुलाए जाने और कमतर आंके जाने का अहसास**

पिता बनने वाले पुरुषों ने पत्नी के प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर परामर्श तथा चिकित्सकों से मुलाकात के दौरान खुद को अलग-थलग महसूस किया। एक पिता ने यहां तक बताया कि नर्स ने मेरे चारो ओर पर्दा डाल दिया था। कुछ पुरुषों ने स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों से अपमानजनक व्यवहार और उपहास का भी अनुभव किया। एक पिता ने बताया कि वह जिन स्वास्थ्य पेशेवरों के संपर्क में थे वे उनके साथ ऐसा व्यवहार करते थे मानो जैसे आप एक जरिया मात्र है और वे हंसते थे और कहते थे देखो, पिताजी परेशान हो रहे है।

**4. अकेले जूझना**

हमारी समीक्षा मे शामिल ज्यादातर अध्ययनो मे पिता बनने वाले पुरुषो की शारीरिक और भावनात्मक रूप से जांच की गई, लेकिन कई पुरुषो ने इस बदलाव के दौरान किसी भी भावनात्मक संघर्ष को स्वीकार नही करना चाहा। उनका मानना था कि एक पिता के रूप मे आपको कमजोर नही दिखना चाहिए। हमारा शोध दर्शाता है कि माता-पिता बनने के दौरान मां के साथ-साथ पिताओं के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना महत्वपूर्ण है। माता-पिता दोनो को भावनात्मक और मानसिक सहायता प्रदान करने से पिता और पूरे परिवार को बच्चे के लिए तैयार करने में सहायता मिलेगी।

## नेपाल के प्रधानमंत्री ओली सोमवार को चार दिवसीय यात्रा पर चीन आएंगे

**बीजिंग।** नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली सोमवार को चार दिवसीय यात्रा पर चीन आएंगे। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच बीआरआई परियोजनाओं को पुनर्जीवित करने की नई योजना पर चर्चा होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने शुक्रवार को यहां कहा कि ओली दो से पांच दिसंबर तक चीन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग उनसे मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ली क्विंग और अन्य अधिकारी ओली से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा, ओली ने नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में दो बार चीन का दौरा किया और चीन-नेपाल संबंधों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा, दोनों देशों के नेता हमारी पारंपरिक मित्रता को मजबूत करने, बेल्ट एंड रोड (बीआरआई) सहयोग का विस्तार करने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के साथ-साथ आपसी हित के अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का गहन आदान-प्रदान करेंगे। चीन समर्थक नेता माने जाने वाले ओली नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) और नेपाली कांग्रेस की गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं, जो चीन और भारत के साथ संतुलित संबंध चाहती है। ओली नेपाली प्रधानमंत्रियों द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद अपने पड़ोस में भारत को पहला गंतव्य बनाने की आम परंपरा को तोड़ रहे हैं जबकि मीडिया में ऐसी खबरें हैं कि उन्हें नई दिल्ली से निमंत्रण नहीं मिला है। नेपाली कांग्रेस की ओर से नेपाली विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने पदभार ग्रहण करने के बाद भारत का दौरा किया था और भारत के अपने समकक्ष एस जयशंकर के साथ व्यापक वार्ता की थी। नेपाल मीडिया की खबरों के अनुसार ओली की यात्रा का मुख्य उद्देश्य 2017 में दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) परियोजनाओं को पुनर्जीवित करना है। नेपाल दक्षिण एशिया में बीआरआई पर हस्ताक्षर करने वाले शुरुआती देशों में से एक था। नेपाल के दैनिक अखबार काठमांडू पोस्ट की खबर के अनुसार, महत्वपूर्ण बात यह है कि अभी तक बीआरआई के तहत एक भी परियोजना क्रियान्वित नहीं की गई है। बीआरआई एक व्यापक परियोजना है जो चीन को दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य एशिया, रूस और यूरोप से जोड़ती है। खबर के अनुसार ओली की यात्रा के दौरान जिन परियोजनाओं पर हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है उनमें कोशी कॉरिडोर का हिस्सा बनने वाली सड़क परियोजनाएं भी शामिल हैं, जिसका उद्देश्य नेपाल को तिब्बत के शिगात्से से जोड़ना है।

## अदालत ने प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार पीटीआई के 156 कार्यकर्ताओं को पुलिस रिमांड पर भेजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक आतंकवाद निरोधक अदालत ने यहां प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के 156 कार्यकर्ताओं की पुलिस रिमांड को मंजूरी दे दी है। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं को 24 नवंबर को डी-चौक पर धरना प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किया गया था और उनके खिलाफ सचिवालय पुलिस थाने में मामले दर्ज किए गए हैं। पार्टी के सदस्यों ने अवरोधकों को हटाकर इस्लामाबाद पहुंचने का प्रयास किया, जहां मध्य रात्रि को की गई कार्वाई में चार लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। खबर के अनुसार यहां आतंकवाद निरोधक अदालत ने गिरफ्तार किए गए 139 कार्यकर्ताओं की चार दिन की हिरासत को मंजूरी दे दी तथा 17 अन्य को चार दिन की अतिरिक्त हिरासत प्रदान की। आतंकवाद निरोधक अदालत के न्यायाधीश ताहिर अब्बास सुप्रा की अगुवाई में हुई सुनवाई के दौरान जांच अधिकारी ने संदिग्धों की हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया और आरोप लगाया कि पीटीआई कार्यकर्ताओं के पास से दंगा रोधी किट और लाठियां बरामद की गई थीं।खबर के अनुसार अदालत ने हालांकि दो महिला बंदियों के अनुरोध को खारिज कर दिया और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इसके अनुसार 24 नवंबर को गिरफ्तार की गई महिला कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि उन्हें भोजन या पानी उपलब्ध नहीं कराया गया। मध्यरात्रि को की गई कार्वाई में खान के समर्थकों को डी-चौक और राजधानी के आस-पास के मुख्य व्यापारिक जिले को खाली करना पड़ा, जिससे उनका विरोध समाप्त हो गया। उनकी पार्टी ने इस कार्वाई को फासीवादी सैन्य शासन के तहत नरसंहार बताया था।पुलिस सूत्रों ने बताया कि लगभग 450 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। पीटीआई ने दावा किया कि सुरक्षाकर्मियों के साथ हिंसक झड़पों में सैकड़ों लोग मारे गए।

## एचआईवी संक्रमण को रोक सकता है साल में दो बार दिए जाने वाला टीका

मैक्सिको सिटी। महिलाओं पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि साल में दो बार दिया जाने वाला एक टीका एचआईवी संक्रमण को रोकने में 100 फीसदी प्रभावी है तथा बुधवार को प्रकाशित परिणामों से पता चला कि पुरुषों में भी यह लगभग उतना ही कारगर है। इसे एड्स वायरस के विरुद्ध विश्व का अब तक का सबसे निकटतम टीका कहा गया है।दवा निर्माता कंपनी गिलियड ने कहा कि वह उच्च एचआईवी दर वाले 120 गरीब देशों में सस्ते, जेनेरिक संस्करण बेचने की अनुमति देगी - जिनमें अधिकतर अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया और कैरीबियाई देश हैं।मगर इसमें लगभग पूरे लातिन अमेरिका को शामिल नहीं किया गया है, जहां संक्रमण की दर बहुत कम हैं लेकिन यह तेजी से बढ़ रही है।यूएनएड्स (एचआईवी।एड्स पर संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम) की कार्यकारी निदेशक विनी बयानीमा ने कहा, यह टीका हमारे पास उपलब्ध किसी भी अन्य रोकथाम पद्धति से खासा बेहतर है। यह अभूतपूर्व है। उन्होंने दवा विकसित करने का श्रेय गिलियड को दिया, लेकिन कहा कि एड्स को रोकने की विश्व की क्षमता जोखिमग्रस्त देशों में इसके उपयोग पर निर्भर करती है। रविवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जारी एक रिपोर्ट में यूएनएड्स ने कहा कि पिछले वर्ष एड्स से मरने वालों की संख्या अनुमानित तौर पर 630,000 थी जो 2004 के बाद से सबसे कम थी। इससे पता चलता है कि विश्व अब एक ऐतिहासिक मोड़ पर है और इस महामारी को समाप्त करने का एक मौका है। लेनाकापाविर नामक दवा पहले से ही अमेरिका, कनाडा, यूरोप और अन्य जगहों पर एचआईवी संक्रमण के इलाज के लिए सनलेन्का ब्रांड नाम से बेची जा रही है। कंपनी एचआईवी की रोकथाम के लिए सनलेन्का के इस्तेमाल के लिए जल्द ही अनुमति लेने की योजना बना रही है।विशेषज्ञों का कहना है कि गिलियड के टीके की साल में दो बार दी जाने वाली खुराक विशेष रूप से हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए उपयोगी होंगी।

## बांग्लादेश की अदालत ने हसीना पर हमला मामले में खालिदा के बेटे समेत सभी आरोपियों को बरी किया

**ढाका।** बांग्लादेश में ढाका उच्च न्यायालय ने रविवार को निचली अदालत के फैसले को रद्द करते हुए 2004 में अवामी लीग की नेता शेख हसीना की रैली में हुए ग्रेनेड हमले के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान और पूर्व राज्य मंत्री लुत्फोज्जमां बाबर सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया। अटॉर्नी जनरल कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा, उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया और तारिक रहमान सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया। रहमान (57) बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष हैं। ढाका के बंगबंधु एवेन्यू में अवामी ीग की रैली पर ग्रेनेड हमले के बाद दो मामले - एक हत्या का और दूसरा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दर्ज किए गए थे। इस हमले में 24 लोग मारे गए और लगभग 300 लोग घायल हुए। न्यायमूर्ति ए.के.एम. असदुज्जमां और न्यायमूर्ति सैयद इनायत हुसैन की पीठ ने मामले के सभी 49 आरोपियों को बरी कर दिया और कहा कि मामलों में निचली अदालत का फैसला अवैध था। निचली अदालत ने इस मामले में आरोपी प्रतिबंधित हरकत-उल-जिहाद अल-इस्लामी (हूजी) आतंकवादी संगठन के शीर्ष नेता मुफ्ती अब्दुल हन्नान के कबूलनामे के आधार पर यह फैसला सुनाया था। हन्नान को एक अन्य मामले के सिलसिले में फांसी की सजा दी गई है। उच्च न्यायालय ने कहा कि इकबालिया बयान कोई ठोस साक्ष्य नहीं है क्योंकि इसे बलपूर्वक लिया गया था और संबंधित मजिस्ट्रेट द्वारा इसकी उचित जांच नहीं की गई थी।

# सिंधू व लक्ष्य बने एकल चैंपियन

## ● सैयद मोदी बैडमिंटन : त्रीसा-गायत्री की जोड़ी के नाम रहा महिला युगल खिताब





**लखनऊ।** लखनऊ की गुलाबी ठंड में सैयद मोदी बैडमिंटन का एकल का खिताब पीवी सिंधू व लक्ष्य सेना ने अपने नाम कर लिया। रविवार को छुट्टी के दिन उमड़े जनसमूह के बीच शीर्ष वरीय पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने सैयद मोदी इंटरनेशलन बैडमिंटन टूर्नामेंट में दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्विंद्वियों को क्रमश: महिला और पुरुष एकल खिताब के मुकबाले में मा दी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू (18वीं रैंकिंग) ने चीन की वू लुओ यू (119वीं रैंकिंग) को 21-14 21-16 से मात देकर तीसरी दफा इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया और लंबे समय से चले आ रहा खिताब का सूखा समाप्त किया। वह इससे पहले 2017 और 2022 में भी ट्रॉफी जीत चुकी हैं। पुरुष एकल फाइनल में 2021 विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए खिताबी भिड़ंत में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को 21-6, 21-7 से मात दी। पूर्व विश्व चैम्पियन 29 वर्ष की सिंधू ने दो साल बाद पोडियम पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्होंने आखिरी खिताब जुलाई 2022 में सिंगापुर ओपन में जीता था। इस साल वह मई में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 के फाइनल में भी पहुंची। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक के प्लेऑफ में मिली निराशाजनक हार के बाद लक्ष्य की जीत राहत देने वाली है। इस जीत से निश्चित रूप से नए सत्र से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।भारतीय बैडमिंटन को दिन में जश्न मनाने का एक और मौका मिला जब त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने बाओ ली जिंग और ली कियान की चीन की जोड़ी को महज 40 मिनट में 21-18, 21-11 में हराकर अपना पहला सुपर 300 खिताब जीता। राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता जोड़ी के लिए यह जीत ऐतिहासिक है क्योंकि त्रीसा और गायत्री इस टूर्नामेंट में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला युगल जोड़ी बन गईं। यह जोड़ी 2022 चरण में उपविजेता रही थी। भारत के पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक की पुरुष युगल जोड़ी तथा तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल टीम ने अपना अभियान उप विजेता के तौर पर समाप्त किया। पृथ्वी और साइ ने 71 मिनट तक चले पुरुष युगल फाइनल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन उन्हें चीन के हुआंग डि और लियू यांग से 14-21, 21-19, 17-21 से हार का मुंह देखना पड़ा। पांचवी वरीयता प्राप्त तनीषा और ध्रुव की जोड़ी एक गेम की बढ़त गंवाकर मिश्रित युगल के फाइनल में थाईलैंड के डेचापोल पुआवारानुक्रोह और सुपिसारा पाएवसम्प्रान की जोड़ी से 21-18 14-21 8-21 से पराजित हो गई। सिंधू पहले गेम में 8-5 से आगे थीं और वू की चुनौती के बावजूद 11-9 से दो अंकों की बढ़त हासिल करने में सफल रहीं। ब्रेक के बाद सिंधू ने 15-10 से बढ़त हासिल की। फिर रैलियों पर पकड़ बनाए रखी और आराम से पहला गेम जीत लिया। सिंधू दूसरे गेम में भी तेज शुरूआत करते हुए 3-0 से आगे हो ली, लेकिन वू ने जल्द ही स्कोर 10-10 से बराबर कर दिया। चीन की बाएं हाथ की खिलाड़ी ने सटीक ड्रॉप शॉट से सिंधू को परेशान किया और ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त हासिल कर ली।

### निश्चित रूप से अगले कुछ वर्षों तक खेलूंगी: सिंधू

लखनऊ। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को कहा कि वह निश्चित रूप से अगले कुछ वर्षों तक खेलती रहेंगी और उनके दिमाग मे 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक बना रहेगा। सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट जीतकर लंबे समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म करने के बाद राहत व्यक्त की और उम्मीद जताई कि यह परिणाम उनके शानदार करियर में एक और सफल दौर की शुरुआत करेगा। इस 29 साल पूर्व विश्व चैंपियन ने अपने करियर के अंतिम चरण में चोट से मुक्त रहने की जरूरत पर जोर दिया।

# जय शाह ने आईसीसी प्रमुख का पद संभाला

**भाषा।** दुबई



**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निवर्तमान सचिव जय शाह ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल लिया। शाह का तात्कालिक लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर उत्पन्न गतिरोध को समाप्त करने का होगा। इसके साथ उनके सामने क्रिकेट को व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य ओलंपिक खेल बनाने की चुनौती होगी। वह इस वैश्विक संस्था का नेतृत्व करने वाले पांचवें भारतीय हैं। छत्तीस साल के शाह पिछले पांच वर्षों से बीसीसीआई सचिव हैं। वह आईसीसी के निदेशक मंडल की सर्वसम्मत पसंद थे। शाह ने न्यूजीलैंड के वकील ग्रेग बार्कले का स्थान लिया, जो लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए पद पर बने रहने के इच्छुक नहीं थे।शाह से पहले व्यवसाई दिवंगत जगमोहन डालमिया, राजनेता शरद पवार, वकील शशांक मनोहर और उद्योगपति एन श्रीनिवासन विश्व क्रिकेट संस्था का नेतृत्व करने वाले भारतीयों में शामिल रहे हैं। भारत के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह का कार्यकाल चुनौतियों के साथ शुरू होगा क्योंकि आईसीसी को पाकिस्तान में निर्धारित चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल को लागू करने के लिए एक स्वीकार्य समाधान खोजने की जरूरत है।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए फिलहाल हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने का फैसला किया है, जिसके तहत भारत दुबई में अपने मैच खेलेगा। पीसीबी इस फैसले के बदले यह चाहता है कि 2031 तक उन सभी चार आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान को भी चैम्पियंस ट्रॉफी के शुरू होने में 100 से भी कम दिन बचे है और वैश्विक निकाय के प्रमुख के रूप में शाह को बिना किसी परेशानी के टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए स्वीकार्य समाधान के लिए पीसीबी और बीसीसीआई में अपने पूर्व सहयोगियों दोनों के साथ समन्वय बनाना होगा। भारतीय टीम ने सरकार से मंजूरी नहीं मिलने का हवाला देते हुए पहले ही पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया है। शाह ने चैंपियंस ट्रॉफी पर कोई टिप्पणी किए बिना अपनी प्राथमिकताओं का जिक्र किया जिसमें लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट के शामिल होने के बाद इसके वैश्विक प्रसार को बढ़ावा देना और महिलाओं के खेल में विकास को गति देना शामिल है। यह खेल के लिए एक रोमांचक समय है क्योंकि हम लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों की तैयारी कर रहे हैं और दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए क्रिकेट को अधिक समावेशी और आकर्षक बनाने के लिए काम कर रहे हैं। हम कई प्रारूपों के सह-अस्तित्व और महिलाओं के खेल के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता के साथ एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। क्रिकेट में वैश्विक स्तर पर अपार संभावनाएं हैं और मैं इन अवसरों को भुनाने और खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए आईसीसी टीम और सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### श्रीनिधि डेक्कन ने चर्चिल ब्रदर्स को 2-1 से हराया

हैदराबाद। श्रीनिधि डेक्कन ने रविवार को यहां 2024-25 आई लीग सत्र में चर्चिल ब्रदर्स को 2-1 से हराकर आई लीग सत्र की पहली जीत दर्ज की। हैदराबाद की टीम के लिए दो विदेशी खिलाड़ियों अफगानिस्तान के फेसल शाएस्तेह (23वें मिनट) और पनामा के एंजेल ओरलिएन (72वे मिनट) ने गोल दागे। वही चर्चिल ब्रदर्स के लिए एकमात्र गोल लामगोयूलेन हैगशिंग (90वें मिनट) ने किया।

### हार्दिक एचआईएल में यूपी रुद्रास का नेतृत्व करेंगे

**लखनऊ।** भारत के स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह को हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सत्र के लिए यूपी रुद्रास का कप्तान नियुक्त किया गया है। यदु स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली लखनऊफ्रेंचाइजी की टीम में प्रियोबर्त तालेम और गुरजोत सिंह जैसे युवा खिलाड़ियों के अलावा भारत और अंतरराष्ट्रीय हॉकी के कुछ दिग्गज खिलाड़ी जैसे ललित कुमार उपाध्याय, सिमरनजीत सिंह, लार्स बाल्क और केन रसेल शामिल है। . यदु स्पोर्ट्स के सह-संस्थापक माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा, यदु स्पोर्ट्स परिवार की ओर से मै हार्दिक को टीम का कप्तान घोषित किए जाने पर बधाई देना चाहता हूं। मुझे नीलामी में पॉल, थॉमस और सेड्रिक से मिलने का मौका मिला। हमने बहुत अच्छी टीम तैयार की है जिसमें कई नेतृत्वकर्ता है। हार्दिक ने अपनी नई भूमिका के बारे में कहा, महान ध्यानचंद जी के गृहनगर की टीम का प्रतिनिधित्व करना और उसकी कप्तानी करना वह सब कुछ है जो एक खिलाड़ी चाहता है। हमारी टीम शानदार है। हमारे पास हर विभाग मे अच्छे खिलाड़ी है।

### जोकोविच ने कोपा फाइनल से पहले समारोह में हिस्सा लिया

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और फुटबॉल के प्रशंसक नोवाक जोकोविच ने शनिवार को यहां मोनुमेंटल डी नुनेज़ स्टेडियम में कोपा लिबर्टाडोरेस के फाइनल से पहले समारोह में हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग में रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले जोकोविच ब्राजील की दो टीमों के बीच होने वाले फाइनल से पहले कोपा ट्रॉफी को लेकर मैदान पर गए।इस फाइनल मुकाबले में बोटाफोगो ने एटलेटिको माइनिरो को 3-1 से हराया। जोकोविच अमेरिकी ओपन के पूर्व चैंपियन और हाल में संन्यास की घोषणा करने वाले जुआन मार्टिन डेल पोत्रो के साथ प्रदर्शनी मैच खेलने के लिए अर्जेंटीना में है। जोकोविच फुटबॉल में अपने देश सर्बिया में रेड स्टार बेलग्रेड का समर्थन करते है। इसके अलावा वह दो विदेशी टीमों मैनचेस्टर यूनाइटेड और एसी मिलान के भी प्रशंसक है।

### बार्सिलोना की वर्तमान सत्र में घरेलू मैदान पर पहली हार

बार्सिलोना। बार्सिलोना का वर्तमान सत्र में घरेलू मैदान पर चल रहा विजय अभियान आखिरकार थम गया। उसे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के एक मैच में लास पालमास ने 2-1 से हरा दिया। लास पालमास के लिए सैंड्रो रामिरेज़ और फैबियो सिल्वा ने गोल किए जबकि बार्सिलोना की तरफ से एकमात्र गोल राफिन्हा ने किया। लास पालमास की पिछले 50 वर्षों से भी अधिक समय में बार्सिलोना में यह पहली जीत है। बार्सिलोना ने नए कोच हैंसी फ्लिक के नेतृत्व में पहले तीन महीनों में शानदार प्रदर्शन किया। इस बीच उसने अपने घरेलू मैदान पर ला लिगा में अपने चिर प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड और चैंपियंस लीग में बायर्न म्यूनिख को भी हराया था। लास पालमास से हार से पहले उसने अपने घरेलू मैदान पर सभी आठ मैच जीते थे। लास पालमास ने 1971-72 सत्र के बाद बार्सिलोना में अपनी पहली जीत हासिल की।

# फिटनेस के बाद गिल ने जड़ा पचासा

## ● ऑस्ट्रेलिया पीएम इलेवन से , मध्यक्रम में उतरे रोहित

● अभ्यास मैच

**भाषा।** कैनबरा



**शुभमन गिल ने** प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ वर्षा से प्रभावित गुलाबी गेंद के दिन-रात्रि अभ्यास मैच में अर्धशतक के साथ अपनी अंगूठे की चोट से जुड़ी चिंताओं को दूर किया जबकि कप्तान रोहित शर्मा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे।भारत ने यह मैच छह विकेट से जीता। यह देखना होगा कि रोहित एडीलेड में शुक्रवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में पारी का आगाज करने के लिए उतरते हैं या नहीं। प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ने के बाद दूसरे दिन मैच को 46 ओवर का कर दिया गया। प्रधानमंत्री एकादश ने भारत को 241 रन का लक्ष्य दिया जो टीम ने 42.5 ओवर में चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। टीम ने इसके बाद पूरे ओवर बल्लेबाजी की और 46 ओवर में पांच विकेट पर 257 रन बनाए। प्रधानमंत्री एकादश की ओर से ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में जगह बनाने के दावेदार सलामी बल्लेबाज सैम कोन्सटास ने 97 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 107 रन की पारी खेली। भारतीय टीम प्रबंधन ने रणनीति के तहत विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को मुकाबले के लिए नहीं उतारा और इन दोनों ने नेट पर एक दूसरे का सामना किया। पर्थ टेस्ट से बाहर रहने वाले रविचंद्रन अश्विन ने भी नेट पर कोहली को गेंदबाजी की। अश्विन ने 2020-21 में एडीलेड में भारत के गुलाबी गेंद के पिछले टेस्ट में चार विकेट चटकाए थे। रविंद्र जडेजा ने हालांकि अभ्यास मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों की। उन्होंने पांच ओवर में 32 रन पर एक विकेट चटकाने के अलावा 27 रन भी बनाए। रोहित ने पहले टेस्ट में पारी का आगाज करने वाले यशस्वी जायसवाल और लोकेश राहुल को ही सलामी जोड़ी के रूप में उतारा और खुद चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की। भारतीय कप्तान हालांकि सिर्फ 11 गेंद में तीन रन बनाने के बाद चार्ली एंडरसन (30 रन पर दो विकेट) की गेंद पर स्लिप में ओलिवर डेविस को कैच दे बैठे। भारत के लिए हालांकि सबसे सुखद खबर गिल की बल्लेबाजी रही। उन्होंने आते ही तेज गेंदबाज माहली बियर्डमैन पर स्क्वायर कट से चौका जड़कर संकेत दिया कि उनके बाएं हाथ का अंगूठा फ्रेक्चर के बाद ठीक हो गया है और वह एडीलेड में खेलने के लिए तैयार हैं। गिल तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के खिलाफ भी काफी सहज दिखे। उन्हें तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के खिलाफ किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। वह 62 गेंद में 50 रन बनाने के बाद रिटायर्ड हुए। जायसवाल (59 गेंद में 45 रन), नीतीश कुमार रेड्डी (32 गेंद में 42 रन) और वाशिंगटन सुंदर (36 गेंद में नाबाद 42) ने भी उम्दा पारियां खेली। विकेटकीपर बल्लेबाजी ऋषभ पंत भी बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे जिससे मनुका ओवल में मौजूद लगभग एक हजार भारतीय प्रशंसकों को निराशा हाथ लगी। इससे पहले पर्थ में टेस्ट पदार्पण के दौरान प्रभावित करने वाले तेज गेंदबाज हर्षित राणा (44 रन पर चार विकेट) ने एक बार फिर उम्दा गेंदबाजी की। अनुभवहीन राणा को शुरुआती तीन ओवर में लाइन और लेंथ को लेकर जूझना पड़ा लेकिन इसके बाद उन्होंने गुलाबी गेंद का अच्छे इस्तेमाल किया। राणा ने जैक क्लेटन (40) को बोल्ड करने के एक गेंद बाद ओली डेविस (00) के भी विकेट उखाड़े। उन्होंने इसके बाद बाउंसर पर कप्तान जैक एडवर्ड्स (01) और सैम हार्पर (00) को प्रसिद्ध कृष्णा के हाथों कैच कराया। आकाश दीप ने भी 58 रन देकर दो विकेट चटकाए लेकिन वह हर्षित के जितने घातक नजर नहीं आए।

## क्विक न्यूज

### फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2024 में शीतल देवी, अनमोल खर्ब, आयुष म्हात्रे चमके

नई दिल्ली। पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता शीतल देवी को फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2024 को साल का सर्वश्रेष्ठ पैरा खिलाड़ी जबकि घरेलू क्रिकेट में तेजी से उभरते आयुष म्हात्रे और युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब को साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। फिक्की मुख्यालय में शनिवार को यहां आयोजित समारोह में कई श्रेणियों में भारतीय खेलों में उत्कृष्टता का जश्न मनाया गया।भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएफएस) नामित किया गया जबकि रग्बी इंडिया को सर्वश्रेष्ठ विकासात्मक कार्य का एनएसएफ पुरस्कार मिला। खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने इस पुरस्कार को लेने के बाद कहा, यह पुरस्कार प्राचीन भारतीय खेल के विकास और प्रोत्साहन के लिए खो खो महासंघ द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की पहचान है। पूर्व भारतीय महिला बास्केटबॉल कप्तान रसप्रीत सिद्धू को खेलों में लंबे समय तक योगदान देने का व्यक्तिगत पुरस्कार मिला, जबकि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष डॉ. आदिल सुमारिवाला को लाइफटाइम अचीवमेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार मिला।तमिलनाडु को सर्वश्रेष्ठ खेल प्रोत्साहन राज्य चुना गया, जबकि बिहार ने उभरते हुए खेल प्रोत्साहन राज्य का पुरस्कार जीता। प्रो कबड्डी लीग में 10 वे सत्र के चैंपियन पुणेरी पल्टन को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खेल फ्रेंचाइजी नामित किया गया तथा इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट ने सर्वश्रेष्ठ हाई परफोरमेंस खेल केंद्र का पुरस्कार जीता।

### ब्रैथवेट ने लगातार सर्वाधिक टेस्ट खेलने का रिकॉर्ड तोड़ा

किंग्सटन। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में उतरकर कैरेबियाई टीम की तरफ से लगातार सर्वाधिक मैच खेलने का गारफील्ड सोबर्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया।ब्रैथवेट का यह लगातार 86वां टेस्ट मैच था। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान सोबर्स ने 1955 से लेकर 1972 तक लगातार 85 टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने 1974 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।अपना 96वां टेस्ट मैच खेल रहे ब्रैथवेट ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन 2014 के बाद से उन्होंने कोई टेस्ट नही छोड़ा है।लगातार सर्वाधिक टेस्ट मैच खेलने का विश्व रिकॉर्ड इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक के नाम पर दर्ज है। उन्होंने लगातार 159 टेस्ट मैच खेले थे। इस मामले में भारतीय रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम है जिन्होंने लगातार 106 टेस्ट मैच खेले थे।पहले टेस्ट मैच में 201 रन से करारी हार झेलने वाले बांग्लादेश की दूसरे टेस्ट मैच में अच्छी शुरुआत नही रही। उसने बारिश से प्रभावित पहले दिन के खेल में टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 69 रन बनाए है।खराब रोशनी के कारण जब दिन का खेल समाप्त किया गया तब शादमान इस्लाम 50 और शहादत हुसैन 12 रन पर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज की तरफ से दोनों विकेट तेज गेंदबाज केमार रोच ने लिए है।

### हॉकी इंडिया ने एशिया कप के लिए 20 सदस्ईय जूनियर महिला टीम की घोषणा की

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने सात से 15 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में होने वाले आगामी महिला जूनियर एशिया कप के लिए रविवार को यहां ज्योति सिंह की अगुवाई में 20 सदस्ईय भारतीय टीम की घोषणा की। पिछले साल दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर अपना पहला खिताब हासिल करने के बाद गत चैंपियन भारत बढ़ी हुई उम्मीदो के साथ इस टूर्नामेंट मे भाग लेगा। यह टूर्नामेंट एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफायर का काम करेगा। इस विश्व कप के लिए हालांकि मेजबान देश का चयन होना बाकी है। जूनियर महिला एशिया कप मे 10 टीमें को दो पूल मे विभाजित किया गया है। भारत को पूल ए मे चीन, मलेशिया, थाईलैड और बांग्लादेश के साथ रखा गया है, जबकि पूल बी मे दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग चीन और श्रीलंका शामिल है। साक्षी राणा को भारतीय टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। निधि और अदिति माहेश्वरी के रूप मे टीम मे दो गोलकीपर है जबकि रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी मनीषा, ज्योति सिंह, लालथंतलुंगी, पूजा साहू और ममता ओरम संभालेंगी। मिडफील्ड मे वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीलिता टोप्पो, इशिका, रजनी केरकेट्टा, साक्षी राणा और खैदेम शिलेमा चानू जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल है। अग्रिम पंक्ति मे शामिल दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग, कनिका सिवाच, मुमताज खान और लालरिनपुई पर टीम के लिए गोल करने की जिम्मेदारी होगी। बिनिमा धन और हिमांशी शरद गवांडे को रिजर्व खिलाड़ी के रूप मे नामित किया गया है।

### आईपीएल के बाद खुद को दूसरे नंबर की लीग के रूप में स्थापित कर रहा है एसए20: ग्रीम स्मिथ

**मुंबई।** एसए20 के आयुक्त ग्रीम स्मिथ का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका का यह घरेलू टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी टी20 प्रतियोगिता के रूप मे खुद को स्थापित कर रहा है।एसए20 का आयोजन पहले दो सत्र मे अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ ही किया गया था लेकिन इस बार यह लीग नए साल मे होने वाले टेस्ट मैच के तुरंत बाद आयोजित की जाएगी ताकि दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय टीम मे शामिल खिलाड़ी भी इसमे भाग ले सकें।प्रतियोगिता के तीसरे सत्र मे भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी भाग लेगे। वह इसमे खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे।स्मिथ ने एसए20 इंडिया डे पर पत्रकारों से कहा, यह कहना सही नही लगता कि आप दुनिया की दूसरे नंबर की लीग बनना चाहते है लेकिन सच्चाई यही है कि आईपीएल का कोई जवाब नही है। वह अविश्वसनीय टूर्नामेंट है जिसने क्रिकेट के परिदृश्य मे बदलाव मे अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, हम भाग्यशाली है कि हमने आईपीएल की छह फ्रेंचाइजी को अपनी तरफ आकर्षित किया। हमने एसए20 को आगे बढ़ाने के लिए बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के साथ मिलकर काम किया। हमे उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। कार्तिक इस टूर्नामेंट मे पार्ल रॉयल्स के लिए खेलेंगे।

### अबीर, एके , सृष्टि व सुशील बने एलजीसी गोल्फ के विजेता

लखनऊ। एलजीसी गोल्फ टूर्नामेंट में जूनियर वर्ग में अबीर सिंह, सीनियर वेटरन में एके राव, वेटरन में सुशील कुमार व महिला वर्ग में डा. सृष्टि धवन राठौड़ ने विजेता का खिताब जीता। 9 से 18 होल के इन मुकाबलों में सारे खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन पटिंग से अपने विरोधियों पर विजयी स्कोर प्राप्त किया। लखनऊ गोल्फ क्लब में खेले गए मुकाबलों की समाप्ति के बार जटिस्टस एआर मसूदी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर गोल्फ संघ चेयरमैन सुभाष चंद्रा व महासचिव आरएस नंदा मौजूद रहे। जूनियर वर्ग में अबीर ने वेदांत पर स्कोर किया। सीनियर वेटरन में एके राव ने टीपी खरे को पछाड़ा। वेटरन में सुशील कुमार आगे रहे तो उपविजेता में सुधीर कमपर व सुनील खन्ना बराबर रहे। महिला वर्ग में सृष्टि धवन ने बबली नंदा को अंडर स्कोर किया। उधर हैडीकेप के मुकाबलों में 15-18 होल में राजेश कुमार मिश्रा ने एएम शेख को पीछे किया। 10-14 के कैटगरी में स्वेदेश कुमार सिंह ने सुशांत मिश्रा को मात दी। 0 से 9 के कैटेगरी में सिद्धार्थ सागर ने इंद्रा केधवन को हराया।

# सैयद मुश्ताक अली: शमी की किफायती गेंदबाजी से बंगाल जीता

**भाषा।** राजकोट



**भारत के स्टार तेज** गेंदबाज मोहम्मद शमी की किफायती गेंदबाजी से बंगाल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में रविवार को यहां मेघालय के खिलाफ छह विकेट की आसान जीत दर्ज की। ग्रुप के अन्य मुकाबलों में नमन धीर (19 रन पर पांच विकेट) की तूफानी गेंदबाजी से पंजाब ने हैदराबाद के खिलाफ सात रन की आसान जीत दर्ज की जबकि झारखंड ने हरियाणा को एक विकेट से हराया। हरियाणा की ओर से सुमित कुमार ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि हर्षल पटेल (16 रन पर दो विकेट) और युजवेंद्र चहल (13 रन पर एक विकेट) ने भी उम्दा गेंदबाजी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए। शमी ने भारतीय टीम में वापसी का अपना दावा और मजबूत करते हुए चार ओवर में सिर्फ 16 रन दिए जिससे मेघालय की टीम छह विकेट पर 127 रन ही बना सकी। बंगाल ने इसके जवाब में सलामी बल्लेबाजों अभिषेक पोरेल (61) और करण लाल (42) के बीच पहले विकेट की 80 रन की साझेदारी से 49 गेंद शेष रहते चार विकेट पर 128 रन बनाकर जीत दर्ज की। मेघालय की ओर से एरियन संगमा (37) और लैरी संगमा (38) ने उपयोगी पारियां खेली। इंदौर में ग्रुप बी मैच में गुजरात ने अक्षर पटेल (19 रन पर दो विकेट) और रवि बिश्नोई (16 रन पर एक विकेट) की धारदार गेंदबाजी से सिक्किम को तीन ओवर शेष रहते छह विकेट से हराया। सिक्किम की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 101 रन ही बना सकी।

### आंध्र के खिलाफ मुंबई की तरफ से वापसी करेंगे सूर्यकुमार

नई दिल्ली। भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पारिवारिक समारोह में भाग लेने के लिए दो सप्ताह का ब्रेक लेने के बाद मुंबई की तरफ से तीन दिसंबर को आंध्र के खिलाफ होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मैच से वापसी करेंगे।जैसा कि पहले भी देखने को मिला है, सूर्यकुमार संभवत: इस मैच मे कप्तानी नही करेंगे और श्रेयस अय्यर ही कमान संभालेंगे।सूर्यकुमार की अगुवाई मे भारत ने हाल मे दक्षिण अफ्रीका को 3-1 से हराकर श्रृंखला जीती थी। वह आंध्र के खिलाफ होने वाले अगले मैच के लिए सोमवार को हैदराबाद मे मुंबई की टीम से जुड़ेगे।उन्होंने पारिवारिक समारोह मे भाग लेने के लिए मुंबई के शुरुआती मैचों मे नही खेल पाने के बारे मे मुंबई क्रिकेट संघ को पहले ही अवगत करा दिया था।सूर्यकुमार को अय्यर की कप्तानी मे खेलने मे कोई दिक्कत नही है। वह मुंबई की तरफ से प्रत्एक प्रारूप मे खेलना चाहते है। वह मुश्ताक अली ट्रॉफी के बाकी बचे मैचो के बाद 21 दिसंबर से शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी मे भी भाग लेंगे।

# आनंद के बाद 2800 ईएलओ रेटिंग हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बने एरिगेसी



**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी रविवार को गोल्ड स्तर की 2800 ईएलओ रेटिंग हासिल करने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय और दुनिया के 16वें खिलाड़ी बने। वह नवीनतम शतरंज विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। इस साल बेहतरीन फॉर्म में चल रहे 21 साल के एरिगेसी ने हाल में शतरंज ओलंपियाड में भारत के ऐतिहासिक प्रदर्शन के दौरान व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने के अलावा टीम को खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे ने एक्स पर लिखा, अर्जुन एरिगेसी क्लासिकल शतरंज रेटिंग में 2800 ईएलओ रेटिंग के आंकड़े को पार करने वाले इतिहास के 16वें खिलाड़ी बन गए हैं। फिडे ने कहा, अर्जुन एरिगेसी पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय हैं। दिसंबर 2024 की फिडे रेटिंग सूची में उनकी रेटिंग 2801 है और वह वर्तमान में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी हैं। इस 21 साल के खिलाड़ी ने इसी साल 45वें शतरंज ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम और व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता था। तेलंगाना के वारंगल में जन्में एरिगेसी ने 14 साल 11 महीने 13 दिन की उम्र में ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल किया था। सितंबर 2024 में वह भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी बने थे।विश्व रैंकिंग में अब एरिगेसी से आगे सिर्फ नॉर्वे के दिग्गज मैग्नस कार्लसन (2831), अमेरिका के फाबियानो करूआना (2805) और अमेरिका के ही हिकारू नाकामूरा (2802) हैं।सिंगापुर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप मुकाबले में चीन के डिंग लिरेन को चुनौती दे रहे भारत के 18 वर्षीय डी गुकेश 2783 रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर हैं। लिरेन (2728) 22वें पायदान पर हैं।

# गुकेश ने लिरेन को काले मोहरों से बराबरी पर रोका

## ● विश्व शतरंज चैंपियनशिप

**भाषा।** सिंगापुर




**भारतीय चैलेंजर डी** गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच रविवार को यहां खेली गई विश्व शतरंज चैंपियनशिप की छठी बाजी ड्रॉ रही। दोनों खिलाड़ियों के बीच लगातार तीसरा मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद स्कोर 3-3 से बराबर है। उन्हें चैम्पियनशिप जीतने के लिए और 4.5 अंक चाहिए। गुकेश ने 46 चालों के बाद लिरेन को ड्रॉ के लिए मजबूर किया। इस मैच का यह चौथ ड्रॉ मुकाबला था। 32 साल के लिरेन ने पहली बाजी अपने नाम की थी जबकि 18 वर्षीय गुकेश तीसरी बाजी को जीतने में सफल रहे थे। इससे पहले दूसरा, चौथा और पांचवां मुकाबला भी ड्रॉ पर छूटा था। चौदह चरण के मैच में अभी भी आठ गेम बचे हुए है और सोमवार को दूसरे विश्राम दिवस के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच मुकाबला फिर शुरू होगा। दुनिया के ज्यादातर खिलाड़ियों ने इस मैच के लिए लिरेन को कमतर आंका था लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि वह प्रत्एक बाजी के साथ आत्मविश्वास हासिल कर रहे हैं। लिरेन ने सफेद मोहरों के साथ एक बार फिर शानदार शुरुआत करते हुए शुरुआती सात मिनट के अंदर 20 चाल चल कर भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बना दिया। इस प्रक्रिया में हालांकि दोनों खिलाड़ियों को घोड़े (नाइट) और वजीर (बिशप) जैसे अहम मोहरों को गंवाना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों को इसके बाद रानी (क्वीन) और हाथी (रूक) के साथ प्यादे (पॉन) पर निर्भर रहना पड़ा। गुकेश ने मुकाबले के शुरुआती भाग में 50 मिनट से थोड़ा ज्यादा समय बिताया, जिससे लिरेन को मैच में पहली बार 45 मिनट की बढ़त मिली। गुकेश की 20वीं चाल ने लिरेन को लंबा समय लेने पर मजबूर किया। लिरेन ने इस दौरान अपना सारा अतिरिक्त समय खर्च किया। दोनों खिलाड़ी इसके बाद चालों को दोहराने लगे और मुकाबला बराबरी पर छूटा। मुकाबला जब ड्रॉ हुआ उस समय कंप्यूटर पर लिरेन बेहतर स्थिति में थे। इस मुकाबले के दौरान आधिकारिक कमेंट्री कर रहे इंग्लैंड के ग्रैंड मास्टर डेविड हॉवेल ने कहा, डिंग ने बड़ा मौका गंवा दिया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।